

■ संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे

- 12



■ भारत के स्वदेशी एआई मॉडल के लिए वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई

-12



■ गाजा युद्ध : मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण

- 13



■ कुलदीप अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल

- 14


आज का मौसम

31.0⁰ अधिकतम तापमान

20.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.07 | सूर्यास्त 05.42

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी 12:24 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 61, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## बीएसएफ की वायु शाखा की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं भावना

नई दिल्ली, एजेंसी



- 50 साल से अधिक पुराना इतिहास बदला, बीएसएफ डीजी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए

बीएसएफ की वायु शाखा को अपने 50 साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर मिली है। वायु शाखा में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर की नियुक्ति आंतरिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुई है।

इंस्पेक्टर भावना चौधरी व चार पुरुष अधीनस्थ अधिकारियों को हाल में बीएसएफ डीजी दलजीत चौधरी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए। सीमा सुरक्षा बल को 1969 से गृह मंत्रालय की विमानन इकाई का संचालन करने का दायित्व सौंपा गया है और यह सभी अर्द्धसैनिक बलों व एनएसजी व एनडीआरएफ जैसे विशेष बलों की अभियानगत आवश्यकता को पूरा करता है। अधिकारियों ने बताया कि पांच अधीनस्थ अधिकारियों को बीएसएफ वायु शाखा के प्रशिक्षकों द्वारा शुरू से ही प्रशिक्षित किया गया था और उन्होंने हाल में अपना दो महीने का प्रशिक्षण पूरा किया है। 130 घंटे तक प्रशिक्षण में उन्हें काम का वास्तविक अनुभव भी मिला क्योंकि बीएसएफ वायु शाखा की विभिन्न इकाइयों ने पंजाब व अन्य राज्यों में हाल में आई बाढ़ के दौरान भी परिचालन उड़ानें भरीं।

## स्मृति मंधाना ने बनाए एक साथ दो विश्व रिकॉर्ड



**1000** रन एक कैलेंडर वर्ष में पूरा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं | **5000** सबसे तेज रन बनाने वाली युवा बल्लेबाज बनीं भारतीय उपकप्तान

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वर्ल्ड कप मैच में एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन बनाने वाली इतिहास की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। साथ ही वनडे क्रिकेट में सबसे युवा और सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं।

मिताली राज के बाद 5000 रन की यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह दुनियां की पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बनीं। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की जिससे उन्होंने महिला क्रिकेट की स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया।

रविवार को मंधाना ने 66 गेंद में 80 रन (नौ चौके और तीन छक्के) बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी। इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। उन्होंने आठवें ओवर में 1,000 रन का आंकड़ा छुआ। सबसे कम पारियों में 5000 रन बनाने में उन्होंने कोहली और धवन को भी पीछे छोड़ दिया।

### पारी के आधार पर कोहली धवन से ऊपर निकलीं

- 112 पारियां – स्मृति मंधाना
- 114 पारियां –विराट कोहली
- 118 पारियां – शिखर धवन
- 126 पारियां – सौरव गांगुली

### ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा

मंधाना ने महिला वनडे में ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआत सकारात्मक तरीके से की और किम गार्थ के पहले ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर खाता खोला। लेकिन मोलिनू के ओवर में मंधाना ने पहली गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से चौका जड़ा, अगली गेंद को डिफेंड किया, फिर तीसरी गेंद पर लांग-ऑन के ऊपर से छक्का जड़ा और स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और चौका लगाकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली में मंदिर से 40 लाख रुपये मूल्य का सोने का कलश चोरी

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर इलाके में एक जैन मंदिर के शिखर से लगभग 40 लाख रुपये मूल्य का सोने की परत चढ़ा कलश कथित तौर पर चोरी हो गया है। पुलिस ने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना रिकॉर्ड हो गई और चोरी के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। एक वीडियो क्लिप में एक व्यक्ति को कथित तौर पर सोने की परत वाले कलश को चोरी करने के बाद मंदिर परिसर के एक खंभे से नीचे उतरते हुए देखा जा सकता है, जबकि एक अन्य वीडियो में उसे अंधेरे में कलश ले जाते हुए दिखाया गया है।

### सिंगापुर पुलिस ने जुबीन मौत मामले में महत्वपूर्ण जानकारी मांगी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि सिंगापुर पुलिस ने गायक जुबीन गर्ग की मौत के सिलसिले में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी मांगी है। शर्मा ने यहां एक समारोह से इतर पत्रकारों से कहा कि असम सरकार ने पहले ही आवश्यक जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है। उन्होंने कहा, हमने परिवार से जानकारी एकत्र कर सिंगापुर के अधिकारियों को भेज दी है। वे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने हालांकि स्पष्ट नहीं किया कि सिंगापुर ने गर्ग के परिवार से क्या जानकारी मांगी है।

## रन फॉर यूनिटी से एकता और अखंडता की अलख : योगी

### सीएम बोले- 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक चलेगा 'सरदार @150 यूनिटी मार्च'

- लोकसभा क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा, अभियान से जुड़ेंगे खिलाड़ी-कलाकार व युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' का एलान किया है। बताया कि रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रदेशभर में एकता और अखंडता के प्रतीक इस अभियान को चलाया जाएगा। सभी क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा होगी और अभियान से खिलाड़ी, कलाकार व युवा जुड़ेंगे।

आवास पर रविवार को प्रेस ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन होगा। इसके साथ ही 31 अक्टूबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' चलेगा। इसमें यूपी के खिलाड़ी, कलाकार और युवा भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से चुने गए पांच-पांच युवा गुजरात की धरती पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। ये दल चार प्रमुख पड़ावों से गुजरते हुए सरदार साहब की जन्मभूमि तक पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, भारत की एकता के शिल्पी थे। जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, उनके आदर्श हमें नई दिशा देते हैं। कहा कि प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, योग शिविर और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान जैसे कार्यक्रम होंगे। युवाओं को 'नशामुक्त भारत' की शपथ भी दिलाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल स्मरण भर नहीं, बल्कि अखंड भारत से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने की पहल है। यात्रा के दौरान विशेष स्वच्छता अभियान भी चलेगा और स्थानीय संगठनों द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। माई भारत, एनसीसी, एनएसएस समेत विभिन्न युवा संगठन अभियान को सफल बनाने में भागीदार होंगे। मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को भी इस यात्रा में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी जाएगी।




सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### पटेल के आगे नहीं चली नवाब व निजाम की मनमानी

योगी ने कहा कि जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम की मनमानी उस समय सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय के आगे टिक नहीं सकी। लौहपुरुष की दूरदर्शिता से ही आज का अखंड भारत संभव हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से सरदार पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष देशभर में 'सरदार @150 यूनिटी मार्च' आयोजित होगा।

### राजग दलों में सहमति के बाद सीटों का एलान

## बिहार में भाजपा और जदयू 101-101 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली/पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटों का एलान आधिकारिक रूप से रविवार शाम को कर दिया गया। राजग दलों के बीच हुए समझौते के तहत भाजपा 101, जनता दल (यूनाइटेड) जेडीयू- 101 लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) एलजेपी (आर) - 29, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (आरएलमो) - 06 और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम) - 06 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगी। यह जानकारी बिहार चुनाव के भाजपा प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में दी।

बिहार के उपमुख्ममंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने भी सीट बंटवारे की जानकारी एक्स पर दी थी। धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हम राजग के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इस सीट बंटवारे हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। प्रधान ने अपने पोस्ट में लिखा बिहार है तैयार, फिर से राजग सरकार। गौरतलब है कि बिहार सीट बंटवारे को लेकर राजग के सभी दलों के बीच पिछले कई दिनों में कई दौर की बैठक दिल्ली और बिहार में हुई थी। लेकिन रविवार शाम को राजग दलों में आपसी सहमति के बाद सीटों की सूची जारी कर दी गई। इससे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार शाम में राष्ट्रीय चुनाव समिति एवं संसदीय बोर्ड की बैठक बुलाई थी। वहीं, लोजपा ने एक्स हैंडल लोजपा(आर) से सीट बंटवारे की आधिकारिक जानकारी देते हुए लिखा कि राजग है तैयार, जीतने को बिहार।

वहीं रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने अपने एक्स हैंडल सीट बंटवारे को शेयर करते हुए लिखा कि राजग साथियों ने मिल-बैठकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूरा किया। हम पार्टी के प्रमुख जीतनराम मांझी ने सीट बंटवारे की आधिकारिक घोषणा से पहले ही एक्स पर एक पोस्ट में यह साफ कर दिया था कि वह राजग सहयोगी के तौर पर चुनाव में उतरने जा रहे हैं।




नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय में राजग की बैठक में उपस्थित प्रधानमंत्री मोदी व अन्य नेता।

- लोजपा (रामविलास) – 29, रालोमो – 06 , हम – 06 सीट पर लड़ेंगे चुनाव

## कोहरे में भी फर्राटा भरेंगी ट्रेनें, सफर को सुरक्षित रखेगा कवच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर-दिल्ली मुख्य रेलमार्ग पर अलीगढ़ में भी कवच का सफल परीक्षण
- ट्रेनों के आमने-सामने आते ही दोनों ओर होम सिग्नल के पास लग जाएगा ब्रेक

**अमृत विचार:** कोहरे में ट्रेनों का संचालन बहुत टेढ़ी खीर होता है। हर साल हादसों से बचने के लिए दर्जनों ट्रेनें निरस्त करनी पड़ती है। कई के रूट में कटौती की जाती है लेकिन इस बार कोहरे में भी ट्रेनों का संचालन चलता रहेगा क्योंकि रेलवे ने ट्रेन हादसों को रोकने के लिए कवच सिस्टम लगाना शुरू कर दिया है। इस सिस्टम के लगने के बाद एक ट्रैक पर अगर दो ट्रेने आ जाएंगी तो उनमें ब्रेक लग जाएगी।

कानपुर-दिल्ली मुख्य रेलमार्ग पर शनिवार को टूंडला-अलीगढ़ खंड पर मितावली-मंडराक के मध्य कवच सिस्टम का सफलतापूर्वक ट्रायल किया गया। ये ट्रायल डब्लूएपी-5 लाइट इंजन के साथ ब्रेकिंग पैरामीटर्स के फाइनलाइजेशन के लिए किया गया। यह ट्रायल मितावली स्टेशन से शनिवार को दोपहर 12:22 बजे प्रारंभ होकर शाम 16:45 बजे समाप्त हुआ। इस दौरान अप एवं डाउन दोनों दिशाओं में ट्रेन का संचालन किया गया। होम सिग्नल को ऑन (लाल) कर रेलवे अफसरों ने एक ही ट्रैक पर दो ट्रेनों को आमने-सामने लाकर ट्रायल किया। होम सिग्नल से 32 मीटर पहले एक ट्रेन में ब्रेक लग गई जबकि दूसरी ट्रेन में 67 मीटर पहले ब्रेक लग गई। कानपुर से प्रयागराज तक कई स्थानों पर कवच सिस्टम को लगाया जा चुका है जिससे कानपुर से प्रयागराज के मध्य ट्रेन हादसे रुक चुके हैं। अब कवच सिस्टम को कानपुर से दिल्ली, कानपुर से झांसी, कानपुर से बांदा, कानपुर से लखनऊ के बीच लगाने की प्रक्रिया चल रही है।



> दिल्ली-हावड़ा मार्ग के टूंडला-अलीगढ़ खंड पर मितावली-मंडराक के मध्य कवच का सफल परीक्षण शनिवार को किया जा चुका है। अब दिल्ली-हावड़ा रूट पर कोहरे में ट्रेनों का सुरक्षित संचालन करने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।
>
> **-अमित सिंह,** जनसंपर्क अधिकारी उत्तर मध्य जोन

## अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी जवान मार गिराए

इस्लामाबाद/पेशावर, एजेंसी

- हमले के जवाब में पाकिस्तान ने 200 से अधिक तालिबान लड़ाके मारने का किया दावा

सीमा पर रात भर हुई भीषण मुठभेड़ में अफगानिस्तान ने 58 पाकिस्तानी सैनिक को मार गिराया। वहीं, पाकिस्तान ने तालिबान तथा उससे संबद्ध 200 से अधिक आतंकवादी को मार गिराने का दावा किया।

सीमा पार से आक्रमण के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अफगान बलों द्वारा किए गए अकारण हमलों के जवाब में 19 अफगान सैन्य चौकियों और आतंकवादी ठिकानों पर कब्जा कर लिया है। पाकिस्तानी ने एक बयान में कहा कि यह गंभीर उकसावा तालिबान के विदेश मंत्री के भारत दौरे के दौरान हुआ।

### बाहरी आक्रमण सहन नहीं करेंगे : मुत्ताकी



**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ संघर्ष का अफगानिस्तान शांतिपूर्ण समाधान चाहता है, लेकिन यदि प्रयास सफल नहीं होते हैं तो उसके पास अन्य विकल्प भी हैं। उन्होंने कहा कि उनका देश किसी भी बाहरी आक्रमण का सामना करने के लिए पूरी तरह एकजुट है। गुरुवार को काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच फिर से संघर्ष शुरू हो गया है। भारत की छह दिवसीय यात्रा पर आये मुत्ताकी ने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है और उनका देश अपनी संप्रभुता का किसी भी तरह का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं करेगा।

## आईपीएस आत्महत्या मामला : कई अन्य धाराएं प्राथमिकी में जोड़ी गई

- आईएएस पत्नी की आपत्ति के बाद पुलिस ने बढ़ाई धाराएं

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले में एससी/एसटी अधिनियम के संबंधित प्रावधान जोड़ने की उनकी पत्नी की अपील के बाद, पुलिस ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में और आरोपों को शामिल किया है।

पूरण कुमार की पत्नी एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने पुलिस को लिखे पत्र कर कमजोर धाराओं को संशोधित किए जाने की बात कही थी। एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (पांच) इस मामले में लागू होने वाली उपयुक्त धारा है। वहीं, पूरण कुमार के परिवार ने अपनी मांगें पूरी होने तक पोस्टमार्टम के लिए सहमति देने से इनकार कर दिया है।

**बयान** | कांग्रेस नेता एवं पूर्व गृह मंत्री ने बताई ब्लू स्टार की सच्चाई, कहा- इंदिरा गांधी ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई, बयान से कांग्रेस नाराज

## चिदंबरम ने कुरेदा जख्म, बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार बड़ी गलती थी

शिमला, एजेंसी



कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन ब्लू स्टार सही तरीका नहीं था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी।

पूर्व गृह मंत्री ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कहा, सभी आतंकवादियों को पकड़ने का कोई और तरीका हो सकता था, लेकिन ऑपरेशन ब्लू स्टार गलत तरीका था और मैं मानता हूं कि श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। यह सेना, खुफिया विभाग, पुलिस और सिविल सुरक्षा एजेंसियों का संयुक्त निर्णय था और आप पूरी तरह से श्रीमती गांधी को दोषी नहीं ठहरा सकते।

चिदंबरम ने खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में पत्रकार और लेखिका हरिंदर बावेजा के साथ उनकी पुस्तक दे विल शूट यू मैडमः माई लाइफ थ्रू कॉन्फ्लिक्ट'' पर बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। ऑपरेशन ब्लू स्टार दमदमी टकसाल के नेता जरनैल सिंह भिंडरावाले और आतंकवादियों को सिखों के सबसे पवित्र स्थल स्वर्ण मंदिर से खदेड़ने के लिए 1 से 10 जून, 1984 के बीच चलाया गया सैन्य अभियान था। उसी वर्ष तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई थी।

वहीं, कांग्रेस नेतृत्व ऑपरेशन ब्लूस्टार के बारे में पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम द्वारा दिए गए बयान से बेहद नाराज है और उसका मानना है कि वरिष्ठ नेताओं को पार्टी के लिए शर्मिंदगी पैदा कर सकने वाले सार्वजनिक बयान देने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पार्टी सूत्रों ने कहा कि चिदंबरम के बयान से पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस बात से परेशान हैं कि ऐसा बार-बार क्यों हो रहा है।

### चिदंबरम के बयान ने कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश किया : भाजपा



**नई दिल्ली।** भाजपा ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के बारे में पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इतिहास में यह सच्चाई दर्ज होनी चाहिए कि यह (ऑपरेशन) राष्ट्र की आवश्यकता की वजह से नहीं बल्कि इंदिरा गांधी के राजनीतिक दुस्साहस के कारण चलाया गया था। भाजपा ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस अब सच बोलने और झूठे विमर्श को उजागर करने के लिए चिदंबरम के खिलाफ कार्रवाई करेगी? केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने पूर्व गृह मंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चिदंबरम जी ने कांग्रेस की गलतियों को बहुत देर से स्वीकार किया है! मंत्री ने कहा, पहले उन्होंने (चिदंबरम) खुलासा किया था कि अमेरिका और विदेशी ताकतों के भारी दबाव के कारण भारत मुंबई में हुए पाकिस्तानी आतंकवादी हमलों का जवाब नहीं दे सका, अब वह स्वीकार कर रहे हैं कि स्वर्ण मंदिर में ऑपरेशन ब्लू स्टार भी एक गलती थी।

न्यूज ब्रीफ

## केशव मौर्य ने रूस में देखा बुद्ध मठ



बुद्ध मठ के अध्यक्ष से मिलते केशव मौर्य।

**अमृत विचार, लखनऊ :** इन दिनों रूस दौर पर गए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वहां काल्मिकिया गणराज्य के एलिस्ता शहर में निर्माणाधीन बुद्ध मठ में माता ग्रीन तारा देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही, मंदिर एवं पार्क निर्माण की प्रगति और उससे जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की। केशव मौर्य प्रतिनिधिमंडल के साथ बुद्ध के अवशेषों को लेकर शनिवार को रूस पहुंचे थे। इस दौरान रविवार को अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी से भारत और रूस के सांस्कृतिक व राजनैतिक रिश्तों में और गहराई आएगी।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग लेगा फीडबैक

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 14 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश का दौरा कर राज्य एवं केंद्र की सांख्यिकीय व्यवस्थाओं के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर मंथन करेगा। आयोग इस बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ भी संवाद स्थापित करेगा। इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष, प्रो. राजीव लक्ष्मण करिदकर करेंगे। वहीं, नीति आयोग से अन्ना रॉय (प्रमुख आर्थिक सलाहकार) और भारतीय रिजर्व बैंक से डीएआर जोशी (अधिशासी निदेशक) एवं सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 19 सदस्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस बैठक में शामिल रहेगा।

## निजीकरण मामले में अब योगी से गुहार

**अमृत विचार, लखनऊ :** निजीकरण प्रकरण को लेकर अब विद्युत इंजीनियर्स मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शरण में जाएंगे। इस क्रम में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करेगा। खास उद्देश्य बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दो वितरण कंपनियों के निजीकरण के फैसले को रद्द करवाने का है। एआईपीईएफ ने मांग की है कि योगी आदित्यनाथ इस मसौदा विधेयक के प्रावधानों के मद्देनजर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव को रद्द करने का निर्देश दें। यह जानकारी एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने दी है।

## दानिश आजाद ने की मुंबई मैराथन की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सरकार के राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी ने रविवार सुबह मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरुआत की। 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया। मैराथन में आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का एक संदेश गया है, हजारों की यह भीड़ बताने के लिए काफी है कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का जो संकल्प है, उस संकल्प पर पूरा भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है।

# नए सिरे से संस्थाओं को दिए जाएंगे वृद्धाश्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **कई साल बाद समाज कल्याण विभाग टेंडर से करेगा चयन**

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की तरफ से प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रम स्वैच्छिक संस्थाओं को नये सिरे से दिए जाएंगे। संस्थाओं का चयन टेंडर के माध्यम से होगा। नई संस्थाओं के आने से व्यवस्थाओं में बदलाव आएगा।

सभी जिलों में समाज कल्याण विभाग की तरफ से एक-एक वृद्धाश्रम संचालित हैं। वृद्धाश्रम की क्षमता 150 वृद्ध संवासी है। विभाग द्वारा प्रति वृद्ध संवासी 114 रुपये प्रति भोजन का दिया जाता है। इसके अलावा वर्ष में दो बार कपड़े, मनोरंजन, चिकित्सा आदि सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं। वृद्धाश्रम का संचालन स्वैच्छिक संस्थाएं पीपीपी मोड पर नवीनीकरण कराकर करती आ रही हैं। लेकिन, कई साल से टेंडर नहीं हुए हैं। इससे अन्य संस्थाओं को मौका नहीं मिल सका। ऐसे में विभाग द्वारा वृद्धाश्रम संचालन के लिए टेंडर डाले जाएंगे। टेंडर के माध्यम से संस्थाओं का चयन होगा। निदेशालय समाज कल्याण उपनिदेशक आरपी सिंह ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

# देश में यूपी बना वित्तीय अनुशासन का मॉडल राज्य

## सीएजी रिपोर्ट में खुलासा, पूंजीगत व्यय और निवेश में शीर्ष पर यूपी, राजस्व नियंत्रण पर रखा नियंत्रण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश वित्तीय अनुशासन और निवेश के मामले में देश के सभी 28 राज्यों में अव्वल आया है। प्रदेश ने न केवल राजस्व व्यय पर नियंत्रण रखा, बल्कि निवेश और पूंजीगत खर्च में नया इतिहास रचा है। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विकास उन्मुख व्यय ने यूपी को देश का फाइनेंशियल रोल मॉडल स्टेट बना दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 1,03,237 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय किया जो देश में सबसे अधिक है। यह राशि राज्य की शुद्ध लोक ऋण प्राप्तियों का 210.68% है, जो यह दर्शाता है कि सरकार ने लिया गया ऋण केवल विकास और पूंजी निर्माण के कार्यों पर खर्च किया है। यह एक आदर्श वित्तीय स्थिति मानी जाती है।

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक रही हैं, यानी राज्य राजस्व बचत की स्थिति में है। राज्य का स्वयं का राजस्व (कर एवं करेतर) राजस्व प्राप्तियों का 45% रहा, जबकि हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों में यह 70-80% के बीच रहा। प्रदेश ने कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च किया, जो महाराष्ट्र (3.81%), गुजरात (3.64%) और बिहार (1.65%) से कहीं अधिक है। इसके साथ ही, 2013-14 से 2022-23 में केंद्रीय करों में सर्वाधिक राशि उत्तर प्रदेश को ही प्राप्त हुई है।

### वेतन-पेंशन-ब्याज में कम व्यय

उप्र. ने प्रतिबद्ध व्यय (वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान) पर कुल राजस्व व्यय का 42.57% खर्च किया, जो हरियाणा (55.27%) और तमिलनाडु (50.97%) से कम है। प्रदेश ने अपने कुल व्यय का 12.43% वेतन पर खर्च किया, जबकि 16 राज्यों ने 20% से अधिक खर्च किया। वहीं, पेंशन पर व्यय कुल व्यय का 12.15% रहा, जो कई राज्यों (जैसे हिमाचल प्रदेश 15%) से कम है। इसी तरह, ब्याज भुगतान कुल व्यय का 8.90% रहा, जबकि 10 राज्यों ने इस मद में 10% से अधिक खर्च किया। सब्सिडी पर व्यय मात्र 4.40% रहा, जबकि पंजाब ने अपने व्यय का 17% सब्सिडी पर व्यय किया।

### सहायता अनुदान में संतुलित व्यय

राज्य ने वृहद निर्माण कार्यों पर कुल व्यय का 11.89% खर्च किया, जो इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सहायता अनुदान (सामान्य एवं वेतन) पर 22.85% व्यय किया, जो अन्य बड़े राज्यों जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से कम है। इसी तरह, सहायता अनुदान (पूंजी सृजन) पर 2.27% व्यय किया, जबकि असम, झारखंड और त्रिपुरा में यह 5% से अधिक रहा।

### मानक के साथ न्यूनतम देयता वाला राज्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 में उप्र. ने एफआरबीएम एक्ट के सभी मानकों का पालन किया। राज्य की कुल देयता जीएसडीपी का 29.32% रही, जबकि कुल प्रत्याभूतियां मात्र 7.56% रहीं। यह सरकार के वित्तीय अनुशासन और स्थिरता का प्रमाण है।

# गोमती नदी में नहीं गिरेगा एक भी सीवर, बनेगी कार्ययोजना

## गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अपने लखनऊ स्थित आवास पर गोमती की सफाई के संबंध में टेरीटोरियल आर्मी के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

- **नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती का संकल्प दोहराते हुए रविवार को 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की। शीर्ष अफसरों को निर्देश दिए कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार करें। हिदायत दी कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें।

मुख्यमंत्री आवास पर रविवार सुबह टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित बैठक में योगी ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी।

योगी ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर केएस नेगी, प्रो. डॉ. वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एसएम (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### 39 प्रमुख नालों में से 13 अभी तक ट्रैप नहीं

मुख्यमंत्री की बैठक में जानकारी दी गई कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में छह एसटीपी 605 एमएलडी की क्षमता से चल रहे हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है।

### लखनऊ में मंडलायुक्त को समन्वय की जिम्मेदारी

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत इसी वर्ष जनवरी में गठित गोमती टास्क फोर्स में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी लखनऊ में मंडलायुक्त को सौंपी गई।

# हर घर नल योजना में समयसीमा और गुणवत्ता से समझौता नहीं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **योगी का सख्त निर्देश, 15 दिसंबर तक विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में पहुंचे नल से जल**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'जल जीवन मिशन हर घर नल योजना' की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 दिसंबर 2025 तक हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाए। उन्होंने योजना को राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए फेजवार डेडलाइन तय की। कहा कि थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य है। समयसीमा व गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जहां भी देरी या लापरवाही मिलेगी, वहां जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और प्रमुख अभियंताओं को आदेश दिया कि हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट अपडेट करें, स्थलीय सत्यापन और फोटोग्राफिक सबूत अनिवार्य हों, ताकि हर स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने चेताया कि कागजी प्रगति नहीं चलेगी, फील्ड में नल से जल आना चाहिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और परियोजना लागत में वृद्धि करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

### एजेंसियों से पूछे सवाल

मुख्यमंत्री ने एनसीसी लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, मेघा इंजीनियरिंग, पीएनसी इन्फ्राटेक, पॉवर मैक, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स, आईसी इंफ्रा सहित प्रमुख एजेंसियों के प्रतिनिधियों से सीधे सवाल किए। उन्होंने कार्य प्रगति, गुणवत्ता, भुगतान, ठेकेदारों की उपलब्धता, श्रमिकों की संख्या, पाइपलाइन बिछाने की गति, और परीक्षण प्रणाली की स्थिति की जानकारी ली।

## 50 हजार का इनामी लखनऊ से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोंडा के करनैलगंज में अपहरण, पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं का आरोपी लखनऊ के इंदिरानगर के सिद्धि इंटरप्राइजेज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एसटीएफ की टीम ने रविवार सुबह दबोचा। उसे कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार दीक्षित के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी सूरज सीतापुर के तंबौर स्थित छतॉगुर गांव का रहने वाला है। आरोपी आरोपी गोंडा के करनैलगंज स्थित गद्दोपुर गांव से किशोरी को भगा ले गया था।

# बाल वैज्ञानिकों के मॉडल्स का किया जाएगा प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ पब्लिक कॉलिजिएट, रुचिखण्ड-1, शारदा नगर, बंगला बाजार रोड, लखनऊ में आज से शुरू हो रही दो दिवसीय इंस्पायर मॉनक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2023-24 एवं 2024-25 में लखनऊ मंडल के 59 बाल वैज्ञानिक अपने नवाचारी मॉडल्स का प्रदर्शन करेंगे। नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की इस योजना में लखनऊ मंडल ने एक बार फिर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है।

दो वर्षों की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मंडल के छह जनपद- लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली- से चयनित छात्र-छात्राएं अपने प्रोटोटाइप और मॉडल्स प्रस्तुत करेंगे। इनमें सर्वाधिक 27 मॉडल्स अकेले लखनऊ जनपद के हैं, जो मंडल में विज्ञान शिक्षा के प्रति बढ़ते रुझान का प्रमाण हैं। लखनऊ मंडल से वर्ष 2023-24 के लिए 19 और 2024-25 के लिए 40 मॉडल्स का चयन हुआ है। यह जानकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने दी है।

# आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी मोरिंगा आर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रधानमंत्री मोदी ने लखनऊ की डॉ. कामिनी से की मुलाकात**



डॉ. कामिनी

**अमृत विचार :** लखनऊ की डॉ. कामिनी सिंह ने महिला किसानों को संगठित कर 'मोरिंगा आर्मी' तैयार की, जिसने आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख दी है। सूचना विभाग के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. कामिनी सिंह की पहल से प्रभावित होकर उन्हें दिल्ली बुलाया और मोरिंगा खेती की बारीकियों को समझा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों पर चल रहे इस अभियान ने ग्रामीण बेटियों के जीवन में आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण की नई रोशनी फैलाई है। लखनऊ की डॉ. कामिनी सिंह ने एफपीओ के माध्यम से एक हजार से अधिक महिलाओं को जोड़कर सहजन (मोरिंगा) की खेती शुरू कराई। आज ये महिलाएं खेती के साथ वैल्यू एडिशन कर 18 से अधिक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनमें मोरिंगा पाउडर, चाय, टैबलेट, हैंडमेड साबुन, सीड ऑयल, बिस्कुट और मोरिंगा लड्डू जैसे उत्पाद शामिल हैं।

## सीएम डैशबोर्ड में हमीरपुर अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** सितंबर माह की सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया है, जबकि औरैया दूसरे और श्रावस्ती तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समग्र विकास की दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। जनसुनवाई, कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की निरंतर निगरानी से प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों बढ़ी हैं। डैशबोर्ड के तहत हर माह 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की समीक्षा होती है। सितंबर की रैंकिंग में मैनपुरी चौथे, हरदोई पांचवें और अंबेडकरनगर, कुशीनगर, महराजगंज, कन्नौज व शाहजहांपुर शीर्ष दस में शामिल रहे।




लखनऊ स्थित लोहिया पार्क में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

## समाजवादी पार्टी ने पुण्यतिथि पर डॉ. लोहिया को किया याद

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी चिंतक डॉ.राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि रविवार को राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिलों में मनाई गयी। समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डॉ. लोहिया के याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डॉ. लोहिया पार्क में हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गोमतीनगर लखनऊ स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## महिला अपराधों को लेकर अखिलेश ने भाजपा को घेरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला अपराधों को लेकर भाजपा को फिर घेरा है। सपा प्रमुख ने महिलाओं की सुरक्षा में कथित विफलता के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के आधार पर ने सत्तासीन दल पर सवाल भी दागे। लखनऊ में सपा प्रमुख ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर महिलाएं असुरक्षित हैं। भाजपा अपनी विफलता छिपाना चाहती है। प्रदेश में लगातार सबसे अधिक उत्पीड़न और अन्याय लगातार हो रहा है।

कार्रवाई

## एफएसडीए की टीमों ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापे मारे, कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज किए तलब

# गुजरात की फर्म से प्रदेश में हो रही कोडिन कफ सिरप की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **ताबतोड़ छापेमारी में लगाए गए 13 जिलों के औषधि निरीक्षक**

**अमृत विचार :** प्रदेश में कोडिन कफ सिरप की सप्लाई गुजरात की फर्म के जरिए हो रही है। सूत्रों से जानकारी मिलने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने 13 जिलों के औषधि निरीक्षकों की टीम बनाकर ताबतोड़ छापेमारी शुरू की है। शनिवार शाम से शुरू हुई कार्रवाई रविवार तक भी चलती रही। टीम ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापा मारा। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील किए गए।

अफसरों का कहना है गुजरात की फर्म के जरिये नॉरकोटिक्स की दवाएं व कफ सिरप कई जिलों में आपूर्ति की गई थी। मालूम हो कि इसके पहले टीम ने शनिवार को आलमबाग स्थित स्नेहनगर शिव शांति आश्रम के निकट दीपक मनवानी के घर से करीब तीन लाख रुपये कीमत की कफ सिरप बरामद की थी। आरोपी के विरुद्ध कृष्णानगर थाने में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।



छापेमारी के दौरान जांच करते एफएसडीए के अफसर।

एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि कोडिन कफ सिरप के अवैध काम में लिप्त फर्मों पर नकेल कसने के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम को बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म पर छापा पड़ा। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर छापा मारा। छापे की कार्यवाही के दौरान फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। फर्म जरिये भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप को एक ही फर्म को प्रदेश के अन्य जनपदों में विक्रय किया जाना पाया गया। टीम ने फर्म से जुड़े दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश ने बताया, इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं। जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो चलता है। गुजरात की फर्म के जरिये बड़ी तादाद में कोडिन युक्त सिरप तैयार करके राज्य के अन्य जिलों मे भेजा जा रहा था।

### लखनऊ-सीतापुर में सील किए मेडिकल स्टोर

अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान मेडिकल स्टोर बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का दावा है कि मेडिकल स्टोर के जरिये बड़ी तादाद में कफ सिरफ व नॉरकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की गई है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बॉटल कोडिन कफ सिरप ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था। जांच दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने महज एक हजार बोतल का विक्रय प्रस्तुत किया। टीम ने फर्म को सील करते हुए संबंधित थाने को सूचना भेज दिया है।

# आईटी में 5584 करोड़ का निवेश 53 हजार को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार की आईटी नीति 2017-2022 के चलते डिजिटल क्षेत्र में यूपी ने ऐतिहासिक छलांग लगाई है। कुछ साल पहले तक जहां प्रदेश की पहचान कृषि व पारंपरिक उद्योगों से थी, वहीं आज लखनऊ, नोएडा, कानपुर और वाराणसी भारत के नए आईटी हब के रूप में चमक रहे हैं। अब तक 5,584 करोड़ रुपये का निवेश और 53 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

प्रदेश का आईटी निर्यात 15,000 करोड़ से बढ़कर 75,000 करोड़ तक पहुंच चुका है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, पेटीएम, टीसीएस और मैक इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों ने यूपी में निवेश कर भरोसे का नया अध्याय लिखा है। योगी सरकार ने आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देकर निवेश का नया माहौल बनाया है। नोएडा, लखनऊ, कानपुर, मेरठ और प्रयागराज के एसटीपीआई केंद्र अब वाराणसी, बरेली और गोरखपुर तक विस्तार पा रहे हैं। इससे युवाओं को अपने ही शहरों में वैश्विक कंपनियों के साथ काम करने के अवसर मिल रहे हैं। सरकार ने डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन बना दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ठेकेदार की पिटाई करने पर तीन भाइयों पर केस

**बीकापुर, अमृत विचार :** इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का कार्य देखने गए ठेकेदार की पिटाई करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने तीन सगे भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के जमोली खुर्द निवासी भक्त वत्सल तिवारी ने बताया कि वह पेशे से ठेकेदार हैं। बताया कि पांच अक्टूबर को सुबह 11 बजे खिदिरपुर में इंटर लॉकिंग का निर्माण कार्य देखने गये थे। इसी दौरान खिद्दरपुर निवासी विश्वनाथ प्रताप उनके भाई धीरेन्द्र प्रताप और रुद्र प्रताप द्वारा गाली गलौज करते हुए उन्हें मारा पीटा गया व जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

### तीन प्रवर्तन कर्मी दो माह के लिए निलंबित

**अयोध्या, अमृत विचार :** अतिक्रमण करने वाले ठेले–खोमचे वालों को शारीरिक दंड देने के आरोप में प्रवर्तन दल के तीन कर्मियों को कार्य से विरत करते हुए दो माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान कई ठेले, खोमचे के दुकानदारों को राजद्वार पार्क में शारीरिक दंड दिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ था। इसे संज्ञान में लेते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने वीडियो की जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए थे। अपर नगर आयुक्त भारत की जांच में प्रवर्तन दल के तीन सदस्यों को दोषी पाया गया। इसके बाद तीनों को दो माह के लिए निलम्बित कर दिया गया है। इस अवधि में इन कार्मिकों को कोई वेतन, भत्ता देय नहीं होगा।

### सुनील बने प्रदेशीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता के चयनकर्ता

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के खेल एवं व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार अवस्थी को प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता की चयन समिति का सदस्य बनाया गया है। राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्राचार्य की ओर से जारी पत्र के अनुसार कानपुर में 13 से 16 अक्टूबर तक आयोजित प्रदेशीय विद्यालयीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता की मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर की अध्यक्षता में बनी 10 सदस्यीय चयन समिति में जिले के पूरा ब्लॉक स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय रसूलाबाद के क्रीड़ा शिक्षक सुनील को बतौर चयनकर्ता जिम्मेदारी सौंपी गई। सुनील अंडर–17 वर्ग की बालिका प्रतियोगिता के चयनकर्ता के रूप में चयन में सहयोग के लिए सदस्य बनाए गए हैं। सुनील के चयनकर्ता बनाए जाने पर विद्यालय प्रधानाचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सुनील की प्रतिभा व विद्यालय का गौरव बताया।

# राम मंदिर के केसरिया ध्वज में दिखेगा कोविदार वृक्ष, सूर्य और ॐ

**शेषावतार व परकोटे में बने छह पंचायतन मंदिरों के शिखर पर भी होगा ध्वजारोहण**

अयोध्या कार्यालय



◀ राम मंदिर का प्रतीकात्मक ध्वज

**राम मंदिर के शिखर पर पीएम मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत करेंगे ध्वजारोहण**

**अमृत विचारः** राम मंदिर के 201 फीट ऊंचे शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ध्वजारोहण करेंगे। इस ध्वज में कोविदार वृक्ष, सूर्य और ॐ दिखेगा। शनिवार की देर शाम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, महासचिव चंपतराय, सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव सहित अन्य ट्रस्टी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि ध्वजारोहण मंदिर के कार्य का पूर्ण होने का चिह्न है। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सर संघचालक मोहन भागवत के हाथों ध्वजारोहण का कार्य संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के लिए 5 दिन तक पूजा विधान चलेगा। 21 से कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही परकोटा में पंचायतन पद्धति के अनुसार भगवान गणेश, भगवान शिव, मां भगवती, माता अन्नपूर्णा, हनुमान जी और सूर्य देव के भी मंदिर स्थापित हैं। इन मंदिरों के शिखर पर भी ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न होगा। इन सभी देवी देवताओं के पूजन और हवन का क्रम भी पांच दिनों तक चलता रहेगा। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों के लिए यह पूरा कार्यक्रम प्रदेश के अंतर्गत ही सीमित रखे जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें मुख्य रूप से अयोध्या केंद्रित होगा। इसलिए इसमें बाहर के किसी भी व्यक्ति के आने की संभावना नहीं है। उन्होंने बताया कि ध्वज की जो आकृति तय की गई है। वह केसरिया रंग का है। 11 फीट चौड़ा और 22 फीट लंबे ध्वज पर कोविदार वृक्ष, सूर्य और ॐ दिखाई पड़ेगा।

## रामनगरी के फ्लाईओवर व दीवारें कहेंगी रामकहानी

अयोध्या कार्यालय

**● उकेरी गई दिव्य आकृतियां, दीपोत्सव में आकर्षण का बनेंगी केंद्र**

**अमृत विचारः** भगवान श्रीराम की नगरी इन दिनों दीपोत्सव 2025 की तैयारियों में पूरी तरह रंग चुकी है। फ्लाईओवर, दीवारें और सड़कें रामायण के प्रसंगों और कलात्मक थ्री डी चित्रों से सजी हैं। यह नजारा न केवल स्थानीय लोगों बल्कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहा है। अयोध्या के फ्लाईओवर इस बार दीपोत्सव में रामकथा के जीवंत चित्रण का माध्यम बन रहे हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण की तरफ से शहर के प्रमुख फ्लाईओवरों पर रामायण के विभिन्न प्रसंगों को चित्रों और भित्ति चित्रों के माध्यम से उकेरवाया जा रहा है। राम जन्म, वनवास, रावण वध और राम-सीता मिलन जैसे दृश्यों को कला के जरिए जीवंत किया गया है। इन चित्रों में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। सआदतगंज, नाका, देवकाली व साकेत पेट्रो पंप के निकट फ्लाईओवर व बाईपास की दीवारों पर थ्रीडी चित्र उकेरे जा रहे हैं। कुछ जगहों पर और काम शुरू हुआ है, ताकि हर आने-जाने वाला यात्री रामकथा से रूबरू हो सके। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि रामनगरी के फ्लाईओवर और सड़कों पर उकेरी गई दिव्य आकृतियां इस दीपोत्सव को और भी खास बना रही हैं। राम मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में विशेष रूप से सजावट की गई है, जहां दीपों की रोशनी और कलात्मक चित्रण का संगम एक अलौकिक दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। इन आकृतियों में भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के साथ-साथ अयोध्या की प्राचीन संस्कृति को दर्शाया गया है। पर्यटक इन चित्रों को देखकर मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।

# ऑपरेशन में नहीं लगा सही टांका, प्रसूता की मौत

**नवजात सुरक्षित, सीएचसी में स्टाफ नर्सों की बड़ी लापरवाही उजागर | हालत बिगड़ते ही महिला अस्पताल कर दिया था रेफर, वहां से भेजी गई थी मेडिकल कॉलेज**

अयोध्या/मवई।

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में स्टाफ नर्सों की लापरवाही से सही टांका न लगाए जाने के कारण एक प्रसूता की मौत हो गई। महिला अस्पताल रेफर किए जाने के बाद डॉक्टरों ने पाया कि प्रसूता की बच्चेदानी फट जाने के कारण अत्यधिक रक्तस्राव हो गया है। यहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां प्रसूता ने दम तोड़ दिया। मामले में सीएचसी अधीक्षक ने जांच की बात करते हुए स्टाफ नर्सों की लापरवाही स्वीकार की है।

शनिवार की रात पटरंगा के डिलवल गांव की निवासी सरोज कुमारी अपने पति विमलेश रावत और गांव की आशा बहू सुभद्रा कुमारी के साथ डिलीवरी कराने सीएचसी पहुंची थी। ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स रीना देवी व प्रतिभा देवी ने प्रसव कराया। बताया जाता है कि प्रसव के दौरान लापरवाही बरती गई और टांका सही ढंग से नहीं लगाया गया, जिसके कारण प्रसूता को तेज ब्लीडिंग शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल कर्मियों ने महिला को तत्काल जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने प्रसूता की बच्चेदानी फट गई है और ब्लीडिंग बहुत अधिक हो चुकी है। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे आगे मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर किया, लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार यदि समय रहते उचित इलाज किया गया होता और सीएचसी पर सही ढंग से टांका लगाया जाता तो सरोज की जान बचाई जा सकती थी। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हालांकि बच्चा सुरक्षित है। पूरे प्रकरण में सबसे गंभीर बात यह है कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मुख्य चिकित्साधिकारी को अधीक्षक की ओर से कोई भी प्रारंभिक रिपोर्ट नहीं भेजी गई, जबकि सीएमओ लगातार सीएचसी में प्रसव को लेकर सावधानी निगरानी बरतने के निर्देश देते आ रहे हैं। मवई सीएचसी उसी रुदौली तहसील में है, जहां एक महिला चिकित्सक ऑपरेशन छोड़ लंबे अवकाश पर चली गई हैं। यह दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की विधानसभा क्षेत्र में आते हैं।







सरोज कुमारी (फाइल फोटो)

### स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

ग्रामीणों ने कहा कि सीएचसी मवई में आए दिन मरीजों को सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने मांग की है कि दोषी कर्मचारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए और प्रसूता के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का पूरा प्रयास होगा : रामचंद्र

मवई सीएचसी में प्रसूता के साथ हुई घटना बेहद गंभीर है। मृतका और परिवार के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदना है। तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही के लिए कह रहा हूं। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरा प्रयास होगा।

### रात में 12 बजे भाभी को लेकर पहुंचा था देवर

मृतका के देवर दुर्गेश कुमार ने बताया कि शनिवार रात्रि 12:00 बजे अपनी भाभी सरोज कुमारी को लेकर सीएचसी मवई ले गया था, जहां डिलीवरी के बाद लगभग 1 बजे जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि प्रसूता की बच्चेदानी फट गई है और ब्लीडिंग बहुत अधिक हो चुकी है। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे आगे मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर किया, लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### जांच करा होगी कार्रवाई

मवई सीएचसी के अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। महिला की डिलीवरी स्टाफ नर्सों द्वारा कराई गई थी। बताया गया कि उसका बीपी काफी लो हो गया था। इस कारण उसे जिला महिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां से आगे रेफर करने के बाद मृत्यु की सूचना मिली है। यदि जांच में स्टाफ नर्सों की लापरवाही पाई जाती है तो उनके विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

> मुझे मामले की जानकारी नहीं है। मैं तुरंत अधीक्षक से इस संबंध में वार्ता करता हूं। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी। – डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ

## फिर भारी मात्रा में बरामद हुए पटाखे, तीन गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर क्षेत्र के पगलाभारी गांव में बारूद के चलते हुए विस्फोट में मकान ढहने से हुई छह मौतों के बाद पुलिस ने जिले भर में अवैध पटाखों के संग्रहण के खिलाफ अभियान चला रखा है। शनिवार की देर रात हुई कार्रवाई में थाना कैंट, इनायतनगर व खंडासा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं। थाना कैंट पुलिस ने मस्तान का पुरवा गांव निवासी राजदीप मौर्य के घर कार्रवाई कर उसके घर पर रखा भारी मात्रा में पटाखा बरामद किया। थाना खंडासा पुलिस ने अंजरौली गांव में कार्रवाई कर वहां मेराज अहमद के आवास पर संग्रहण किया गया 57 अदद पेपर बम व 356 अदद सुतली बम बरामद किया। थाना इनायतनगर पुलिस ने गांव सेमरा में कार्रवाई करते हुए मकसूद उर्फ पप्पू के पास से भी पटाखे बरामद किए। पुलिस ने तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर चालान कर दिया है।

# लाखों दीपों से जगमग होगा रामकोट का परिक्रमा मार्ग

अयोध्या कार्यालय





ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में लगाई जा रही रामकोट परिक्रमा मार्ग की तस्वीर।

**अमृत विचार :** रामनगरी में दीपोत्सव में पहली बार राम मंदिर के साथ रामकोट परिक्रमा क्षेत्र को भी जगमग करने की तैयारी की जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट जन सहभागिता के साथ रामकोट के परिक्रमा मार्ग सहित पूरे रामकोट परिसर क्षेत्र को दीपों से जगमग करने की योजना है, जिसको लेकर स्थानीय लोगों के साथ बैठकों का दौर तेज कर दिया गया है।

राम जन्मभूमि पर भगवान श्री रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा परकोटा में छह देवी देवताओं के पंचायतन मंदिर और सप्त मंडपम में ऋषि मुनियों के मंदिर की भी स्थापना हो चुकी है। वहीं राम मंदिर ट्रस्ट रामकोट की परिक्रमा योजना चल रही है। प्रतिदिन ब्रह्ममुहूर्त में बड़ी संख्या में साधु संत व राम भक्तों के द्वारा इस परिक्रमा को संपन्न किया जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा की मानें तो रामकोट परिसर क्षेत्र में रामलला समेत 108 स्थान पर भगवान के विभिन्न विग्रह विराजमान हैं। रामकोट अयोध्या का हृदय स्थल माना जाता है। इसलिए क्षेत्र में दीपोत्सव को मनाने के लिए लोगों को तैयार किया जा रहा है। रामकोट परिक्रमा मार्ग की सेटेलाइट तस्वीर लगाई जा रही है।

# दीपोत्सव में पार्किंग के लिए 14 स्थल चिह्नित

अयोध्या कार्यालय।

**● मुख्य समारोह के दिन शहर में वीआईपी समेत अन्य वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक**



**अमृत विचार :** दीपोत्सव समारोह में सुगम यातायात के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वीआईपी वाहनों समेत अतिथियों व श्रद्धालुओं के वाहनों को खड़ा कराने के लिए यातायात पुलिस ने 14 पार्किंग स्थलों को चिह्नित किया है। शहर में चारों ओर से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। वीआईपी के वाहनों को रामकथा पार्क के पास पक्की पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। मुख्य समारोह के दिन शहर में किसी प्रकार के वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

दीपोत्सव समारोह पर भारी संख्या में वीआईपी व श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए यातायात पुलिस ने उदया चौराहा से लता चौक तक व भक्ति मार्ग को नो व्हीकल जोन रखने की योजना है। वहीं, बाहर से आने वाले वीआईपी व अतिथियों समेत श्रद्धालुओं के वाहन खड़ा कराने के लिए 14 स्थानों को पार्किंग स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है। इनमें पूर्व में दीपोत्सव आयोजन व महाकुंभ के दौरान उपयोग की गई पार्किंग शामिल है। योजना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर आने वाले वाहनों को बालू घाट, अस्थाई बस स्टैंड, हनुमान गुफा के पास खाली जगह खड़ा कराया जाएगा। अयोध्या शहर होकर आने वाले वाहनों को उदया चौराहे के पास खाली स्थान, महोबरा चौराहे से आने वाले वाहनों को टेढ़ी बाजार रेलवे क्रॉसिंग के पास व उदासीन आश्रम की खाली जगह पर, दर्शननगर से होकर आने वाले वाहनों को विद्याकुंड स्थित एक महाविद्यालय में खड़ा कराया जाएगा। यलो जोन की सुरक्षा व यातायात सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि योजना है कि मुख्य समारोह के दौरान अयोध्या धाम को नो व्हीकल जोन रखा जाए। सिर्फ पास धारक वाहनों को ही प्रवेश करने की अनुमति रहेगी। अभी तक 14 स्थल पार्किंग के लिए चिह्नित किए गए हैं। इनकी संख्या और बढ़ाई जा सकती है।



मैथोडिस्ट इंटर कॉलेज में रविवार को पीसीएस प्री की परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी।

## कड़ी सुरक्षा में हुई पीसीएस प्री की परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचार :** पीसीएस परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त निगरानी में हुई। दो पालियों में कुल 27 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में एसओजी और एसटीएफ की अयोध्या इकाई सक्रिय रही। सघन तलाशी के बाद परीक्षा से 40 मिनट पूर्व परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा में कुल 11952 परीक्षार्थी निर्धारित किए गए थे। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा में 21 परीक्षा केंद्रों पर कुल 6090 ने परीक्षा दी, जबकि 5862 ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली की परीक्षा में उपस्थिति 51 प्रतिशत और अनुपस्थिति 49 प्रतिशत रहा। दूसरी पाली में 6044 ने पीसीएस परीक्षा दी और 5862 ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार दूसरी पाली में भी उपस्थिति का प्रतिशत प्रथम पाली के समान रहा। सभी परीक्षा केंद्रों पर शुचिता के साथ परीक्षा हुई।

# भोग प्रसाद ग्रहण करने के बाद बिगड़ी थी तबियत, हिरासत में सेविका

अयोध्या कार्यालय



महंत राम मिलन दास (फाइल फोटो)

**अमृत विचार Follow UP**

**रावत मंदिर के महंत के मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार**



रामघाट स्थित रावत मंदिर

**अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत रामघाट चौराहा स्थित रावत मंदिर के महंत की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। प्राथमिक जांच में पुलिस मौत को स्वाभाविक मानकर चल रही है। बताया जा रहा है कि महंत के पास बेशकीमती जमीन है। मंदिर में करीब 30 कमरे का धर्मशाला भी है, जिससे उन्हें अच्छी आय होती थी। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। सेविका को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

रावत मंदिर के महंत राम मिलन दास (48) शनिवार की शाम करीब 7:30 बजे मंदिर में आरती में शामिल हुए। तब तक ठीक थे। इसके बाद उन्होंने भगवान को लगा भोग ग्रहण किया। इसके बाद अचानक उनकी तबियत खराब होने लगी। मुंह से झाग निकलने लगा व हाथ काला हो गया। आनन-फानन में शिष्य उन्होंने श्रीराम अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी आदि अस्पताल व मंदिर पहुंचे व घटना के संबंध में पूछताछ की। महंत कुशीनगर के बड़हरा गांव के रहने वाले थे। वह बाल्यकाल में ही अयोध्या आ गए थे। वर्ष 2013 में मंदिर के पूर्व महंत रामदास कोकिल की मृत्यु के बाद उन्हें महंत बनाया गया था। मंदिर में उनके अलावा उनके भाई कपिल देव यादव, तीन भतीजे पवन यादव, अमन यादव और सुनील यादव, एक पुजारी व कुछ शिष्य रहते थे। उन्होंने भोजन आदि बनाने के लिए लवकुशनगर निवासी शकुंतला (38) को सेविका के रूप में रखा था। वह 12 साल से उनकी सेवा कर रही थी। पुलिस ने पूछताछ करने के लिए उसे हिरासत में लिया है।

### विरक्त संत थे, नहीं थी कोई बीमारी

शिष्यों ने बताया कि वह विरक्त संत थे और शादी नहीं की थी। मौत के एक दिन पहले ही दिगंबर अखाड़े के संतों के साथ उन्हों ने सामूहिक भोजन किया था। तब वह एकदम स्वस्थ थे। उनको किसी तरह की दिक्कत नहीं थी। शनिवार को भी दिनभर उन्होंने अपनी दिनचर्या की। बताया कि उन्हें किसी तरह की बीमारी नहीं थी।

### मंदिर के नाम पर है बेशकीमती संपत्ति

रामघाट चौराहा स्थित यह मंदिर करीब 10 बिस्वे में बना है। मंदिर के नाम हाईवे पर सूर्या पैलेस के बगल करीब 10 बीघे जमीन है। दो वर्ष पूर्व इसमें से कुछ जमीन उन्होंने करीब सात करोड़ रुपये में बेची थी। स्व. राम मिलन दास के गुरु व मंदिर के पूर्व महंत रामदास कोकिल राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी संतों में थे। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी माने जाते थे। बताया जाता है कि रावत मंदिर को गोरखपुर के रावत भीटी गांव के लोगों ने बनवाया था।

> महंत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे। प्रथम दृष्टया जांच में मृत्यु का कारण स्वाभाविक लग रहा है। जांच की जा रही है। –डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

**अवध विश्वविद्यालय | 30वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी अध्यक्षता, विवेकानंद सभागार में सुबह 10 बजे शुरू होगा कार्यक्रम**

# दीक्षांत समारोह आज, विद्यार्थियों को मिलेंगे पदक व उपहार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह सोमवार को विवेकानंद सभागार में सुबह 10 बजे शुरू होगा। इसमें 140 पदक व 170 शोध उपाधि का वितरण कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किया जाएगा। अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी उपस्थित होंगी। राज्यपाल के शीर्ष प्राथमिकता वाले कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को खिलौने व प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को कॉपी-किताब बैग का वितरण भी राज्यपाल द्वारा किया जाएगा। कुलाधिपति स्वर्ण पदक पाने वालों में 84 छात्राएं और 56 छात्र शामिल हैं। सभी को परंपरागत वेशभूषा में उपस्थित होना है। समारोह को लेकर रविवार को फाइनल रिहर्सल भी की गई। विश्वविद्यालय द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र में तीन प्रतियोगिता आयोजित की गईं थीं, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र बुझा का पुरवा, बिहारी पुर, टोनिया मसौधा के तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के तीन बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा स्वागत गीत, कुलगीत विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। मीडिया प्रभारी आरके पांडेय ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं।





आंगनबाड़ी कार्यकत्री को केंद्र के लिए खिलौना प्रदान करते कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

### आज दिए जाने वाले पदकों पर एक नजर

कुलाधिपति स्वर्ण पदक
छात्रा–50
छात्र – 37
कुलपति स्वर्ण पदक
छात्रा 22
छात्र 9
प्रायोजित स्वर्ण पदक
छात्रा 9
छात्र 8
कुल
140 स्वर्ण पदक

### समारोह में पहुंचने वालों के लिए महत्वपूर्ण बातें

समारोह में दोपहिया वाहनों की पार्किंग डीएसडब्ल्यू ऑफिस के नीचे खड़ी की जाएगी। दोपहिया वाहनों की अधिकता होने पर संत कबीर सभागार के दोनों तरफ पंक्तिबद्ध पार्किंग की जाएगी। विवि शिक्षकों तथा कर्मचारियों के कारों की पार्किंग अहिल्या बाई होल्कर छात्रावास के ठीक सामने योग भवन में होगी। चार पहिया वाहनों की पार्किंग श्रीराम शोध पीठ के पीछे की जाएगी। भौतिकी विभाग के सामने पार्किंग स्थल पर कारों की पार्किंग की जाएगी। गणित विभाग के बगल और पीछे की तरफ चार पहिया वाहनों की पार्किंग की जाएगी। ड्राइवर के साथ आए हुए अतिथियों एवं आगंतुकों के कारों की समस्त पार्किंग दीक्षा भवन स्थित मैदान में करायी जाएगी। स्टेट बैंक से लेकर दीक्षा भवन तथा अहिल्या बाई होलकर छात्रावास तक जाने वाले मुख्य मार्ग और विभागों के पोर्टिको पर किसी भी प्रकार की पार्किंग नहीं की जाएगी।

## जन आरोग्य मेले से चिकित्सक व वार्ड बॉय नदारद

**बीकापुर।** विकासखंड बीकापुर क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चौरे बाजार और कोछा में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। चौरे बाजार में फार्मासिस्ट कनिक राम चौधरी और स्टाफ नर्स प्रतिभा द्वारा 11 मरीजों का रजिस्ट्रेशन करके उपचार किया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी मोहम्मद इरशाद समेत लैब तकनीशियन और वार्ड बॉय मौजूद नहीं रहे। अधिकतर मरीज मौसमी जुखाम बुखार की बीमारी से पीड़ित दिखे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोछा में महिला चिकित्सक अंजली गुप्ता, फार्मासिस्ट और सहयोगी स्टॉफ द्वारा द्वारा 14 मरीजों को चिकित्सीय सलाह देने के साथ दवा दी गई।

# मदरसा में जांच के लिए पहुंची अल्पसंख्यक विभाग की टीम

मसौधा अयोध्या

**अमृत विचार :** मदरसा में बगैर अनुमति इंटर तक हो रही पढ़ाई की जांच करने के लिए रविवार दोपहर जिला अल्पसंख्यक विभाग की टीम कस्बा भदरसा पहुंची। टीम ने जामिया अरबिया बहरूलउलूम मदरसा के अभिलेखों की जांच पड़ताल किया। मौके की परिस्थितियों को जांचा परखा। बुनियादी शिक्षा से लेकर इंटरमीडिएट तक की कक्षाएं संचालित पाई गई। इस बीच करीब घंटे भर तक चली जांच पड़ताल के दौरान टीम को मदरसा संचालन के लिए आवश्यक अभिलेख नहीं प्राप्त हुए। अलबत्ता मदरसा संचालक द्वारा बाद में अभिलेख प्रस्तुत करने की बात पर जांच टीम ने नाराजगी भी जताई। तत्पश्चात आवश्यक लिखा पढ़ी कर जांच टीम वापस लौटी। बताया जाता है कि भदरसा में मदरसा बगैर अनुमति संचालित किया जा रहा है। शासन प्रशासन की आवश्यक अनुमति मदरसा संचालक मंडल के पास उपलब्ध नहीं है। जांच टीम का नेतृत्व कर रहे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि मदरसा के विरुद्ध शिकायत शासन में की गई है। संचालक द्वारा शासन से ली जाने वाली अनुमति के पर्याप्त अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए जा सके। संपूर्ण जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में हुआ व्याख्यान

**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में दीक्षांत समारोह के तहत व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता भौतिकी विभाग दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एसएन तिवारी ने विज्ञान, समाज एवं संस्कृति विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज व संस्कृति पर प्रभाव का वर्णन करते हुए कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। विभागाध्यक्ष प्रो गंगाराम मिश्र ने मुख्य वक्ता एवं उपस्थित श्रोताओं का स्वागत किया। वरिष्ठ प्रोफेसर के के वर्मा ने विषय प्रवर्तन किया।

### नारद मोह मंचन के साथ रामलीला का शुभारंभ

**पूराबाजार।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगौली के रामलीला मैदान पर जय मां दुर्गे रामलीला समिति के द्वारा आठ दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ शनिवार को नारद मोह से लेकर राम जन्म का मंचन किया गया। शुभारंभ ग्राम प्रधान अनिल कुमार तिवारी ने किया। रामलीला मंचन में प्रबंधक सनी सिंह, अध्यक्ष सुधीर सिंह, व्यवस्थापक गणेश सिंह, संचालक ओम सिंह, सतीश सिंह पिंटू, दिलीप सिंह समेत अन्य सहयोग दे रहे हैं।

### ओवरब्रिज निर्माण के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार:** रामगंज रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज निर्माण के विरोध में रविवार को सैकड़ों व्यापारियों ने विधायक अभय सिंह को ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने बताया कि ओवरब्रिज बनने से दो दर्जन दुकानें और करीब पचास घर टूटने से लोग बेघर और बेरोजगार हो जाएंगे। विधायक अभय सिंह ने आश्वासन दिया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से इस संबंध में बातचीत की है और परियोजना पर अपनी संस्तुति नहीं दी। ज्ञापन देने वालों में राम मंगल कसौधन, दिनेश जयसवाल सहित सैकड़ों व्यापारी शामिल रहे।

### कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अयोध्या।** कांग्रेस के जोनल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर आम जनमानस को लामबंद करना होगा। वह जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी से आयोजित साहबगंज में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में बोल रहे थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसका प्रमाण पूरे देश के सामने प्रस्तुत किया है। महानगर कोऑर्डिनेटर अमित जायसवाल ने भाजपा सरकार को बेईमानी वाली सरकार बताया। कार्यक्रम में प्रवक्ता शीतला पाठक, नीलम शर्मा, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्र, राम अवध पासी, जागरथ, फ्लावर नकवी, बसंत मिश्रा, जियो हैदर, नाजिर फातिमा सहित अन्य लोग थे।

# पुस्तक प्रेमियों के लिए शुरू हो गया पुस्तक महाकुंभ

## मोबाइल की किताब अल्पकालिक, शाश्वत नहीं : चंपत राय ■ प्रतियोगिता में विजेताओं को दिया जाएगा पुरस्कार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि आज सब कुछ एक छोटी सी किताब में रहता है, लेकिन मोबाइल नाम की पुस्तक अल्पायु है, शाश्वत नहीं है। इसकी कोई ऑथेंटिसिटी नहीं। ऑथेंटिसिटी तभी है जब वह प्रिंट हो जाए। वह प्रख्यात अधिवक्ता एवं स्वतंत्रता सेनानी नारायण दास खत्री की स्मृति में नारायण दास खत्री मेमोरियल ट्रस्ट से आयोजित 16वें पुस्तक मेले के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

रीडगंज स्थित बलदेव निवास, एक होटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने किताबों की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि अदालत आज छपे हुए अखबार को प्रमाण नहीं मानती, लेकिन सौ साल पहले छपी हुई किताब को प्रमाण मानती है। वाल्मीकि जी ने राम के जीवन के बारे में न लिखा होता तो संसार कैसे जान पाता। मेला के सचिव डॉ. निर्मल खत्री ने ट्रस्ट के बारे में जानकारी देने के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कहा कि उनके पिता स्व. नारायण दास खत्री पठन पाठन और अध्ययन के प्रति जीवन भर समर्पित रहे। इसी के मद्देनजर परिवार के लोगों ने पुस्तक मेले की शुरुआत की। उन्होंने मेले में सहयोग करने वालों को धन्यवाद ज्ञापित किया। पुस्तक मेला पांच साल के अंतराल पर फिर शुरू हुआ है। इस अवसर पर सफर नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला प्रभारी रीता खत्री और संचालन मेला संयोजिका नमिता मेहरोत्रा ने किया। मेले में नामी गिरामी प्रकाशकों के स्टाल लगाए गए हैं।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजकुमार खत्री, प्रभात टंडन, निशीथ वर्मा, राकेश केसरवानी, सुप्रीत कपूर, अशोक सिंह, राजकुमारक वर्मा, ज्ञान मोटवानी, मुकेश पटेल, अभिषेक खत्री, अंकुर, राहुल खत्री, रजत खत्री, प्रिया खत्री, मानसी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेत नारायण सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण, शीतला पाठक सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।



पुस्तक मेले के उद्घाटन समारोह में श्रीमती विमला देवी खत्री की स्मृति में प्रकाशित पत्रिका का विमोचन करते श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, नारायण दास खत्री मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्य व पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री, सचिव रीता खत्री व अन्य गणमान्य। अमृत विचार

### किस दिन कौन सा होगा कार्यक्रम

- मेला के पहले दिन शाम चार बजे रोटरी क्लब की ओर से स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- 13 अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे से मैसानिक लॉज की ओर से लघु नाटिका प्रतियोगिता, शाम साढ़े चार बजे शताब्दी स्मरण के तहत हिंदी कथा-परंपरा और अमरकांत विषयक परिचर्चा और शाम साढ़े छह बजे वाणी प्रकाशन की ओर से पुस्तक परिचर्चा आयोजित होगी।
- 14 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे इनरव्हील क्लब ऑफ फैजाबाद की ओर से लोकनृत्य प्रतियोगिता, शाम चार बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम व शाम छह बजे भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से सियाराम हृदयंगम भजन संध्या आयोजित होगी।
- 15 को सुबह साढ़े बजे इनरव्हील क्लब ऑफ फैजाबाद मैत्री की ओर से देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, शाम साढ़े चार बजे वाणी प्रकाशन की ओर से लेखक से मुलाकात और शाम छह बजे शत सुर अंजलि कार्यक्रम आयोजित होगा।

### प्रख्यात कवि आलोक श्रीवास्तव का ऑटोग्राफ सेशन होगा आकर्षण

16 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे पोस्टर प्रतियोगिता, शाम साढ़े पांच बजे प्रख्यात कवि आलोक श्रीवास्तव का ऑटोग्राफ सेशन व शाम साढ़े छहबजे कवि सम्मेलन व मुशायरा आयोजित होगा। आखिरी दिन 17 अक्टूबर को सुबह साढ़े 11 बजे नुक्कड़ नाटक, दोपहर 12 बजे डॉ. हिमांशु वाजपेयी की जुबानी किस्सा-कहानी, शाम साढ़े पांच बजे प्रख्यात कवि आलोक श्रीवास्तव की मौजूदगी में आलोकनामा व शाम सात बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा।


पुस्तक मेले में प्रथम दिन आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

### श्रीराम मंदिर के स्टोन स्ट्रक्चर निर्माण पर आएगी किताब

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्री राम मंदिर पत्थरों निर्मित किया गया। लगभग एक हजार साल में इतना बड़ा स्टोन स्ट्रक्चर का निर्माण नहीं हुआ। इसलिए अगली पीढ़ी की जानकारी के लिए राम मंदिर के स्टोन स्ट्रक्चर निर्माण पर किताब आएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि टाटा की ओर से भी प्रयोग की गई तकनीकि पर भी जानकारी दी जाएगी। यह छात्रों के के काम आएगी। यह जानकारी श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राम ने पुस्तक मेले के दौरान दी। कहा कि वह स्वयं भी इसके बारे में लिख रहे हैं। अपने संबोधन के दौरान राय ने बताया कि मेरे मन में यह विचार रहता है कि जो हम कर रहे हैं वह सामने आना चाहिए फ्यूचर के लिए। बताया कि शनिवार को लार्सन और टुब्रो के प्रथम व्यक्ति सुब्रह्मणयम से चर्चा हो रही थी कि हिंदुस्तान में एक हजार साल में इतना बड़ा स्टोन स्ट्रक्चर कहीं नहीं बना। इसको लिखा जाना चाहिए आने वाली पीढ़ी के लिए। जिससे वह जान सके कि राम मंदिर का निर्माण कैसे हुआ। उनकी सलाह काम देखने के कारण उनसे थी। जिससे वह ऑथेंटिक रहे। बोले कि किताब में स्वयं भी तैयार कर रहा हूं, लेकिन मैं अभी छोटे-छोटे बिंदुओं में लिख रहा हूं। 50 साल बाद कौन जान पायेगा कि सरयू के तट पर यह कैसे बना? इसलिए इसे लिखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा क टाटा निर्माण की टेक्निकल चीज को इन राइटिंग देगा। कैसे मंदिर का निर्माण किया गया। बताया कि श्री राम मंदिर की तकनीकि को लेकर कम से कम 15 से 20 किताबें बनेंगी। यह आईआईटी और दूसरी संस्थाओं के छात्रों के अध्ययन के काम आएगा।

# पीएमश्री स्कूलों में छात्रों को वार्षिक 6000 रुपये यात्रा भत्ता

**अयोध्या कार्यालय । अमृत विचार :** पांच किलोमीटर से अधिक दूरी वाले पीएमश्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा नौ और दस में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अब शासन की ओर से छह हजार रुपये वार्षिक यात्रा भत्ता प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा ट्रांसपोर्टेशन के रूप में दी जाएगी।



- पीएम श्री राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा नौ और दस के छात्र होंगे लाभान्वित
- पांच किलोमीटर से अधिक दूरी वाले स्कूल छात्र-छात्राओं पर होगा लागू

पीएम श्री स्कूलों में यह लाभ विशेष रूप से छात्राओं को दिया जाएगा, जबकि सामान्य राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में लड़के-लड़कियां दोनों पात्र होंगे। 6,000 रुपये सालाना, जो डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए आधार से लिंक्ड बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे छात्रों की पहचान करें। छात्रों को एक प्रोफॉर्मा फॉर्म भरना होगा, जिसमें घोषणा करनी होगी कि उनके घर के 5 किमी दायरे में कोई अन्य राजकीय माध्यमिक विद्यालय नहीं है। यह फॉर्म ग्राम प्रधान या प्रधानाचार्य से सत्यापित कराना होगा। शहरी क्षेत्रों में पार्षद सत्यापन करेंगे। योजना का उद्देश्य ग्रामीण और वन क्षेत्रों में छात्रों की स्कूल उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉपआउट दर कम करना और विशेषकर किशोरियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। जनपद में पीएमश्री माध्यमिक विद्यालयों की संख्या लगभग 146 हैं, जिसमें आठ हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

> समग्र शिक्षा अभियान के अपर राज्य परियोजना निदेशक का निर्देश मिला है। जनपद में पांच किलोमीटर से अधिक दूरी वाले कालेज तय किए जाएंगे, उसके बाद सूची बनेगी। -डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस

# समारोह में वीर नारी, घायल व वृद्ध सैनिकों का किया सम्मान

- पूर्व सैनिक सेवा परिषद का सम्मेलन, कार्यकारिणी की घोषणा, श्री प्रकाश बने तीसरी बार अध्यक्ष

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का प्रांत प्रतिनिधि सभा और सम्मान समारोह का आयोजन किया। वीर नारियों, युद्ध में घायल सैनिकों और वृद्ध सैनिकों का किया सम्मान किया गया। जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सर्किट हाउस में आयोजित सम्मेलन में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आए हुए समस्त अतिथियों का सम्मान किया गया।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अयोध्या महानगर के संघ चालक प्रो. विक्रम प्रसाद पांडे ने पूर्व सैनिकों मातृ शक्तियों और युद्ध में घायल हुए सैनिकों को देख कहा कि आप जहां उपस्थित हो जाते हैं वहां पहुंचना हम लोग अपना सौभाग्य समझते हैं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने कहा कि भारतीय सेना सेवा समर्पण और साहस के लिए जानी जाती है। पूर्व सैनिक परिषद के प्रांत अधिकारी कर्नल दयाशंकर दुबे ने पूर्व सैनिकों को समाज के विभिन्न कार्यों से जोड़कर समाज में परिवर्तन की बात कही। परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष व अतिथि कैप्टन इंदल सिंह चंदेल ने परिषद से किए गए योगदान की चर्चा की। जिला कार्यकारिणी के चयन में श्री प्रकाश पाठक को तीसरी बार जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। सम्मानित होने वालों में पूर्व सैनिक हवलदार राकेश कुमार सिंह, सूबेदार मेजर महेंद्र कुमार दुबे, नायब सूबेदार सिद्धनाथ शर्मा, नायब सूबेदार कपिल देव सिंह, कैप्टन अमरजीत सिंह, कैप्टन बृजेश सिंह, नायक बृजेश सिंह, वारंट अफसर राम सेवक सहित अन्य लोग थे।

# रामकोट की परिक्रमा में उमड़े विभिन्न प्रांतों के श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** रविवार को राम कोट की परिक्रमा में विभिन्न प्रांतों के श्रद्धालु शामिल हुए। परिक्रमा में भारी भीड़ रही। परिक्रमा का नेतृत्व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी व निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास ने की।

नित्य रामकोट परिक्रमा लगातार चल रही है। रविवार को श्रीराम जन्मभूमि प्रवेश द्वार से क्षीरसागर मन्दिर तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नेतृत्व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी दिगंबर निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेश दास ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके शिष्यों ने भी परिक्रमा की। पुजारी रमेश दास व आचार्य नरेंद्र के साथ नित्य परिक्रमा करने वाली टोली के साथ मैसूर व पुणे से आए रामभक्तों ने रामधुन के बीच रामकोट की परिक्रमा की।

मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान के साथ सुल्तानपुर, बस्ती, गोंडा, गोरखपुर और अंबेडकरनगर जिलों से आए लगभग पांच सौ श्रद्धालुओं ने रामकोट की परिक्रमा की है। ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, गोपाल जी, आचार्य नरेंद्र जी, नगर निगम के मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व मेयर ऋषिकेश उपाध्याय, बावन मन्दिर के महंत वैदेही वल्लभ शरण, भानपुरा पीठ मंदसौर के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानंद तीर्थ, भाजपा के महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव रामकोट की परिक्रमा कर चुके हैं।


श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी व निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास के नेतृत्व में परिक्रमा करते श्रद्धालु। अमृत विचार



रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

### कलावती को पहनाया करवा क्वीन का ताज

**अयोध्या, अमृत विचार :** रोटरी ग्रेटर विंग महिला शाखा ने करवाचौथ थीम पर एक रंगारंग पार्टी का आयोजन किया। सदस्य पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी पहुंची। खूब उत्साह रहा। शुरुआत में कोषाध्यक्ष पूनम खत्री ने सभी का स्वागत किया। सचिव नीता मित्तल ने मनोरंजक कार्यक्रमों का संचालन किया। आकर्षक प्रस्तुति और पारंपरिक सौंदर्य के आधार पर कलावती चौरसिया को करवा क्वीन का ताज पहनाया गया। चेयरपर्सन सपना रस्तोगी ने करवाचौथ के महत्व और परंपरा पर अपने विचार साझा किया।संस्थापक चेयरपर्सन श्वेता अग्रवाल ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन हंसी, उल्लास और सौंदर्य से सराबोर रहा। वंदना, रूमी, शालिनी, स्वाति, मोनिका, मोना, सवी, आनंद, रचना और शिल्पी आदि शामिल रहीं।

### लंका दहन का मंचन देख लगाया श्रीराम का जयकारा

**बीकापुर, अमृत विचार:** चौरासी कोसी परिक्रमा परिक्षेत्र में शामिल बीकापुर क्षेत्र के उमरनी पिपरी चौराहे पर श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित किए जा रहे रामलीला मंचन में शनिवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा सीता जी की खोज में निकले हनुमान जी का समुद्र लांघ कर लंका में प्रवेश करना व लंका दहन आदि लीलाओं का जीवंत मंचन किया गया। अशोक वाटिका में फल खाने के दौरान हनुमान जी का अशोक वाटिका में विध्वंस करना और लंका को अग्नि में जलाकर प्रभु श्रीराम के दल में लौटने का अद्भुत मंचन देखकर दर्शक भाव-विभोर हो उठे। लंका दहन के दौरान रामभक्तों ने जय श्रीराम और बजरंग बली की जय का उद्घोष किया। मीडिया प्रभारी राजेंद्र पाठक ने बताया कि रामलीला मंचन में मिथुन ने राम, अनिल शर्मा ने लक्ष्मण, शत्रुघ्न वर्मा ने रावण, प्रदीप वर्मा ने विभीषण एवं वासुदेव वर्मा ने हनुमान जी का पात्र अभिनय किया।

# जन-जन तक पहुंचाना है आचार्य का विचार: परमानंद


गायत्री शक्तिपीठ रामकोट में गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार अयोध्या जोन की एक दिवसीय कार्यशाला एवं गोष्ठी का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ रामकोट अयोध्या में संपन्न हुआ।

शांतिकुंज उत्तर जोन प्रभारी परमानन्द द्विवेदी ने कहा कि माता भगवती देवी शर्मा के जन्म एवं अखण्ड ज्योति के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में साल 2026 जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। कहा कि पंडित आचार्य श्रीराम शर्मा जी का विचार जन-जन तक पहुंचाना ही गायत्री परिवार का उद्देश्य है। श्री द्विवेदी ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने जिलों में मिशन के कार्यों को और अधिक गति एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाएं। गोष्ठी में अयोध्या जोन के प्रभारी देशबंधु तिवारी ने कहा कि गायत्री मंत्र सदबुद्धि का मंत्र है। मीडिया प्रभारी नीलम मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ उत्तर जोन प्रभारी परमानन्द द्विवेदी अयोध्या जोन समन्वयक देशबंधु तिवारी और गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या के व्यवस्थापक रामकेवल बाबू ने किया। कार्यकरम में डॉ एसबी सिंह, देवांग पटेल, प्रभाकर सक्सेना, संजय चतुर्वेदी, अरविंद निगम, निशा आदि थे।

# प्रयागराज, अलीगढ़, आगरा व लखनऊ ने जीता मैच

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेशीय समन्वय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को प्रयागराज, अलीगढ़, आगरा व लखनऊ मंडल टीमों ने लीग मुकाबले में जीत दर्ज कर पूल में अपनी स्थिति मजबूत की। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना का परिचय देने की अपील की।

डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही आठ दिवसीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में आजमगढ़ ने मेरठ को 2-1 से हराया। आजमगढ़ के तालिस व पंकज और मेरठ के निश्चय ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में अलीगढ़ ने प्रयागराज को 3-2 से पराजित किया। अलीगढ़ के शुभम ने दो, सलत ने एक, प्रयाग के अंकित ने एक गोल किया। तीसरे मैच में आगरा ने जतिन के गोल की बदौलत सहारनपुर पर 1-0 से जीत दर्ज की। चौथे मैच में लखनऊ ने चित्रकूट को 6-1 से आसानी से पराजित किया। लखनऊ के फारूख ने तीन, अनस, आदित्य व कमल ने एक-एक, चित्रकूट के अनस ने एक गोल किया। इसके अलावा हुए मुकाबलों में अयोध्या ने मेरठ को 2-1 से, वाराणसी ने झांसी को 1-0 से, विन्ध्याचल ने चित्रकूट को 4-0 से, मुरादाबाद ने आगरा को 2-1 से, आजमगढ़ ने देवीपाटन को 4-0 से और प्रयागराज ने सहारनपुर को 2-0 से पराजित किया।


**प्रदेशीय सीनियर पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता तीसरा दिन**

प्रतियोगिता के रोमांचक लीग मुकाबले में गोल करने का प्रयास करता खिलाड़ी।

### पथ संचलन में स्वयं सेवकों ने दिखाया अनुशासन

**शुजागंज, अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विजयादशमी का पर्व शुजागंज बाजार स्थित पक्का तालाब मंदिर में मनाया गया। पथ संचलन कार्यक्रम का शुभारंभ शिव मंदिर से हुआ, जो मीनापुर होते हुए मानपुर मोड़ पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया और अनुशासन, संगठन व राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन किया। पथ संचलन के दौरान देशभक्ति गीतों के साथ नगर का माहौल देशप्रेम से ओतप्रोत हो गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में विजयादशमी के पावन पर्व को सत्य, साहस और धर्म की विजय का प्रतीक बताते हुए संगठन को राष्ट्र निर्माण की आधार शिला बताया।

# पशुपालन से ही देश की आबादी को रोगों से बचाया जा सकता: श्याम बिहारी गुप्ता

हैदरगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** पशुपालन से ही देश की आबादी को रोगों से बचाया जा सकता है। गोमूत्र व गोबर से बनी ऑर्गेनिक खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरक के अंधाधुंध प्रयोग को रोका जा सकता है। जिससे सभी की थाली में शुद्ध भोजन भरोसा जा सकता है।

यह बात प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कही। वह रविवार को श्रीराम सेवा व शोध संस्थान द्वारा हैदरगंज स्थित विसुन बाबा मैदान पर गोवंश नंदी किसान सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गोवंश की प्रतिमा पर फूलमाला और पूजा के बाद शुरू हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों को पंडित नवल किशोर शास्त्री व पंडित हरिकरण मिश्रा पुजारी विष्णु बाबा ने कराया। इस दौरान उन्होंने अपने जोड़ी बैलों के साथ आए हुए रामशब्द पाल, करमराज, प्रभाकर पाल, भोरी यादव, पुत्तीलाल, रामपाल सहित ढाई सौ पशु पालकों को अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र के साथ 11 सौ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष संतोष दुबे, संचालन रामकरन वर्मा व राजेश दुबे ने किया। समारोह को मुख्य अतिथि के अलावा डॉ जीपी सेन, एसपी विश्वकर्मा, कीर्ति प्रकाश मिश्रा, चंदेश्वर प्रसाद, गोमती प्रसाद दुबे, अजय दुबे, चंद्र पांडे, चंद्रेश, शरद त्रिपाठी सहित अन्य ने संबोधित किया। इग्राम प्रधान जॉनी मिश्रा, श्रवण शर्मा, संतराम भारती, दिलीप मिश्रा, शिवम, रामराज मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।


गोवंश नंदी किसान सम्मान समारोह में पशुपालकों को सम्मानित करते गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता। अमृत विचार

# भोजपुरी गायक मनोहर सिंह और अलका की जुगलबंदी पर झूमे श्रोता

**27वें भरतकुंड महोत्सव का पंचम दिवस**
**मिल्कीपुर विधायक ने भी किया गरबा**

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** भरतकुंड महोत्सव के पांचवें दिन भोजपुरी गायक मनोहर सिंह और अलका सिंह पहाड़िया के शानदार गीतों और जुगलबंदी पर उपस्थित जन समूह जमकर झूमा। वहीं, नारी सशक्तिकरण गोष्ठी में शकुंतला त्रिपाठी, डॉ अर्चना चित्रांशी, वरिष्ठ अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, सीमा तिवारी, कृतिका शुक्ला, प्रतिमा शुक्ला आदि ने अपने विचार रखे। संचालन लेखिका डिम्पल तिवारी ने किया।




भरतकुंड महोत्सव में प्रस्तुति देतीं कलाकार एवं मेडिकल कॉलेज मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रो . डॉ . वीरेंद्र वर्मा को सम्मानित किया गया।

सुर साधना प्रतियोगिता में बच्चों ने शास्त्रीय गायन और नृत्य की अनेक प्रस्तुतियां की। सरदार जसबीर सिंह और इंदरप्रीत बेदी की नेत्तृत्व में गुरुवाणी कार्यक्रम कराया गया। गरबा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मिल्कीपुर के विधायक चंद्रभान पासवान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शक्ति त्रिपाठी एवं खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी मौजूद रहीं। विधायक ने भी भरतकुंड महोत्सव न्यास के पदाधिकारीयों के साथ मिलकर गरबा नृत्य किया। पंडित सत्य प्रकाश मिश्रा जी के भजन को लोगों ने बहुत सराहा। इसके बाद छत्तीसगढ़ की कलाकार रानी नंदिनी, आराध्या गौतम, प्रतिमा यादव के लोक नृत्य तथा सुजीत कुमार के अवध की धरोहर ग्रुप द्वारा सीता हरण नाटक के मंचन को देखने के लिए लोग देर रात तक जमे रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार पांडे, मुख्य व्यवस्थापक रामकृष्ण पांडे तथा संस्थापक सचिव अंबरीश चंद्र पांडे ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एसके पाठक, डॉ अनुपम पांडे, अशोक गुप्ता, राकेश तिवारी, डॉक्टर विजय शंकर मौर्य, शरद तिवारी, पंडित सत्यदेव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# देवा मेला : बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

**सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने मचाया धमाल, सुर और ताल का दिखा समागम**

**अमृत विचार।** देवा मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार को स्कूली बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार और जीजीआईसी देवा की प्रिंसिपल डॉ. सुविद्या वत्स ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभा शिक्षा निकेतन नरैनी की आयुषी यादव ने नारीवाद पर प्रभावशाली प्रस्तुति से की। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय बिसुनपुर की छात्राओं ने महिषासुर मर्दिनी पर नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय फतेहपुर की छात्राओं ने आओ प्रभु का स्वागत करें गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। अरुणोदय पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य और काव्या-आराध्या ने लोकनृत्य व टिंगा तापोरी से दर्शकों का मन मोहा। अंत में विद्यालय बिसुनपुर के बच्चों ने धरती सुनहरी, अंबर नीला, हर मौसम रंगीला, ऐसा देश है मेरा गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया।



## नन्ही नव्या ने बिखेरी कला की चमक

**देवा, बाराबंकी।** देवा मेला एवं प्रदर्शनी की सांस्कृतिक संध्या को रविवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की आठ वर्षीय बेटी नव्या त्रिपाठी ने अपनी मनमोहक कथक नृत्य प्रस्तुति से यादगार बना दिया। रामचरितमानस की चौपाई से शुरू हुई उनकी प्रस्तुति और फ़िल्म कलंक के गीत घर मोरे परदेसिया पर नव्या ने कोमल भावभंगिमा, सटीक नृत्य मुद्राएं और लयबद्ध प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। ऑडिटोरियम में तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह और बढ़ गया। मंच संचालकों और सांस्कृतिक समिति के सदस्यों ने उनकी अद्भुत प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि देवा मेला तभी सार्थक है जब नई पीढ़ी की प्रतिभाएं मंच पर चमक बिखेरें। इस मौके पर जिलाधिकारी की पत्नी शैलजा त्रिपाठी भी मौजूद रही।

**पंडित मोहन मिश्रा की भक्ति प्रस्तुति ने दर्शकों को किया ओतप्रोत :** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हरिहरपुर घराना, आजमगढ़ के प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित पंडित मोहन मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने भावपूर्ण गीत देवा के चरणों में जो आके शीश झुकते हैं, उनकी हर बिगड़ी मेरे देवा पल भर में बनाते हैं से की। इसके बाद उन्होंने कई भक्ति गीत प्रस्तुत कर पूरे पंडाल में भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम रच दिया।

## प्रीति लाल की सुरमयी प्रस्तुति ने बांधा समां

**देवा, बाराबंकी।** विश्व प्रसिद्ध देवा मेला के सांस्कृतिक मंच पर रविवार की शाम लोकगायिका प्रीति लाल ने अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आरंभ उन्होंने गणेश वंदना गणपति आए मोरे अंगना बाज रही शहनाई से किया, जिसने वातावरण को भक्ति भाव से भर दिया। लोकधुनों की श्रृंखला में प्रीति लाल ने दादरा लोकगीत करूं गुईयां बलम रंगरसिया" और ले चल देवा बाजार हो, जिया न लागे घर मा से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का समापन उन्होंने सूफी कलाम लाल मेरी पत रखियो सदा झूले लालण और प्रसिद्ध कव्वाली छाप तिलक सब छीनी रे से किया, जिसकी प्रस्तुति पर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

## रक्तदान है महादान : मो. राशिद

**पूरा बाजार, अमृत विचार :** रक्तदान महादान है। इसके माध्यम से जरूरतमंदों की जिंदगियों को बचाया जा सकता है। यह बात नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के चेयरमैन मोहम्मद राशिद ने कही। वह रविवार को मुलायम सिंह यादव की स्मृति में प्रयास ट्रस्ट द्वारा जय मां दुर्गे धर्मावती महाविद्यालय कल्याण भदरसा में रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर रहे थे। अंबेडकरनगर सांसद लाल जी वर्मा ने कहा कि मुलायम सिंह यादव के आदर्श पर चलकर समाज में आपसी समरसता कायम करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संस्था की ओर से डॉ राम प्रताप यादव, कॉलेज के प्रबंधक विपिन यादव ने आए हुए अतिथियों को मुलायम सिंह यादव का पटचित्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। निशुल्क मेडिकल चेकअप के साथ दवाइयां भी वितरित की गई। सपा नेता अनिल यादव, प्रधान शंकर जीत यादव, प्रधान मुकेश यादव, बृजनंदन यादव, ज्ञान बहादुर यादव, राम सजीवन यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# 10 मीटर राइफल स्पर्धा में प्रनतपाल व उमा ने मारी बाजी

मिल्कीपुर, अयोध्या।

- **दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयीय पुरुष महिला शूटिंग प्रतियोगिता का समापन**

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के क्रीड़ा विभाग द्वारा मिल्कीपुर के संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोहली में आयोजित दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयीय पुरुष एवं महिला पिस्टल और राइफल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। 10 मीटर राइफल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में साकेत महाविद्यालय के प्रनतपाल सिंह व बालिका वर्ग में देव इंद्रावती पीजी कॉलेज अंबेडकर नगर की उमा तिवारी ने बाजी मारी।

विजेता प्रतिभागियों को मेडल व पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं 10 मीटर पिस्टल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में साकेत महाविद्यालय के भाष्कर पांडेय व महिला वर्ग में संत भीखा दास रामजस कॉलेज मोहली की साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 14 महाविद्यालयों के 65 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। राइफल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बाबा विश्वनाथ कॉलेज बीकापुर के जय तिवारी ने द्वितीय, राम जानकी पीजी पीजी कॉलेज रामनगर अमावासूफी के शिखर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर की अर्पिता सिंह ने द्वितीय स्थान, कुंवरि चन्द्रावती पीजी कॉलेज की नुसरत जहां ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पिस्टल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बाबा विश्वनाथ पीजी कॉलेज के शेर बहादुर ने द्वितीय स्थान तथा विमला सिंह मेमोरियल कालेज के उत्कर्ष सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पर्यवेक्षक डॉ. अनुराग पांडेय ने बताया कि विजेता प्रतिभागियों में चयनित प्रतिभागी अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ सर्वेश तिवारी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि असफल प्रतिभागियों को भी निराश न होकर निरंतर अभ्यास और प्रयास करते रहना चाहिए। प्रबंधक डॉ. एनसी तिवारी, आयोजन सचिव डॉ. शैलेश तिवारी, पर्यवेक्षक डॉ मनीष सिंह, डॉ अर्जुन सिंह, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. आरके तिवारी, डॉ. मनोज कुमार दूबे, डॉ. देव कुमार दुबे नीरज मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

# युवक ने बंदूक से खुद को मारी गोली, मौत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सुनहरा लालपुर गांव में बीती रात एक युवक ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। युवक द्वारा खुद को गोली मरने की घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि अंकित वर्मा उर्फ अरविंद उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र पुत्र राम तीरथ वर्मा की चार साल पहले शादी हुई थी और उसकी तीन साल की एक बेटी भी है। परिवार में माता-पिता और पत्नी समेत पांच सदस्य हैं, जबकि उनकी चारों बहनों की शादी हो चुकी है। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात खाना खाने के बाद अंकित अपने कमरे में सोने गए थे, जबकि उनकी पत्नी नीचे थी। कुछ देर बाद गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो अंकित खून से लथपथ पड़े थे। पास ही लाइसेंसी सिंगल बैरल बंदूक पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंदूक को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



मौके पर जांच-पड़ताल करते अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास व अन्य पुलिसकर्मी।

**कोतवाली प्रभारी बोले**

अकबरपुर कोतवाली प्रभारी श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि युवक ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## इलाज के दौरान महिला ने तोड़ा दम महादेवा घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कोतवाली टांडा क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर कोरई मोहिउद्दीनपुर की काजल जो प्रेमी के साथ मोटरसाइकिल पर बैठ कर भाग कर दिल्ली जा रही उसका अंतिम संस्कार रविवार को सरयू नदी के किनारे महादेवा घाट पर पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया। मुख्यग्नि महिला के पिता मिश्री लाल ने दी। बता दें कि बीती रात काजल का शव उसके मायके ग्राम पहाड़पुर कोरई मोहिउद्दीनपुर पहुंचा। ग्राम में सीओ टांडा शुभम कुमार तथा कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी भी मौके पर पहुंचे। बीते 29 अगस्त को काजल अपने प्रेमी रवि वर्मा के साथ मोटरसाइकिल से भाग कर दिल्ली जा रही थी। रास्ते में आगरा जनपद में यमुना एक्सप्रेस-वे पर उसकी साड़ी मोटरसाइकिल के पिछले चक्के में फंस गई और गिर गई। जिससे उसके सिर मे गंभीर चोट आने से वह कोमा में चली गई थी। इलाज के दौरान 40 दिन बाद उसकी लखनऊ में मौत हो गई। लखनऊ में ही महिला का पोस्टमार्टम हुआ और शव घर पर लाया गया था। उक्त संबंध में सीओ टांडा शुभम कुमार ने बताया कि इस मामले में अपहरण के आरोप में मुकदमा पहले से दर्ज है। जिसकी विवेचना कोतवाली टांडा के उप निरीक्षक दिनेश चंद्र मौर्य द्वारा की जा रही है। सारे सबूतों और गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर हुआ भव्य पथ संचलन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर बंधन मैरिज लॉन में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया। पथ संचालन बंधन मैरिज लॉन से चौक होते हुए श्रीराम मूर्ति से नई सडक़ से फिर बंधन मैरिज लॉन तक हुआ। घोष की मधुर ध्वनि और अनुशासित स्वयंसेवकों के कदमताल ने नगर में राष्ट्रभक्ति का वातावरण बनाया।



पथ संचलन पर मौजूद स्वयं सेवक। अमृत विचार

स्थानीय व्यवसायियों ने पथ संचलन का पुष्पवर्षा के साथ उत्साहपूर्ण स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सूबेदार रिटायर्ड ओम प्रकाश मिश्रा, डॉ. हर्षवर्धन सिंह और संघ चालक गोरेलाल ने शस्त्र पूजन के साथ किया, जो संघ की परंपरा और अनुशासन का प्रतीक रहा। मुख्य वक्ता डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने शाखा में नियमित सहभागिता के लाभ और पंच परिवर्तन के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला, जिससे स्वयंसेवकों में समाज सेवा का उत्साह जागृत हुआ। इस अवसर पर जिला व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण, नगर कार्यवाह संजीव, नगर प्रचारक मनजीत, विनय, प्रेमप्रकाश, जंग बहादुर सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। यह आयोजन आरएसएस की राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नगरवासियों ने इस कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जिसने एकता और अनुशासन का संदेश दिया।

## टीम ने सरसों तेल, बेसन, पनीर और दूध का नमूना जांच को भेजा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के आदेश के अनुपालन में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज पर्व के अवसर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सचल दल द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जनपद के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण करते हुए अपमिश्रण के संदेह पर सरसों का तेल, बेसन, पनीर, दूध आदि के कुल 05 नमूनें संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। टीम ने रमेश कुमार पहितीपुर के स्पेलर आटा चक्की पर विक्रयार्थ भण्डारित लगभग 50 लीटर सरसों तेल अनुमानित मूल्य नौ हजार रुपए तथा केपी एण्ड सन्स इण्टरप्राइजेज मीरानपुर, एनटीपीसी टांडा पर विक्रयार्थ भंडारित लगभग 150 किग्रा . बेसन अनुमानित मूल्य 24 हजार रुपए को प्रथम दृष्टया मिलावटी प्रतीत होने पर नियमानुसार जब्त किया है। जब्त किए गए कुल खाद्य पदार्थों का अनुमानित मूल्य 33 हजार रुपए है। जांच टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय, ओम प्रकाश, मो . नसीम खान और संतोष कुमार वर्मा सम्मिलित रहें।

# 5 हजार 788 छात्रों ने छोड़ी यूपीपीएससी परीक्षा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में रविवार को लोक सेवा आयोग की प्रवर अधीनस्थ सेवा पीसीएस, सहायक वन संरक्षक एसीएफ और क्षेत्रीय वन अधिकारी आरएफओ पदों के लिए आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के सकुशल संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस लिया।

रविवार को जनपद के 24 केंद्रों पर दो पालियों सुबह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक परीक्षा हुई। परीक्षा में शामिल होने के लिए कुल 11 हजार 304 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। पहली पाली की परीक्षा में 5 हजार 448 छात्रों ने परीक्षा दी। वहीं 5 हजार 757 छात्रों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा में 5 हजार 516 छात्र सम्मिलन हुए। वहीं 5 हजार 788 छात्रों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा के दौरान सहायक केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे। परीक्षा के दौरान केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट मशीन, स्कैनर और प्रिंटर की दुकानें बंद रहीं। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बीएस इंटर कॉलेज सहित परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली।



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और साथ में एसपी अभिजित आर शंकर।

**जिलाधिकारी और एसपी ने किया निरीक्षण**

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सीसीटीवी कंट्रोल रूम से विभिन्न कक्षाओं में संचालित परीक्षाओं की निगरानी की तथा परीक्षा कक्षों में जाकर भी परीक्षा प्रक्रिया का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और आयोग के निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करें।

## किशोरियों को भगाने के दो अलग-अलग मामले, केस दर्ज

**जलालपुर।** कटका थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग क्षेत्र से दो नाबालिक किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले गए। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। बता दें कि थाना क्षेत्र के स्कूल गई 11वीं की छात्रा जो बीते 8 अक्टूबर को घर से 9 बजे स्कूल के लिए निकली, लेकिन घर नहीं आई तो परिजनों द्वारा काफी छानबीन किया गया। जिसके बाद छात्रा द्वारा मोबाइल से बात हुई लेकिन स्थान नहीं बताया गया। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र में ही 17 वर्ष की एक किशोरी को विपक्षी ने शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर अपने साथ लेकर फरार हो गया। जिसके बाद पीडित ने उसकी खोजबीन किया लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। दोनों पक्षों के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किसानों को डिजिटल रूप से किया जा रहा है सशक्त

**जलालपुर।** तहसील क्षेत्र के बड़ेपुर सहकारी समिति परिसर में एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड पीसीएफ के सभापति बाल्मीकि त्रिपाठी रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत फूल-मालाओं से अशोक उपाध्याय, जिला मंत्री पंकज वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने किया। इस अवसर पर बाल्मीकि त्रिपाठी ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार एम-पैक्स बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त करने के लिए डिजिटल हो किसान हमारा का नारा दिया गया है। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के निदेशक राघवेंद्र प्रताप सिंह, सूबेदार यादव, कृष्ण अग्रहरी, प्रभात जायसवाल, विजय कुमार सिंह, प्रमोद उपाध्याय, फूलचंद वर्मा, अनिरुद्ध गौड़, रोहित कुमार, ग्राम प्रधान विनोद कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** | **स्थानीय हुनर को मिल रहा नया मंच, स्वदेशी मेला बना आत्मनिर्भरता का प्रतीक**

# स्वदेशी मेले में स्थानीय उत्पादों के प्रति बढ़ा उत्साह

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अंतर्गत स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के लोहिया भवन अकबरपुर में चल रहे 10 दिवसीय स्वदेशी मेले में रविवार को चौथे दिन भी उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।

मेले में स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों द्वारा निर्मित लघु, कुटीर और ग्राम उद्योग उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जा रही है, जिन्हें देखने और खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रविवार को स्वदेशी मेले में कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान टांडा और जहाँगीरगंज के छात्र-छात्राओं ने मेले का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी लेते हुए उद्योग विभाग के स्टॉल पर पंजीकरण कराया। जनपद ने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। मेले में टांडा के वस्त्र उत्पाद, मिट्टी के बर्तन, जरी-जरदोजी वस्त्र, कढ़ाई-बुनाई सामग्री तथा दोना-पत्तल बनाने की मशीनें प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहीं, जो जनपद की समृद्ध हस्तशिल्प परंपरा और स्वावलंबन की भावना को सशक्त रूप में प्रदर्शित कर रही हैं।



लोहिया भवन सभागार में मेले में लगी प्रदर्शनी देखते छात्र-छात्राएं।

**स्थानीय उद्यमियों को दें प्रोत्साहन**

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपदवासियों से अपील किया कि वह स्वदेशी मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहन दें। मेले के माध्यम से जनपद के उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सकेगा तथा स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा।

## छात्रा को धमकाने के मामले में युवक गिरफ्तार

**जलालपुर।** मालीपुर पुलिस ने छात्रा का पीछा करके उसे जबरन धमका कर मोबाइल देने के मामलें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। मालीपुर क्षेत्र की एक छात्रा ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि वह शनिवार को पढने के लिए कॉलेज जा रही थी, इसी बीच घर से पांच सौ मीटर दूरी पर सौरभ राजभर निवासी बरामदपुर जिला सुल्तानपुर एक अज्ञात के साथ बाइक से पीछा करते हुए आया और जबरन रोक कर बात करने का दबाव बनाने लगा और हाथ पकड़ कर मोबाइल देने लगा। मना करने पर धमकी दिया जिसके डर से उसने मोबाइल ले लिया और घर आकर पूरी बात परिजनों को बतायी थी।

# सामूहिक विवाह के लिए 21 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन

बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** रविवार को प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित सर्व धर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए शुरू की गई रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के चौथे चरण में पहले पहुंचे तीन वैवाहिक जोड़ों ने अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्रस्तुत किया। हालांकि इसके बाद कई अन्य लोग भी रजिस्ट्रेशन के लिए आए हुए थे, लेकिन ट्रस्ट के द्वारा निर्धारित 21 वैवाहिक जोड़ों की संख्या पूरी हो जाने के कारण अन्य लोगों को वापस लौटना पड़ा।

बता दें कि इससे पहले तीन चरणों में हुए रजिस्ट्रेशन में कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए थे। सर्वधर्म सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत गरीब परिवार की 21 बेटियों की शादी शाही अंदाज में करने के क्रम में रविवार को कुल 21 आवेदन पत्र ट्रस्ट को प्राप्त हो चुके हैं। पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शरद यादव ने बताया कि रविवार को कुल 21 गरीब असहाय परिवार की बेटियों की शादी शाही अंदाज में कराने की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। सभी चयनित वैवाहिक जोड़ों औद्धर परिवार के सदस्यों को आगामी 23 अक्टूबर को हिंदुस्तान मैरिज हॉल में बुलाया गया है। जहां पर आगामी 3 नवंबर को आयोजित सर्वधर्म सामूहिक विवाह के अंतर्गत उनके रहने, खाने-पीने की व्यवस्था के साथ वैवाहिक कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं से अवगत कराया जाएगा।



सामूहिक विवाह कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन कराते जोड़े व साथ में मौजूद संस्था के अध्यक्ष डॉ . शरद यादव।

**न्यूज़ ब्रीफ**

## पुण्यतिथि पर याद किए गए डा. लोहिया

**कादीपुर, सुलतानपुर :** समाजवादी पार्टी कैंप कार्यालय पर रविवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगेलू राम ने कहा कि लोहिया अत्याचार व शोषण के खिलाफ आजीवन लड़े। लोहिया वाहिनी के प्रांतीय सचिव बसंत अग्रहरि ने उन्हें सामाजिक न्याय का प्रतीक बताया। कहा गया कि डॉ. लोहिया के योगदान को सदैव याद किया जाएगा। कार्यक्रम में कई लोग रहे।

## सराय जुझार की प्रधान के निधन से शोक

**चांदा, सुलतानपुर :** प्रतापपुर कमैचा ब्लाक के ग्रामसभा सराय जुझार की प्रधान मीरा देवी का रविवार को आवास पर निधन हो गया। लंबे समय से बीमार मीरा देवी हाल ही में लखनऊ से दवा लेकर लौटी थीं। निधन की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। दोपहर में उनका अंतिम संस्कार गोमती नदी के धोपाप घाट पर संपन्न हुआ, जिसमें कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने बाजार में किया पथ संचलन

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** खंड दोस्तपुर मंडल बम्हरौली न्याय पंचायत के स्वयंसेवकों ने बाजार में पथ संचलन किया। यह संचलन नई बाजार लान से शुरू होकर चौकघंटाघर, छावनी तिराहा, ब्लॉक चौराहा और कस्बे की गलियों से होते हुए वापस लान पर समाप्त हुआ। सैकड़ों स्वयंसेवक गीत गाते हुए अग्रसर रहे। स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अध्यक्षता श्री कांत ने की। मुख्य वक्ता संतोष, कपूर चंद्र बरनवाल, राजकुमार गुप्ता, स्वर्णिम बरनवाल, पंकज गुप्ता और विवेक तिवारी उपस्थित रहे।

# आसान इतिहास-भूगोल, कठिन बने करंट अफेयर्स और विज्ञान के प्रश्न

### 9792 परीक्षार्थियों में आधे से अधिक उपस्थित, पेपर प्रथम से तय होगा कट-ऑफ


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार


कड़ी तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को सेंटर के अंदर जाने दिया गया। अमृत विचार

- **जिले में शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न हुई पीसीएस/एसीएफ/आरएफओ प्रारंभिक परीक्षा**

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रविवार को आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय अधिकारी वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा में प्रथम पाली का प्रश्नपत्र छात्रों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा।

परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के दो पेपर पहला सामान्य अध्ययन और दूसरी पाली में सीसैट शामिल थे। प्रत्येक पेपर 200 अंकों का था, कुल अंक 400 थे। कट-ऑफ की गणना केवल सामान्य अध्ययन पेपर प्रथम के अंकों पर आधारित होगी, जबकि पेपर सीसैट द्वितीय योग्यता-पत्र था, जिसमें उत्तीर्ण होने के लिए 33 प्रतिशत अंक आवश्यक थे। पीसीएस/एसीएफ/आरएफओ 2025 प्रारंभिक परीक्षा के लिए शहर के जीआईसी, केश कुमारी जीजीआईसी समेत जिले में 22 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में परीक्षा शुरू हुई। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह साढ़े नौ से साढे. 11 बजे तक आयोजित की गई।

वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक आयोजित की गई। केशकुमारी केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकले अमित, शशांक सिंह, प्रीति सिंह समेत अन्य अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रथम पाली के प्रश्नपत्र में छात्रों को इतिहास, भूगोल और पर्यावरण जैसे सामान्य अध्ययन के प्रश्न आसान लगे, लेकिन करंट अफेयर्स, विज्ञान और अर्थशास्त्र के प्रश्न काफी चुनौतीपूर्ण रहे। तथ्यात्मक प्रश्नों की अधिकता और ट्रिकी विकल्पों ने छात्रों को काफ़ी परेशान किया। विशेष रूप से यूपी लोकसेवा आयोग के एक प्रश्न में चार उप-प्रश्न सम्मिलित करने के प्रयास ने कई छात्रों को असमंजस में डाल दिया।

जीआईसी केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकले अल्तमश, स्नेहा, राहुल व कांति सिंह समेत कई अन्य छात्रों का कहना है कि कठिन विकल्पों और मिश्रित प्रश्नों ने उनकी रणनीति पर असर डाला। वहीं, परीक्षा के समग्र कठिनाई स्तर को आसान से मध्यम बताया गया है, और सभी खंडों में प्रश्नों का संतुलित वितरण देखा गया।

इतिहास और भूगोल जैसे पारंपरिक विषयों में सहज प्रश्न रहे, लेकिन करंट अफेयर्स, विज्ञान और अर्थशास्त्र में उन्नत स्तर के प्रश्न छात्रों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुए। इस परीक्षा में उच्च अंक पाने के लिए छात्रों को पेपर प्रथम पर विशेष ध्यान देना होगा, क्योंकि कट-ऑफ केवल इसी पेपर के अंकों पर आधारित होगी। सीसैट पेपर द्वितीय में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक अर्जित करना आवश्यक है। इधर, परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के काफी पुख्ता प्रबंध किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मचारी और अधिकारी भ्रमण करते नजर आए ताकि कहीं कोई गड़बड़ी न हो सके।

### 9792 परीक्षार्थी थे आवंटित

जिला सूचना कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार जिले में आयोजित परीक्षा में प्रथम पाली में 4849 छात्र उपस्थित हुए जबकि 4943 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उपस्थित छात्र 4819 और अनुपस्थित 4973 थे, कुल परीक्षार्थी संख्या 9792 थी। परीक्षा में नकारात्मक अंकन की नीति लागू थी, जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर पर 1/3 अंक काटे गए।

## नारद के अपमान पर भगवान विष्णु को दिया श्राप

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** श्री जय बजरंग रामलीला समिति, दुल्हापुर भगीरथपट्टी द्वारा आयोजित सात दिवसीय रामलीला के प्रथम दिवस पर नारद मोह, भगवान श्रीराम जन्म का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों की अभिनय शैली ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवनीश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू ने परंपरागत भगवान शिवजी की आरती से किया। कथा के अनुसार, नारद जी को ज्ञात हुआ कि विश्व मोहिनी का स्वयंवर होने वाला है। उन्होंने भगवान विष्णु से अपने विजयी होने हेतु स्वरूप देने की प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने नारद को वानर मुख का रूप प्रदान किया। स्वयंवर में उपहास होने पर क्रोधित नारद ने भगवान विष्णु को श्राप दिया कि भविष्य में वानर ही उनके मानव अवतार के सबसे बड़े सहयोगी बनेंगे। इसके बाद रामलीला में राजा दशरथ द्वारा पुत्र प्राप्ति हेतु यज्ञ कराया गया। गुरु वशिष्ठ की सलाह पर श्रृंगी ऋषि द्वारा किए गए यज्ञ से अग्नि देव ने राजा दशरथ को दिव्य फल प्रदान किया, जिसे तीनों रानियों ने ग्रहण किया। फलस्वरूप जन्मे राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न पर पूरी जगह हर्षोल्लास का माहौल छा गया। कार्यक्रम में रबिन्द्र बहादुर सिंह, कैलाश चंद्र दुबे, गोलू सिंह, राजू सिंह, मेहंदी हसन आदि रहे।


रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## महिला से मारपीट युवक पर केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुरः** थाना क्षेत्र के रोहियांवा कटघरा गांव की निवासी इजलासा शर्मा पत्नी रामजबर शर्मा ने अपने पड़ोसी नन्हकऊ शर्मा के खिलाफ मारपीट और धमकी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि जब उनके घर के पुरुष सदस्य बाहर रहते हैं, तभी आरोपी नन्हकऊ शर्मा उन्हें आए दिन परेशान करता है। घटना के दिन वह घर की दीवार में चूहे द्वारा बने गड्ढे को ईंट से बंद कर रही थीं, तभी आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लात, घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।


मेले में मौजूद लोग। अमृत विचार

## 'यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला' बना आकर्षण का केंद्र

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में चल रहे 'यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला-2025' में रविवार को चौथे दिन भारी भीड़ उमड़ी। मेले में जनपद के हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों और विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी एवं उत्पादों को देखने के लिए आमजन लगातार पहुंच रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों ने मेले में लगे स्टॉलों का भ्रमण किया और हस्तशिल्पियों से निर्मित वस्तुओं की खरीदारी भी की। उन्होंने विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि "दीपावली पर स्वदेशी कपड़े, दीये और मोमबत्तियों की खरीद कर स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करें।" श्री सिंह ने मेले के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की। दस दिवसीय यह स्वदेशी मेला 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक जनहित में खुला रहेगा।

# श्याम कीर्तन में झूमे श्याम प्रेमी

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर में आयोजित भव्य श्याम कीर्तन महोत्सव में भक्तिभाव का अद्भुत माहौल देखने को मिला। हजारों की संख्या में जुटे श्याम प्रेमी देर रात तक भजनों की सुरधारा में झूमते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ, जिसे प्रसिद्ध भजन गायक नीरज चौधरी ने अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसके बाद प्रसिद्ध श्याम भजन प्रवाहक खत्री एवं क्षत्रिय ब्रदर्स ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गोंडा से आई प्रसिद्ध श्याम भजन प्रवाहिका दीपिका मिश्रा ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्याम प्रेमियों को देर रात तक नचाया और झुमाया। उनके भजनों पर उपस्थित भक्त "जय श्री श्याम" के जयकारों से गूंज उठे। कार्यक्रम में बाबा श्याम के अद्भुत श्रृंगार दर्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तों ने भक्ति भाव से बाबा के दर्शन कर मनोकामनाएं मांगीं। आयोजक साहबदीन अग्रहरि, विशिष्ट अतिथि विधायक सुरेश पासी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह समेत अन्य रहे।


भजन प्रस्तुत करतीं दीपिका मिश्रा। अमृत विचार

## राहुल करेंगे सीनियर बालिका राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का चयन



**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी राहुल तिवारी को माध्यमिक क्रीड़ा स्पर्धा प्रधानाचार्य क्रीड़ा संस्थान की ओर से अंडर-19 सीनियर महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के चयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राहुल वर्तमान में कंपोजिट विद्यालय परवर, कूरेभार ब्लॉक में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वे 13 से 16 अक्टूबर तक कानपुर में प्रदेश टीम चयनकर्ता की भूमिका निभाएंगे। वे तीन वर्ष तक अवध यूनिवर्सिटी क्रिकेट टीम के कप्तान रहे हैं। आठ बार नेशनल स्तर पर खेल चुके हैं और यूपी टीम की कप्तानी कर चुके हैं। सिविल सर्विसेज टीम से खेलने का अनुभव रखने वाले राहुल की इस उपलब्धि पर बीएसए उपेंद्र गुप्ता, व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह, मुनेन्द्र मिश्रा, अनुपम शुक्ला, मो. सईद, दिलशाद अहमद लकी आदि ने बधाई दी।

# हर्षोल्लास से मनाया श्री विजयदशमी उत्सव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को जिले के ढेलहा स्थित मंडल परिसर में श्री विजयदशमी उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश वर्मा ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारक आशीष जी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्रीरामचंद्र जी, संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार और गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं शस्त्र पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात अमृत वचन व एकल गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता आशीष ने विजयदशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक पर्व है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष मना रहा है, जो समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। उत्सव के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन निकाला गया। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सह जिला बौद्धिक प्रमुख, जिला धर्म जागरण प्रमुख राधे कृष्ण, खंड कार्यवाह अजय, घनश्याम, जगन्नाथ मौर्य, लालता गौतम, चन्द्रसेन सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


ढेलहा में आयोजित विजयदशमी उत्सव को संबोधित करते जिला प्रचारक।

### रामदेव इंटर कॉलेज में मनी विजयदशमी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुस्तफाबाद सरैया स्थित रामदेव इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शताब्दी वर्ष के तहत विजयदशमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल रघुनायक प्रसाद ने की, मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार केशव प्रसाद रहे, जबकि मंडल पालक ऋषभ जी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक देवी प्रसाद पांडेय, मंडल कार्यवाह जयओम, प्रचार प्रमुख पंकज, सुनील, शोभनाथ, आशाराम, राहुल, सूरज, रामजगत, नीरज पांडेय, रामप्रीत, चंदन सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## जीव प्रेमियों से पूर्व सांसद मेनका ने की मदद की अपील

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले में असहाय पशुओं की मदद और संरक्षण के लिए पूर्व सांसद मेनका संजय गांधी ने जिले के प्रमुख जीव प्रेमियों, समाजसेवियों, चिकित्सकों और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुलतानपुर में उनके सांसद कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से एसपीसीए पशु अस्पताल की स्थापना की गई थी, जो अब एक वर्ष से सफलतापूर्वक संचालित है और अनेक असहाय जीवों का उपचार कर चुका है। मेनका गांधी ने कहा कि कानून के अनुसार इस अस्पताल के लिए स्थायी बजट, एम्बुलेंस और जिलेभर में सदस्यता व्यवस्था आवश्यक है ताकि बीमार जानवरों का उपचार हो सके और गो-तस्करी जैसी घटनाओं पर रोक लगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने जीवप्रेमियों से अपील की कि वे धन, दवा, उपकरण या भोजन के रूप में यथासंभव सहयोग करें। उन्होंने कहा कि "हममें से प्रत्येक के पास जीवन बचाने की शक्ति है।" इस बीच एसपीसीए मॉनिटरिंग प्रभारी प्रदीप यादव ने बताया कि संस्था के वालेंटियर जल्द ही समाजसेवियों से मिलकर सहयोग अभियान को गति देंगे।


मेनका गांधी।

## ट्रक की चपेट में आई महिला, मौत

**चांदा, सुलतानपुरः** चांदा के रिखपुर निवासी त्रिभुवन (26) अपनी मां अमरावती (45) पत्नी रामकेवल को दवा दिलाने बाइक से लेकर जा रहे थे, तभी प्रतापपुर कमैचा गांव के समीप ओवरब्रिज के नीचे से गुजरते समय सर्विस लेन पर आ रही ट्रक की चपेट में आ गए। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अमरावती को मृत घोषित कर दिया और त्रिभुवन को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ने शव और दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

## गायत्री प्रज्ञा धाम में सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गायत्री परिवार के संयोजन में गायत्री प्रज्ञा धाम में चल रहे पांच दिवसीय यज्ञ, कथा के अंतिम दिन सामूहिक विवाह के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। सामूहिक विवाह में 15 जोड़े अटूट बंधन में बंधे। रविवार को स्थानीय कस्बे के प्रज्ञा एकेडमी विद्यालय के प्रांगड़ में गायत्री परिवार द्वारा चल रहे यज्ञ, कथा के अंतिम दिन सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। विवाह में क्षेत्र के 15 बेटियों की शादी विधि विधान से गायत्री परिवार द्वारा कराई गई। परिणय सूत्र में बंधे सभी जोड़ो को गायत्री परिवार द्वारा बेड,बिस्तर,गहने, कपड़े, पंखे आदि देकर विदा किया गया। विवाह के समय पूरे प्रांगड़ में उत्सव का माहौल रहा। हर व्यक्ति ऐसे पावन अवसर का साक्षी बनने को आतुर रहा। गायत्री परिवार द्वारा सभी जोड़ो की विधि विधान से शादी कराई गई। कार्यक्रम में हरेंद्राचार्य महराज अयोध्या, देव मूर्ति महराज अयोध्या, शिव कुमार सिंह ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय आदि शामिल रहे। अतिथियों ने वर वधु पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया विद्यालय के प्रबंधक दयाराम अग्रहरी द्वारा प्रज्ञा ज्योति पुस्तक का विमोचन अतिथियों द्वारा कराया गया। सभी जोड़ों को अतिथियों द्वारा आशीर्वाद देकर वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की।

# प्रभु को पाने के लिए वेदांत की शरण जरूरी

**विजेथुआ महोत्सव**

सूरापुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विजेथुआ महोत्सव के तीसरे दिन चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य ने वाल्मीकि रामायण कथा सुनाते हुए कहा कि भारत के पांचों दर्शन पूर्व पक्ष और वेदांत दर्शन उत्तर पक्ष हैं। भगवान को पाने के लिए वेदांत की शरण लेना जरूरी है। उन्होंने बताया कि वे त्रिदण्डी साधू हैं और भारतीय वैदिक संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए ही साधू बने हैं। रामभद्राचार्य ने कहा कि वाल्मीकि रामायण में परमात्मा सभी गुणों से युक्त और पूर्ण रूप में प्रस्तुत हैं। बालक राम सबको आकर्षित करते हैं और रावण ने भी चैत्र रामनवमी के दिन लंका में मांसाहार और मदिरा पर प्रतिबंध लगाया था। उन्होंने कहा, राघव जी हमार महाराज होंगे, राजाधिराज होंगे। कार्यक्रम में आयोजक विवेक तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस अवसर पर प्रमोद मिश्र, मुन्ना, डॉ. आद्या प्रसाद सिंह, प्रदीप, ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह, रवि, सुशील त्रिपाठी, घनश्याम चौहान, पवन कुमार सिंह सहित अनेक प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। बता दें कि विजेथुआ महोत्सव के तीसरे दिन कथा सुनने के लिए स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में भक्तों का जमघट लगा था। सभी श्रद्धालुओं ने रामभद्राचार्य जी महाराज की कथा ध्यान से सुनीं।


कथा सुनाते रामभद्राचार्य जी महाराज।


विजेथुआ महोत्सव में कथा सुनने के लिए उमड़े लोग। अमृत विचार

## शिलापट्ट से टकराई कार, चालक सुरक्षित

**करौंदीकला, सुलतानपुरः** प्रतापपुर में विजेथुआ धाम दर्शन कर लौट रहे युवक की कार सड़क किनारे लगे शिलापट्ट से टकरा गई। हादसा तब हुआ जब चालक ने अचानक सामने आए छुट्टा मवेशी को बचाने की कोशिश की। प्रतापगढ़ जिले के ढकवा बाजार निवासी विशाल पांडेय सुबह विजेथुआ धाम दर्शन करने गए थे। घर लौटते समय प्रतापपुर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे शिलापट्ट से टकरा गई। टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई, लेकिन चालक विशाल पांडेय सुरक्षित रहे। हादसे से वाहन को गंभीर नुकसान पहुंचा, वहीं आसपास कोई घायल नहीं हुआ।

**सुलतानपुर डायरी**

### कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** खैराबाद स्थित आईडीबीआई बैंक एटीएम में एटीएम बदलकर नीरज द्विवेदी के साथ 63,500 रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। 4 मई 2025 को नीरज अपने खाते से 15,000 रुपए निकाल रहे थे, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उनका कार्ड बदल लिया और ऑनलाइन शॉपिंग सहित अन्य माध्यमों से कुल 63,500 रुपए निकाल लिए। नीरज ने तत्काल कार्ड ब्लॉक कराया और बैंक, साइबर थाने एवं कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। 4 सितंबर 2025 को उन्होंने एसपी को रजिस्टर्ड प्रार्थनापत्र भेजा। अंतत: न्यायालय सीजेएम के आदेश पर बल्दीराय थाने में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश दिया गया।

### नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया...

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दरियापुर स्थित दुल्हन मैरिज लॉन में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन वृंदावन वन से पधारे कथा व्यास कवि चंद्र दास ने भगवान श्री कृष्ण के वामन अवतार और जन्म की कथा सुनाई। कथा में महाराज बलि के दान, वामन अवतार और देवकी-वसुदेव के पुत्र कृष्ण के जन्म का प्रसंग शामिल था। कथा सुनकर सैकड़ों श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। श्री कृष्ण जन्म के अवसर पर हर-हाथी-घोड़ा पालकी और जय कन्हैया लाल के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्य यजमान राममूर्ति मिश्रा, सरोज मिश्रा, मनोज मिश्रा और प्रमोद मिश्रा ने परिवार सहित भगवान श्री कृष्ण और भागवत पुराण की आरती की। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह ने जन्मोत्सव का आनंद लिया।

### दीपावली मेला: चेयरमैन ने बताई शहर की सांस्कृतिक परंपरा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मारवाड़ी युवा मंच की गोमती और अवध शाखाओं ने रविवार को खुर्शीद क्लब में दीपावली मेला आयोजित किया। मेला स्थानीय समाज में एकता और आनंद बढ़ाने के साथ महिलाओं के हस्तशिल्प और कारीगरी को प्रदर्शित करने का उद्देश्य लिए था। बच्चों और बुजुर्गों के लिए मनोरंजन, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। मेले में एसराज ज्वेलर्स, राधा रानी क्रिएशन, बद्री ज्वेल्स पैलेस, नानक साड़ी सेंटर और डॉ. वर्तिका मिश्रा सहित कई स्टॉल लगे। खाने-पीने की व्यवस्था दयाल कैटर्स ने संभाली। आयोजकों ने दीपावली पर सभी से मिलकर खुशियां मनाने और नए रिश्तों की रोशनी जगाने का आह्वान किया। उद्घाटन उद्योग प्रोत्साहन की उपायुक्त नेहा सिंह, नगर पालिका चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की जिला इकाई हुई गठित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह में संगठन की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। समारोह में एडवोकेट श्याम बहादुर गुप्ता को जिलाध्यक्ष तथा लाल बहादुर गुप्ता को महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व अपर जिला अधिकारी अमृत लाल गुप्ता ने कहा कि शिक्षित हुए बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिला शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि सुल्तानपुर जनपद में भी सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से समाज को जनप्रतिनिधित्व तक पहुंचाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता रमेश चंद्र गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डी.सी. गुप्ता ने कहा कि राजनीतिक भागीदारी के बिना समाज का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने समाज के लोगों से अंधविश्वास व नशे से दूर रहकर बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का आह्वान किया।

### अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंस के लिए 13 से करें आवेदन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट कुमार हर्ष ने बताया कि दीपावली के अवसर पर 18 से 20 अक्टूबर तक नगर एवं तहसील क्षेत्रों में आबादी से बाहर सुरक्षित स्थानों पर आतिशबाजी की दुकानें लगाई जाएंगी। आवेदन-पत्र 13 व 14 अक्टूबर को कार्यालय कार्य अवधि में कलेक्ट्रेट स्थित आयुध पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी आवेदन-पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा। अस्थाई लाइसेंस में निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य स्थल पर आतिशबाजी विक्रय करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ओवरटेक करने में पलटा ट्रक

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे माइलस्टोन 154 .9 के पास रविवार को एक तेज रफ्तार डंपर को ओवरटेक करते हुए टाटा 407 पलट गई। वाहन में सवार चालक गणपत सिंह और उनके साथी को हल्की चोटें आईं। चालक ने बताया कि डंपर ने अचानक ओवरटेक किया, जिससे टक्कर से बचने के लिए उन्होंने गाड़ी डिवाइडर की ओर मोड़ी। संतुलन बिगड़ने के कारण गाड़ी सड़क किनारे पलटी और लदा सामान बिखर गया। गणपत सिंह गुजरात से अगरतला जा रहे थे और राजस्थान निवासी हैं। यूपीडा की टीम ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी हटवाई और यातायात सुचारू किया। हादसे में कोई गंभीर चोट नहीं आई। एक्सप्रेस-वे पर लगे कैमरों में घटना रिकॉर्ड हो गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### रामलीला स्थल तक किया पथ संचलन

रुपईडीह, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर प्रांतीय प्रचारक संजय की अगुवाई में कमड़ावा के पार्वती देवी शिशु मंदिर से रामलीला स्थल तक स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। संघ के जिला कार्यवाह अश्विनी कुमार शुक्ल, जिला सेवा प्रमुख सुधाकर पांडेय, ब्लॉक कार्यवाह प्रशांत मिश्र, राजेश तिवारी, उमानाथ तिवारी, सतीश, मुद्रिका तिवारी, रवि तिवारी, विनय पांडेय आदि लोग शामिल रहे।

### श्री श्याम रामलीला परिषद की हुई बैठक

करनैलगंज, गोंडा : ग्राम पिपरी स्थित श्री श्याम रामलीला परिषद की बैठक रविवार को हुई। बैठक में आगामी धनुषयज्ञ महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से सतीश पांडेय को पुनः अध्यक्ष और शिवशंकर गुप्ता को महामंत्री चुना गया। निर्णय लिया गया कि इस वर्ष धनुषयज्ञ महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा जिसमें स्थानीय व बाहरी कलाकार लीला मंचन करेंगे।

### चोरी के समान के साथ आरोपी गिरफ्तार

धानेपुर, अमृत विचार : स्थानीय पुलिस ने रविवार को एक चोर को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के दुल्हापुर बनकट गांव के मजरा नैपुरिया का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी संजय उर्फ बेकारू पुत्र छिट्टन पासी को पुलिस काफी दिन से तलाश रही थी। रविवार को थाने के समलेश कुमार पटेल व धमेन्द्र यादव हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव ने आरोपी चोर संजय उर्फ बेकारू को नैपुरिया गांव के मोड़ से गिरफ्तार कर लिया है।

# यूपी पीसीएस-प्री परीक्षा से नदारद रहे 7164 परीक्षार्थी

## जिले के 18 केंद्रों पर दो पालियों में करायी गई प्रारंभिक परीक्षा

संवाददाता गोंडा


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल। अमृत विचार

अमृत विचार: लोक सेवा आयोग की तरफ से रविवार को सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (यूपी पीसीएस) की प्रारंभिक परीक्षा जिले के 18 केंद्रों पर संपन्न हुई। दो पालियों में आयोजित इस प्रारंभिक परीक्षा में 7164 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में परीक्षाएं पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। एसपी विनीत जायसवाल व एडीएम समेत जिला स्तरीय अधिकारी केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा की निगरानी में लगे रहे।

यूपी पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पीसीएस परीक्षा के लिए जिले के राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कालेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज समेत 18 स्कूलों को केंद्र बनाया गया था। सभी केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया था तथा प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर व एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ हुई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश देने से पहले परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गयी और उन्हे किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक या अन्य उपकरण साथ ले जाने की इजाजत नहीं दी गयी। पहली पाली में 7488 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था लेकिन इसके सापेक्ष सिर्फ 3920 परीक्षार्थी ही परीक्षा देने पहुंचे। पहली पाली में 3568 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में भी 3892 परीक्षार्थी शामिल हुए जबकि 3596 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, एसपी विनीत जायसवाल व प्रयागराज से आए लोक सेवा आयोग के अधिकारी केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा का निरीक्षण करते रहे। परीक्षा की निगरानी के लिए राजकीय इंटर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। अधिकारियों ने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। एडीएम आलोक कुमार ने बताया दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण रही। डीआईओएस डा. रामचंद्र ने बताया दोनों पालियों में 14976 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें से पहली पाली में 3920 व दूसरी पाली में 3892 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि देवों पालियों में 7164 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी के लिए बीएसए अतुल तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह समेत अन्य अधिकारी मुस्तैद रहे।

### सामान्य अध्ययन के प्रश्नों में उलझे परीक्षार्थी

यूपी पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा के पहली पाली में सामान्य अध्ययन की परीक्षा कराई गई। इसके कई प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को उलझाया। पहली पाल में परीक्षा देकर बाहर निकले सचिन पांडेय ने कहा कि पिछली बार की अपेक्षा इस बार पेपर ठीक था। सामान्य अध्ययन का पेपर था। आठ दस सवाल ऐसे थे जिनमें कुछ दिक्कत थी। कुछ सवाल ऐसे थे जो एकदम नहीं आ रहे थे। फिर भी पेपर बहुत अच्छा था। पीसीएस का जो लेवल होना चाहिए उसके मुताबिक ही था। एक अन्य परीक्षार्थी ने कह वह तीन बार परीक्षा दे चुके हैं। एक बार मेंस भी क्लीयर हुआ था और इंटररव्यू भी दिया था। इस बार पेपर ईजी था लेकिन कुछ प्रश्नों के विकल्प बहुत करीबी बना दिए गए थे। ऐसे में उन्हे मिला पाना बड़ा कठिन हो रहा था।

# ब्राह्मणों के विरुद्ध सोशल मीडिया पर उगला जहर

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा व भाजपा मंडल महामंत्री ने युवक के खिलाफ दी तहरीर

संवाददाता, गोंडा


आरोपी इंद्रजीत। अमृत विचार


थाने पर मौजूद अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष व अधिवक्ता।

अमृत विचार: एक अनुसूचित जाति के युवक ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ जहर उगला है। उसने सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर पोस्ट वीडियो में ब्राह्मण समुदाय को गाली दी है। वीडियों का संज्ञान लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष ने थाने पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस वायरल विडियो की जांच कर रही है। युवक की पहचान इटियाथोक थाना क्षेत्र के पूरे सबसुख गांव के रहने वाले इंद्रजीत के रूप में हुई है। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित दिनेश तिवारी ने धानेपुर पुलिस को दी गयी तहरीर मे कहा है कि पूरे सब सुख गांव के मजरे पांडेय पुरवा का रहने वाला इंद्रजीत ब्रह्मण समुदाय के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी कर रहा है और पूरे समुदाय को गाली दे रहा है इससे समूचे समुदाय मे आक्रोश है। उसने यह बयान सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर पोस्ट कर रखा है। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा है। पंडित दिनेश तिवारी ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान उनके साथ हाईकोर्ट के अधिवक्ता गणेश नाथ मिश्र, पवन तिवारी, उत्तम पांडेय, नवीन मिश्रा व अन्य मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। विडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। मामले में उचित कार्रवाई की जायेगी।

# पत्नियों को छोड़ने वाले नहीं जानते सिंदूर का भाव

- सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल ने ऑपरेशन सिंदूर पर उठाया सवाल


प्रेसवार्ता में मौजूद सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल व अन्य। अमृत विचार

गोंडा कार्यालय: समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाया है और कहा है कि जिन लोगों ने शादी नहीं की है या अपनी पत्नियों को छोड़ चुके हैं वह ऑपरेशन सिंदूर चला रहे हैं। उन्हे सिंदूर का भाव तक नहीं पता है और देश की महिलाओं को सिंदूर बांट रहे हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि सिंदूर पति का काम होता है पत्नियों के लिए। देश की महिलाओं को सिंदूर बांटकर किस स्वरूप को दिखाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया को सिंदूर की परिभाषा भारतीय जनता पार्टी से पूछना चाहिए। सपा प्रदेश अध्यक्ष रविवार को एक निजी कार्यक्रम मे शामिल होने गोंडा पहुंचे थे। सपा नेता अमर यादव के आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार लोकतंत्र को वेटिंलेटर पर डाल चुकी है। वर्ष 2027 में जनता प्रदेश से भाजपा को उखाड़ फेंकेंगी और पीडीए के नेतृत्व में सरकार बनेगी जिसके मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बनेंगे। लखनऊ में आयोजित बसपा की रैली पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि मायावती सामंतवादी ताकतों मजबूत करने के लिए काम कर रही हैं। बिहार चुनाव पर सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार में पीडीए तेजस्वी यादव के साथ है। इस दौरान उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, मसूद आलम खां समेत अन्य मौजूद रहे।

### पुलिस ने 50 हजार के इनामी को दबोचा

करनैलगंज, गोंडा : थाना करनैलगंज पुलिस एवं एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी सूरज पुत्र झब्बू, निवासी छतांगुर, थाना तम्बौर, जनपद सीतापुर को मुंशीपुलिया लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 5 मई 2025 को करनैलगंज निवासी एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए गायब होने की लिखित तहरीर थाना करनैलगंज में दी थी। विवेचना के दौरान आरोपी सूरज फरार चल रहा था। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ लखनऊ की टीम ने 12 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# 80 किलो खाद्य पदार्थ कराया नष्ट

छापेमारी

गोंडा कार्यालय


छापेमारी के दौरान नमूना लेती खाद्य विभाग की टीम। अमृत विचार

अमृत विचार: दीपावली के दृष्टिगत डीएम के आदेशों के अनुपालन में जिले की खाद्य सुरक्षा टीम ने रविवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार व डॉ. संजय सिंह सहित विभागीय टीम ने पंत नगर, पथवलिया स्थित अवध डेरी खाद्य प्रतिष्ठान पर छापा मारा। इस दौरान तैयार खोया, घी व बूंदी का नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर खराब हो चुके करीब 50 किग्रा खोया व 30 किग्रा मिठाई नष्ट कराई गई। वहीं 40 किग्रा बूंदी सीज की गई। प्रतिष्ठान मालिक जमुना राम मिश्र द्वारा खाद्य लाइसेंस का अवलोकन किया गया तो पता चला कि लाइसेंस केवल थोक विक्रय, वितरण एवं आपूर्ति के लिए अनुमन्य है जबकि मौके पर खाद्य पदार्थ खोया, घी व मिठाई निर्माण होता पाया गया। नियमों की अवहेलना की स्थिति में विधिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। अभिहित अधिकारी अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि दीपावली पर्व को देखते हुए छापेमारी की जा रही है। नमूने को संकलित कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सरयू में उतराता मिला अज्ञात महिला का शव

संवाददाता, नवाबगंज , गोंडा

अमृत विचार: स्थानीय थाना क्षेत्र के दत्तनगर गांव के पास सरयू नदी के सोती में रविवार करीब 22 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने शव को पानी में भूसे के ढेर में फंसा देखा और तुरंत गांव के चौकीदार लालता को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी नवाबगंज अभय सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम के साथ शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला का शव पानी के साथ बहकर आया था और प्रथम दृष्टया शव पर किसी भी बाहरी चोट या चोट के निशान नहीं हैं। महिला ने बैंगनी रंग की टी-शर्ट पहनी थी, जिस पर कुछ लिखा है, उसके दोनों हाथों में कलावा और धातु की चूड़ियाँ और गले में लाल व गोल्डन रंग की माला पाई गई। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन आसपास के लोगों और परिवारों से संपर्क कर उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है।

# 60 हजार वसूले, 20 को थमाई नोटिस

विद्युत समाधान शिविर

गोंडा कार्यालय



विद्युत कैंप में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार

अमृत विचार: बिजली विभाग द्वारा रविवार को विद्युत उपकेंद्र दुबहा बाजार के अंतर्गत सिसैया दलेल गांव में एक मेगा विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर उपखंड अधिकारी संजय सिंह व अवर अभियंता आदर्श ओझा के निर्देश पर आयोजित किया गया।

टीजी सेकेंड अर्जुन कुमार पाल ने बताया कि बीते दिनों गांव के अधिकांश उपभोक्ताओं द्वारा बकाया बिल का भुगतान न किए जाने पर गांव की विद्युत आपूर्ति रोक दी गई थी। ग्रामीणों की मांग पर यह शिविर आयोजित कर उपभोक्ताओं को बिल भुगतान व समस्याओं के समाधान का अवसर दिया गया।

शिविर के दौरान विभाग द्वारा लगभग 60 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई तथा विद्युत अधिनियम की धारा तीन के अंतर्गत 20 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए। शिविर में ग्राम प्रधान अजमल खान, पूर्व प्रधान अब्दुल मालिक, लाइनमैन रमेश कुमार, राहुल तिवारी, राम गोपाल दुबे, मीटर रीडर इरफान सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से समय पर बिल जमा करने की अपील करते हुए बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।


पौधरोपण करते मुख्य अतिथि व अन्य। अमृत विचार

### वातावरण शुद्ध रखने में पौधों की है अहम भूमिका

बेलसर, गोंडा : एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अंतर्गत नपं बेलसर कार्यालय क्षेत्र में पौधरोपण पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा पौधरोपण से पर्यावरण संतुलित रहता है। विशिष्ट अतिथि नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने कहा पौधरोपण वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को काम करने में मदद करता है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अवध क्षेत्र संयोजक हरिश्चंद्र सिंह पूर्व ग्राम प्रधान संग्राम सिंह उर्फ राणा सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष रगड़गंज आशीष सिंह, पवन कुमार सिंह, सूर्य दत्त सिंह, बृजेश सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य, रगड़गंज पौधशाला संचालक कृष्ण चंद्र मिश्र, रणजीत सिंह, विक्रमजीत सिंह, अशोक कुमार, अलख राम शुक्ला लिलोई, सुरेंद्र यादव, राजन सिंह,बाबू सिंह आदि रहे।

# सिचुएशन टॉक स्पर्धा में दिव्यांशी अव्वल

गोंडा कार्यालय


विजेताओं को पुरस्कार देते सोसाइटी के निदेशक संतोष कुमार गुप्ता व अन्य।

अमृत विचार: आईसीआईटी एजुकेशन सोसाइटी में स्टोरी टेलिंग, सिचुएशन टॉक स्पर्धा का आयोजन हुआ। इसमें ओ लेवल, सीसीसी और टैली कोर्स में अध्ययनरत 28 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को एक निर्धारित सिचुएशन विषय दिया गया जिस पर उन्हें एक मिनट सोचने व तीन से चार मिनट तक बोलने का मौका दिया गया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता व कौशल का प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान दिव्यांशी श्रीवास्तव (सीसीसी) को जब भगवान ने मुझसे बात की विषय पर मिला। द्वितीय स्थान ललित यादव ओ लेवल ने एक मोबाइल ऐप जिसने सब कुछ बदल दिया विषय पर प्राप्त किया। तृतीय स्थान अंशुमान पाण्डेय सीसीसी को अगर मुझे जादू की शक्ति मिल जाये विषय पर मिला। चतुर्थ स्थान सचिन वर्मा ओ लेवल ने अगर रोबोट शिक्षक बन जाये विषय पर प्राप्त किया तथा पंचम स्थान संयोगिता चौहान ओ लेवल को एक चमत्कारी सपना विषय पर मिला। संस्थान के निदेशक संतोष कुमार गुप्ता ने सभी को सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक शिवम सिंह ने प्रेरणादायक मोटिवेशनल स्पीच देकर छात्रों को अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर निदेशक ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

## गोंडा डायरी

### जिगर कप क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

गोंडा कार्यालय : जिगर कप क्रिकेट टूर्नामेंट कैनवस बॉल प्रतियोगिता का आगाज शनिवार की शाम छक्का मार कर समाजवादी पार्टी के नेता सूरज सिंह ने किया। ज़िगर कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट कैनवस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी के याद में किया गया है। सूरज सिंह ने कहा कि यह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मील का पत्थर साबित होगा। क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता धनराशि 2,55,555/- रुपए रखी गई। उप विजेता की पुरस्कार धनराशि 1250,00/- रखी गई है। पहले दिन के मैच में फाइन फर्नीचर ने राधे ट्रेडर्स को 37 रन से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में जीपीएस मवई ने पोर्टरगंज को 38 रन से हराया। जीपीएस मवई ने कवाटर फाइनल में फ़ाइन फर्नीचर को दो विकेट से हराया।

### नारद मोह की लीला का हुआ मंचन

करनैलगंज, गोंडा : सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतईपुरवा के निकट ब्रह्मचारी स्थान पर शनिवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। लीला का शुभारंभ गणपति वंदना से हुई। नारद मोह लीला में दिखाया गया हिमालय कि तलहटी में रमणीक स्थान को देखकर नारद मुनि ने समाधि लगा ली। जिस पर इंद्र ने अप्सराओं सहित कामदेव को नारद की समाधि भंग करने के लिए भेजा। नारद की भक्ति को डिगाने में कामदेव व अप्सराएं विफल हो गई। नारद को कामदेव पर विजय पाने का अहंकार हो गया। भगवान विष्णु ने भक्त को भटकने से बचाने के लिए माया की नगरी व उसमें माया के स्वयंवर की रचना किया। शादी रचाने के लिए नारद ने भगवान से हरि का स्वरूप मांगा। भगवान ने नारद को बंदर का रूप दे दिया। स्वंयवर में लोगों ने नारद का उपहास किया।

### छात्राओं और महिलाओं पर टिप्पणी करने पर दो गिरफ्तार

रुपईडीह, अमृत विचार : स्थानीय क्षेत्र के छात्राओं व महिलाओं को देखकर अभद्र टिप्पणी करने पर पुलिस ने दो मनचलों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कौड़िया के थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत गोंडा बहराइच मार्ग पर गौसिंहा मोड़ के निकट बहराइच के विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के गेंधरिया गाँव निवासी प्रमोद कुमार को आर्यनगर के प्रभारी अरुण कुमार द्विवेदी ने भ्रमण के दौरान गिरफ्तार किया। इसके साथ ही दारोगा अमरजीत सोनकर ने कस्बा कौड़िया बाजार मे संतगुलाबी दास मंदिर के निकट बड़हरा जोत गांव निवासी जयकरण को गिरफ्तार किया है। बताया कि उन दोनों आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### हनुमान की भक्ति से गूंजा मंच

नवाबगंज, गोंडा : कटरा शिवदयालगंज बाजार में चल रहे श्री अवध रामलीला समिति के रामलीला महोत्सव का 8वां दिन भक्ति व वीर रस से सराबोर रहा। मंच पर अंगद रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन हुआ जिसने भक्तों को त्रेता युग की झलक दिखा दी। शुभारंभ भारत माता की झांकी से हुआ, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह, ग्राम प्रधान राघवेंद्र प्रताप सिंह, रिशु श्रीवास्तव, ऋषभ सिंह, रवि सिंह और एस.आई. सत्य प्रकाश चौबे ने दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी। मंचन के दौरान जब अंगद ने रावण दरबार में अपना चरण जमाया और समस्त राक्षस दल उसे हिला न सका, तो दर्शक जय श्रीराम के नारों से गूंज उठे। वहीं, मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण के मूर्छित होने और हनुमान जी द्वारा संजीवनी पर्वत लाने का प्रसंग भावविभोर कर गया।


महिलाओं और बेटियों को जागरूक करती पुलिस टीम।

### महिलाओं व बेटियों को किया जागरूक

गोंडा कार्यालय : मिशन शक्ति अभियान पांच के तहत रविवार को महिला थाने की टीम ने देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के बिशुनपुर बैरिया गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुलिस टीम ने गांव की महिलाओं व बेटियों को जागरूक किया और पुलिस के हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी। टीम प्रभारी अनीता यादव व उप निरीक्षक प्रियंका सिंह ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। अगर कहीं कोई समस्या होती है तो वह हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर पुलिस की सहायता ले सकती हैं। पुलिस टीम तत्काल उनकी मदद करेगी। उन्होने महिलाओं व बेटियों को साइबर फ्रॉड की भी जानकारी दी और कहा कि सोशल मीडिया पर आने वाले किसी भी अंजान लिंक को ओपन न करें और न ही किसी अंजान के साथ चैट करें। इससे आपके साथ धोखाधड़ी हो सकती है। इसलिए इससे सतर्क रहने की जरूरत है। टीम के सदस्यों ने महिलाओं व बेटियों को मिशन शक्ति से संबंधित पैंपलेट भी वितरित किया। इस दौरान महिला कांस्टेबल सरिता राज, दिव्या अवस्थी, प्रियंका चौहान समेत बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं व बेटियां मौजूद रही।

मिशन शक्ति | महिला थाने के परिवार परामर्श केंद्र पर चल रही थी विवाहित जोड़ों की काउंसलिंग

# जबलपुर से भटक कर महिला थाने पहुंची युवती को मिला सहारा

संवाददाता, गोंडा


हेल्प डेस्क पर पीड़ितों की सुनवाई करतीं प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव व अन्य।

अमृत विचार: जबलपुर जिले से भटककर एक युवती रविवार को महिला थाने पहुंच गयी। उसने पुलिस को आपबीती बताई तो पुलिस ने उसे सहारा दिया और एक्शन लेते हुए उसके बताए पते की जानकारी हासिल की। इसके बाद जबलपुर पुलिस से संपर्क किया गया तो पुलिस ने भी युवती के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि की और शीघ्र गोंडा पहुंचने की बात कही। युवती को महिला थाने पर रखा गया है। रविवार को महिला थाने के परिवार परामर्श केंद्र पर विवाहित जोड़ों की काउंसलिंग चल रही थी। इसी दौरान एक युवती थाने की एसएचओ अनीता यादव के सामने पेश हुई। उसने अपना नाम आरती बताया और कहा कि वह मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले की रहने वाली है। वह भटक कर गोंडा पहुंच गयी है। उसकी बात सुनने के बाद पुलिस ने उसका नाम पता नोट किया और उस पते से संबंधित थाने पर संपर्क किया। इस दौरान पता चला कि थाने पर युवती के गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। जबलपुर पुलिस ने युवती को थाने पर रोकने का आग्रह किया और बताया कि वह जल्द ही गोंडा पहुंच रही है। प्रभारी निरीक्षक ने उसे सांत्वना दी और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती ने जब अपनी बात बताई तो तत्काल उसके बताए पते और संबंधित थाने पर संपर्क किया गया। थाने से उसके गायब होने की पुष्टि हुई है। युवती को थाने पर सुरक्षा में रखा गया है। जबलपुर पुलिस के आते ही युवती को उनके सुपुर्द किया जायेगा। उन्होने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा को लेकर जिले में अभियान चल रहा है।

### परिवार परामर्श केंद्र पर आए 34 मामले

रविवार को महिला थाने पर स्थित परिवार परामर्श केंद्र पर विवाहित जोड़ों के मामले की सुनवाई हुई। परामर्श केंद्र के सदस्यों ने दंपतियों की बात को सुनकर उनकी काउंसलिंग की और समझा बुझाकर साथ रहने के लिए प्रेरित किया। सदस्यों को प्रयास से दो जोड़े साथ रहने को राजी हो गए, जबकि 12 जोड़ों ने आपसी विमर्श के आधार पर केस बंद करने पर सहमति जताई। प्रभारी निरीक्षक अनीता यादव ने बताया कि परामर्श केंद्र पर कुल 34 मामले चिन्हित किए गए थे। सदस्यों के प्रयास से दो जोड़े साथ रहने को राजी हुए हैं। इस दौरान यशोदानंदन त्रिपाठी, शशि भारती, गंगाधर शुक्ल, संतोष ओझा, उमा सिंह, महिला आरक्षी ज्योति समेत अन्य मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### नाला निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार** : नगर पंचायत रूपईडीहा के स्टेशन चौराहे से टंडन मिल में बन रहे नाले के निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है। टंडन मिल क्षेत्र के निवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा नाले का निर्माण मानकों के विपरीत किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नाले में लगाई जा रही सरिया बहुत दूरी पर लगाई जा रही है, जिससे उसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में नगर पंचायत रूपईडीहा के अधिशासी अधिकारी राममदन ने बताया कि शिकायत की जांच हेतु नगर पंचायत के अभियंता को निर्देशित किया गया है।

### महिलाओं पर फब्तियां कसने वाला गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार** : रूपईडीहा पुलिस ने महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले एक एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि चकिया रोड स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया गया जो आने-जाने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं पर अश्लील टिप्पणियां कर रहा था। उसकी पहचान सुदीप निवासी नेपाल के रूप में हुई है।

### सीडीओ ने स्टालों का किया अवलोकन

**बहराइच, अमृत विचार** : गेंद घर मैदान में स्वदेशी मेले में लगे स्टालों का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी के साथ अवलोकन किया। सीडीओ ने जनपदवासियों से अपील की कि स्वदेशी मेले में स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों (स्वदेशी वस्तुओं) की खरीदारी करने की अपील की। स्वदेशी में आयोजित भजन संध्या में जीतू पाण्डेय, आदर्श त्रिवेदी, गणेश बाल्मीकि व संजीव द्विवेदी द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी सी.बी. सिंह आदि थे।

# एनडीए कैडेट को नम आंखों से दी गयी विदाई

## वायुसेना ट्रेनिंग सेंटर पुणे के हॉस्टल में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला था अंतरिक्ष का शव

**संवाददाता, बाबागंज, बहराइच**

**अमृत विचार** : रुपईडीहा थाना क्षेत्र के सुमेरपुर के नरैनापुर मजरा निवासी अंतरिक्ष प्रताप सिंह (18) का शव महाराष्ट्र के पुणे स्थित वायुसेना ट्रेनिंग सेंटर के हॉस्टल में बीती 9 अक्टूबर को फंदे से लटका मिला था। पैतृक गांव में शव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शन को हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।



अंतरिक्ष प्रताप सिंह फाइल फोटो।

अंतरिक्ष प्रताप सिंह पुत्र रवि प्रताप सिंह का चयन जुलाई में एनडीए में वायुसेना लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ था। ट्रेनिंग के लिए वह पुणे गए थे।



गार्ड आफ ऑनर देते सेना के जवान। • अमृत विचार



गमजदा बैठे परिजन व पड़ोस के लोग। • अमृत विचार

9 अक्टूबर को उनका शव कमरे में पंखे से लटकता मिला। सूचना मिलने पर परिजन पुणे पहुंचे और रविवार को शव लेकर पैतृक गांव नरैनापुर पहुंचे। दादा तेजपाल सिंह ने बताया कि अंतरिक्ष पढ़ाई में बहुत होनहार था और आत्महत्या करने वाला छात्र नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि सीनियर छात्रों द्वारा की गई रैगिंग से आहत होकर अंतरिक्ष ने यह कदम उठाया है। परिजनों ने केंद्र सरकार से सीनियर छात्रों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। गांव में शव पहुंचते ही हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी और श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया।

अयोध्या से आए मिलिट्री के कमांडेंट द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद अंतरिक्ष का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर नानपारा विधायक रामनिवास वर्मा, प्रद्युम्न कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह, पूर्व प्रधान इरशाद अली और प्रधान मोहम्मद नसीम सहित क्षेत्र के हजारों संभ्रांत लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांव के लोगों ने अंतरिक्ष को बचपन से ही पढ़ाई में होनहार बताया। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष ने अपने 18 साल के जीवनकाल में काफी कुछ हासिल किया था। उसने 'द यूनिवर्स अबाउट' नामक एक किताब भी लिखी थी, जो वर्तमान में फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है और लोग उसे खरीदकर पढ़ रहे हैं।

# विपक्ष में रहकर विपक्ष से ही लड़ रहीं मायावती

**संवाददाता, बहराइच**



पत्रकारों से बात करते राकेश टिकैत।

- **भाकियू के अध्यक्ष राकेश टिकैत ने बसपा प्रमुख पर साधा निशाना**

**अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अध्यक्ष राकेश टिकैत का रविवार को पड़ोसी जनपद श्रावस्ती में आयोजित किसान पंचायत के शामिल होने जाते समय स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बहराइच में फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती पर निशाना साधते हुए कहा कि वे विपक्ष में होकर भी विपक्ष से ही लड़ रही हैं। जबकि उन्हें सरकार से लड़ना चाहिए।

पत्रकारों ने उनसे बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए व महागठबंधन में से किसकी सरकार बनने पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि अगर चुनाव बेईमानी से हुए तो बेईमानों की सरकार आएगी ओर ईमानदारी से हुए तो ईमानदारों की सरकार बनेगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिले के भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भेड़िया के पैर में लगी गोली लंगड़ाते हुए भाग निकला

**संवादाता, बहराइच**

**अमृत विचार** : जिले के कैसरगंज तहसील में स्थित मंझारा तौक़ली इलाके में आदमखोर भेड़िए का आतंक छाया हुआ है। इसी कड़ी में शनिवार की देर रात मझरा तौकली के मजरा कोनिया में भेड़िए की मौजूदगी की सूचना मिली जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तभी एक भेड़िया भागता हुआ दिखाई दिया। शूटर ने उस पर फायरिंग की लेकिन वह भाग निकला।

प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि देर रात भेड़िए को देख शूटर ने उस पर फायरिंग की। इस दौरान गोली उसके पैर में लगी। इसके बाद वह लंगड़ाते हुए भाग निकला। ड्रोन कैमरे में भेड़िया लंगड़ाते हुए कैद हुआ है। आपको बता दें कि आदमखोर भेड़िए को पकड़ने के लिए वन विभाग की 20 टीमें लगातार क्षेत्र में कांबिंग कर रही हैं। इसके साथ ही भोपाल व बंगाल से बुलाए गए एक्सपर्ट भी वन विभाग के साथ इन्हें पकड़ने के लिए लगे हुए हैं। भेड़िया हमले में अब तक चार मासूमों समेत छह लोगों की मौत हो चुकी है। तो वहीं 25 लोग घायल हो चुके हैं। वन विभाग की बीस से अधिक टीमें व शूटर आदमखोर जानवर को पकड़ने के लिए लगातार कांबिंग कर रहे है।

## मेडिकल कॉलेज में हुई मॉकड्रिल

**बहराइच, अमृत विचार** : मेडिकल कॉलेज में अग्निकांड की स्थिति में बचाव एवं नियंत्रण की तैयारियों का आकलन करने के उद्देश्य से मॉक फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। अस्पताल परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाई गई, जिसके बाद सुरक्षा अलार्म बजते ही अस्पताल के कर्मचारियों ने तत्परता के साथ आग पर नियंत्रण पाने की कार्रवाई शुरू की। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया और फायर कंट्रोल टीम ने समयबद्ध तरीके से आग बुझाने की प्रक्रिया प्रदर्शित की। इस अभ्यास के दौरान अस्पताल स्टाफ ने कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया।

# कड़ी सुरक्षा में हुई पीसीएस प्री. परीक्षा

**संवाददाता, बहराइच**

जिले के 11 केंद्रों पर रविवार को कड़ी सुरक्षा में यूपी पीसीएस तथा सहायक वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली में 2273 और दूसरी पाली में 2281 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

एडीएम अमित कुमार ने परीक्षा केन्द्रों महिला पी.जी. कालेज एवं स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा पं. वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज का निरीक्षण किया। एडीएम ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित कन्ट्रोल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता का भी जायज़ा लिया। जनपद में परीक्षा के लिए निर्धारित 11 परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली में सम्पन्न परीक्षा में कुल 4320 परीक्षार्थियों के सापेक्ष कुल 2273 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में सम्पन्न परीक्षा में कुल 4320 परीक्षार्थियों के सापेक्ष कुल 2281 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हेतु 480 तथा शेष 10 परीक्षा केन्द्रों पर 384-384 परीक्षार्थी आवंटित थे।



एक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर लौटते एडीएम। • अमृत विचार

## सामान्य ज्ञान स्पर्धा में चमके छात्र

**बहराइच, अमृत विचार** : रिसार्ट सभागार में रविवार को ब्रेनोब्रेन वंडरकिड्स सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के तहत मेडल व प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विजेताओं को को गोल्ड व सिल्वर मेडल समेत नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रही। कार्यक्रम संस्था प्रमुख संजय श्रीवास्तव की देखरेख में हुआ। इस मौके पर बीते माह अगस्त को सेवेंथ डे स्कूल के परिसर में आयोजित ब्रेनोब्रेन वंडरकिड्स की सामान्य ज्ञान परीक्षा में गर्व पांडे, माधव अग्रवाल, अक्षत राज श्रीवास्तव, राज शुक्ला, आदित्य वर्मा को नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# संजय सेतु के खुले ज्वाइंट हादसे को दे रहे दावत

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार** : संजय सेतु के लगभग एक दर्जन स्थानों पर जॉइंट खुल चुके हैं पुल के होल से नदी का पानी दिख रहा है जिससे हादसे की आशंका मंडरा रही है। करीब पांच दशक पहले निर्मित यह पुल बूढ़े कंधों पर सैकड़ों गुना अधिक भार झेलने को मजबूर है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाने के बावजूद मरम्मत नहीं करायी गयी।



इस हाल में है ज्वाइंट।

# सुधीर को जिलाध्यक्ष का पदभार

- **वित्तविहीन शिक्षक महासभा की बैठक में कार्यकारिणी गठित**

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार** : वित्तविहीन शिक्षक महासभा की बैठक रविवार को अरुण मेमोरियल इंटर कॉलेज में हुई। इसमें शिक्षकहितों और आगामी स्नातक चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव, वित्तविहीन शिक्षक महासभा दीनबंधु शुक्ल एवं गोंडा जिलाध्यक्ष सर्वेश भट्ट उपस्थित रहे।

प्रदेश महासचिव शुक्ल ने बहराइच की जिला कार्यकारिणी का गठन किया। इस दौरान, पूर्व में संयोजक रहे सुधीर मिश्र को बहराइच का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया, जबकि प्रवेश शर्मा एवं रमाकांत तिवारी को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। आयोजक सुधीर मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। गोंडा जिलाध्यक्ष सर्वेश भट्ट ने अपने संबोधन में वित्तविहीन शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम वित्तविहीन शिक्षक वही कार्य कर रहे हैं जो एक राजकीय या एडेड शिक्षक करता है। हमारी मांग है कि जब काम समान है, तो हमें भी उनके बराबर वेतन मिलना चाहिए।

प्रदेश महासचिव दीनबंधु शुक्ल ने स्नातक चुनाव में शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया।



मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते वित्त विहीन शिक्षक नेता।

## स्वर्ग द्वार की बदहाली के विरोध में प्रदर्शन

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार** : स्वर्ग द्वार (श्मशान घाट) की दयनीय स्थिति से परेशान दर्जनों ग्रामीणों ने रविवार को शव का अंतिम संस्कार कराने के दौरान प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए न तो रास्ता है और न ही घाट पर उचित व्यवस्था।

इस संबंध में जब नगर पंचायत अध्यक्ष बालेंद्र श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि समस्या की जानकारी है। शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी।



मिशन शक्ति के कार्यक्रम में मौजूद पुलिसकर्मी और महिलाएं। • अमृत विचार

### बहू बेटी सम्मेलन में महिलाओं को किया गया जागरूक

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार** : मिशन शक्ति अभियान के तहत पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कंजेभरिया शिवदहा में बहू बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष मिथिलेश राय की अगुवाई में आयोजित सम्मेलन में आंगनबाड़ी कार्यकत्री रीना देवी, आशा बहू कविता सिंह और गांव की अन्य संभ्रांत महिलाओं ने भागीदारी की। थानाध्यक्ष मिथिलेश राय ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्हें महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक किया।

## 837 गांवों तक पहुंचेगी बिजली सौभाग्य योजना फेज-थ्री शुरू

**बलरामपुर, अमृत विचार** : जिले के दूरदराज गांवों में अब अंधेरा खत्म होने जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी सौभाग्य योजना के तीसरे चरण में बलरामपुर और गोंडा जिलों के कुल 837 गांवों में विद्युतीकरण कार्य तेजी से शुरू हो चुका है। जिन बस्तियों तक अब तक बिजली नहीं पहुंच सकी थी, वहां जल्द ही घर-घर उजाला होगा। जिले के नौ विकास खंडों में कुल 830 गांवों को योजना में शामिल किया गया है। इनमें बलरामपुर के 237, गैंडास बुजुर्ग के 26, गैंसड़ी के 31, हरैया सतघरवा के 55, पचपेड़वा के 49, रेहरा बाजार के 177, श्रीदत्तगंज के 72, तुलसीपुर के 130 और उतरौला के 53 गांव शामिल हैं। गोंडा जिले के धानेपुर के पांच और मुजेहना के दो गांवों में भी बिजली पहुंचाई जाएगी। परियोजना प्रबंधक कृष्णा यादव ने बताया कि 87.52 किलोमीटर 11 हजार वोल्ट की लाइन, 271 किलोमीटर सिंगल लाइन और 157 किलोमीटर थ्री फेज लाइन बनाई जाएगी। साथ ही 230 किलोमीटर आई केबल खींची जाएगी। कुल 270 स्थानों पर 25 केवीए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

# मो. अफसर खान पर एटीएस- ईडी का शिकंजा, अवैध धनार्जन की जांच तेज

**संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर**

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन छांगुर के सहयोगी उतरौला थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद अफसर खान उर्फ अफसर अहमद पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दोनों एजेंसियां उसके विरुद्ध अवैध धनार्जन, संदिग्ध भूमि सौदों और वित्तीय लेनदेन से जुड़े मामलों की संयुक्त जांच कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार, एटीएस लखनऊ ने उन्हें प्रकरण संख्या 08/2024 के तहत 13 अक्टूबर को पूछताछ के लिए मुख्यालय, अमेठी (लखनऊ) में तलब किया है। इस केस में राजद्रोह (धारा 121), धार्मिक वैमनस्य (153A), धोखाधड़ी (420), बलात्कार (376ध) सहित उत्तर प्रदेश धर्मांतरण निषेध अधिनियम 2021 और एससी/एसटी एक्ट की धाराएं शामिल हैं।

एटीएस सूत्रों ने बताया कि अफसर खान मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में लगभग 16 करोड़ रुपये के संदिग्ध भूमि सौदों में शामिल रहे हैं।

वहीं, ईडी को उसके बैंक खातों और संपत्तियों में असामान्य लेनदेन के प्रमाण मिले हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू की गई है।

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि आरोप सिद्ध होने पर उसकी संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई संभव है। फिलहाल, यह मामला क्षेत्र में लोगों के बीच व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पुलिस ने किया कई वाहनों का चालान

**महदेईया बाजार, बलरामपुर, अमृत विचार** : पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर महदेइया बाजार में बिना हेलमेट चालकों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों वाहन चालकों का चालान किया गया और उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।

महिला उप निरीक्षक शालिनी सिंह, उप निरीक्षक अनुभव सिंह, शिवकांत सिंह, महिला कांस्टेबल गीतू, नीतू और साक्षी ने अभियान में भाग लिया। टीम ने लोगों को हेलमेट पहनने के फायदे बताते हुए कहा कि छोटी सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है, इसलिए हर बार वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें।

# एमपीयू ने एलएलएम की प्रथम मेरिट सूची जारी की

**बलरामपुर, अमृत विचार** : मां पाटेश्वरी विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देशन में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार विवि परिसर में संचालित एलएलएम कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी इसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि चयनित विद्यार्थी 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक प्रवेश शुल्क जमा कर सकेंगे। इसी अवधि में आरक्षित सीटों पर पुनः आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। यदि आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी अनुपलब्ध रहते हैं, तो शेष सीटें द्वितीय मेरिट सूची के माध्यम से अनारक्षित वर्ग के विद्यार्थियों से भरी जाएंगी।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने पीएचडी कार्यक्रम में चयनित शोधार्थियों के लिए कोर्सवर्क शुल्क जमा करने की तिथि 13 से 30 अक्टूबर तक निर्धारित की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों को समयसीमा के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने की सलाह दी है। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## 54% परीक्षार्थियों ने छोड़ी पीसीएस परीक्षा

**बलरामपुर अमृत विचार** : जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा एवं सहायक वन संरक्षक परीक्षा जनपद के चार केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रथम पाली में कुल 1824 परीक्षार्थियों में से 834 उपस्थित हुए, जबकि 990 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 833 परीक्षार्थी उपस्थित और 991 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की प्रभावी व्यवस्थाओं के चलते परीक्षा बिना किसी अव्यवस्था या व्यवधान के शांतिपूर्ण रूप से पूरी हुई।



बहू-बेटी सम्मेलन में मौजूद ग्रामीण महिलाएं। • अमृत विचार

### बहू-बेटी सम्मेलन में गूंजा नारी सशक्तिकरण का संदेश

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार** : थाना पचपेड़वा द्वारा ग्राम पंचायत रामनगर में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना पचपेड़वा की एंटी रोमियो टीम निरीक्षक राजकुमार रावत, कांस्टेबल अंशु कुशवाहा, प्रदीप कुमार, संदीपा गुप्ता और पूजा यादव उपस्थित रहे। टीम ने बहू-बेटियों को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही 112, 1930, 1090, 101, 1076 और 181 जैसे हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग की जानकारी भी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने बताया कि महिलाओं की समस्याओं को जानकर समाधान का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधान सलमान खान, अनवारूल हसन उर्फ बब्बू सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा सरकार को घेरा

**बलरामपुर अमृत विचार** : सपा द्वारा रविवार को चुंगीनाका स्थित एक निजी सेलिब्रेशन लॉन में पीडीए चौहान समाज सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि और प्रदेश सचिव महेंद्र चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में चौहान समाज के लोग शामिल हुए, जिनका फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्यामलाल पाल ने कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार में पीडीए वर्ग पर अत्याचार बढ़ा है। उन्होंने चौहान समाज से सपा के समर्थन की अपील करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ही पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों की सच्ची हितैषी है।



सपा प्रदेश अध्यक्ष को गदा देकर सम्मानित करते सांसद, विधायक व अन्य सपा पदाधिकारी। • अमृत विचार

प्रदेश सचिव महेंद्र चौहान ने भाजपा पर चौहान समाज को गुमराह करने का आरोप लगाया। वहीं, गैसड़ी विधायक राकेश यादव ने कहा कि भाजपा शासन में विकास नहीं, बल्कि विनाश हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि 2027 में अखिलेश यादव को ऐतिहासिक समर्थन मिलेगा।

इस अवसर पर सांसद राम शिरोमणि वर्मा, पूर्व विधायक अब्दुल मसूद खान, जगराम पासवान, डॉ. भानु त्रिपाठी, राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव, जिला अध्यक्ष मणिक लाल कश्यप सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



श्रीदत्त गंज में पथ संचालन करते आरएसएस के स्वयंसेवक। • अमृत विचार

### स्वयं सेवकों ने किया पथ संचलन

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर श्रीदत्तगंज खंड में भव्य पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। चौधरी लालता प्रसाद सिंह बौद्ध महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। अध्यक्षता विभाग संघचालक सौम्य अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक प्रवीण रहे। मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, सेवा भाव और राष्ट्र चेतना को सशक्त बनाना है। स्वयंसेवकों ने विद्यालय से बाजार तक अनुशासित पथ संचलन किया। कार्यक्रम में सदर विधायक पलटूराम, जिला संघ चालक अभिमन्यु, विभाग प्रचार प्रमुख मनीष, ब्लॉक प्रमुख हेमंत जायसवाल, राकेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## लूट के दो आरोपीयों को पिपराइच पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोरखपुर :** पिपराइच पुलिस ने लूट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल भेज दिया है। बता दे कि एसपी नॉर्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकार के देखरेख में पिपराइच थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक राज मंगल सिंह, उप निरीक्षक सचिन पाण्डेय, उप निरीक्षक शुभम गुप्ता, कांस्टेबल आशीष प्रजापति, पप्पू यादव, अंगद कुमार द्वारा बेला काटा के समीप गौरा चौराहा से लूट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि दोनों अभियुक्त की पहचान विशाल कुमार पुत्र राम सुमेर निवासी मोगलहा थाना पिपराइच व विनय सिंह पुत्र शैलेश सिंह ग्राम मौला खुर्द थाना पिपराइच के रूप में हुई है। इस संबंध में सीओ चौरी चौरा अनुराग सिंह का कहना है कि लूट के दोनों आरोपी विशाल कुमार और विनय सिंह पहले भी जेल जा चुके हैं। इनके पास से एक मोबाइल बरामद की गई है।

## इंजीनियरिंग कार्य के चलते ट्रेनों का बदला गया समय

**गोरखपुर :** रेलवे प्रशासन परिचालनिक सुगमता हेतु झिलाही–मोतीगंज स्टेशनों के मध्य इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का रि–शेड्यूलिंग एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि रि–शेड्यूलिंग पूर्णिया कोर्ट से 13, 15, 20, 22, 27 एवं 29 अक्टूबर तथा 03 एवं 05 नवम्बर, 2025 को चलने वाली 05579 पूर्णिया कोर्ट–आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी पूर्णिया कोर्ट से 03 घंटे 30 मिनट रि–शेड्यूल कर चलाई जायेगी। मानसी से 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28 एवं 30 अक्टूबर तथा 02, 04 एवं 06 नवम्बर, 2025 को चलने वाली 04453 मानसी–नई दिल्ली विशेष गाड़ी मानसी से 02 घंटे रि–शेड्यूल कर चलाई जायेगी। कटिहार से 15, 22 एवं 29 अक्टूबर तथा 05 नवम्बर, 2025 को चलने वाली 05736 कटिहार–अमृतसर विशेष गाड़ी कटिहार से 01 घंटा 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। वहीं नियंत्रण कटिहार से 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 अक्टूबर तथा 01, 03 एवं 05 नवम्बर, 2025 को चलने वाली 15707 कटिहार–अमृतसर एक्सप्रेस वाराणसी मंडल में 35 मिनट नियंत्रित करके चलाई जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच में की कार्रवाई, 10 दुकानों को नोटिस

### दीपावली व छठ पूजा त्योहार के चलते मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने चलाया अभियान

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** दीपावली व छठ पूजा त्योहार के मद्देनज़र मिठाइयों में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने रविवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाया। जांच के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर विभाग के अधिकारियों ने 10 दुकान संचालकों को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग टीम ने सर्राफा बाजार से खोया और बूंदी तथा बगहा गाड़ा क्षेत्र से पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। दुकानों से कुल तीन नमूने संकलित किए गए है। वहीं जांच के दौरान विभागीय टीम ने गड़बड़ी पाए जाने पर 10 दुकानों को नोटिस जारी किए है। वहीं, झुंगिया बाजार में बिना एफएसएसएआई पंजीकरण के संचालित एक मिठाई की दुकान को तत्काल बंद कराया गया। दुकान में मौके पर पाया गया लगभग 40 किलो असुरक्षित खोया विभाग की मौजूदगी में नष्ट कराया गया। इसके साथ ही शास्त्री चौक क्षेत्र में पनीर बेचने वाले विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से पहचान पत्र जारी करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए इस तरह की जांच और प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे अभियान दीपावली तक तो तेजी से चलते हैं, लेकिन बाद में खानापूर्ति बनकर रह जाते हैं।

### मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थ को लेकर चलाया गया छापामार अभियान

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)–II के निर्देशन में विशेष छापामार अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बांसी से 01 खोवा, 01 दूध का नमूना, अलीगढ़वा बाजार से 01 सरसों का तेल, 01 बादाम, 01 बूंदी लड्डू, 01 बर्फी का नमूना बर्डपुर बाजार से 01 पनीर, 01 सरसों तेल का नमूना तथा 30 किग्रा सरसों तेल मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने पर सीज किया गया। सकारपार, बांसी से 01 दूध, 01 बर्फी, पकड़ी से 01 खोवा का नमूना सनई चौराहा से 01 पेड़ा, 01 बर्फी का नमूना नौगढ़ बाजार से 02 छेना मिठाई का नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 15 नमूना संग्रहित कर खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। फूड सेफ्टी ऑन व्हील द्वारा नौगढ़ बाजार में खाद्य कारोबारकर्ताओं के प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच गई, जिसमें 02 छेना मिठाई मानक के अनुरूप नहीं पायें जाने पर नमूना संग्रहित करते हुए मौके पर ही 05 किग्रा छेना मिठाई नष्ट करा दिया गया। इस साथ ही खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने व मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने हेतु जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) आर एल यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण हीरा लाल, नीरज कुमार चौधरी, जय प्रकाश और रंजन कुमार श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे।

## संविदा सफाईकर्मी का छत की कुण्डी से लटकता मिला शव

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहां बेटी को डोली उठने से पहले पिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। यह घटना न केवल परिवार बल्कि पूरे मोहल्ले को स्तब्ध कर गई। नगर पंचायत शोहरतगढ़ के वार्ड श्रीराम जानकी नगर निवासी 50 वर्षीय अर्जुन पुत्र बंशी नगर पंचायत शोहरतगढ़ में संविदा सफाईकर्मी के रूप में कार्यरत था। उसकी पुत्री का विवाह रविवार को तय था। परिवार के सभी सदस्य विवाह की तैयारियों में जुटे हुए थे कि शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद अर्जुन अपने कमरे में चला गया। जब देर रात तक वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरे का दरवाजा खोला, जहां यह रस्सी के सहारे छत की कुण्डी से लटकता मिला। अर्जुन का शव लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके कर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु मुख्यालय भेज दिया है।

## गर्भवती धात्री की हुई गोद भराई टीकाकरण का हुआ कार्यक्रम



कार्यक्रम में गोद भराई करते अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र नेतवर फर्स्ट में पोषण मां गर्भवती धात्री की गोद भराई और टीकाकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रकाशनी ग्राम एवं नगर विकास संस्थान की टीम द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रोबेशन कार्यालय की तरफ से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ आदि की जानकारी दी गई। महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना के बारें में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया बताया गया। गर्भवती धात्री महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के बारें में जानकारी दी गई। अपने खान पर विशेष ध्यान देने के लिए बताया गया। हरी, सब्जियां, फल, अंकुर दलिया, दाल आदि का सेवन करने और नियमित टीकाकरण करवा कर अपने स्वास्थ्य और बच्चे दोनों की जीवन रक्षा करने की जानकारी दी गयी। वहीं आवश्यकता पड़ने पर स्वास्थ्य पड़ने पर स्वास्थ्य केन्द्र जाकर डॉक्टर से सलाह लेने की बात बताई गई। इस दौरान एएनएम अंबिका राय, स्वास्थ्य विभाग सुपरवाइजर अरुण कुमार चौबे, आशा प्रभा पाण्डेय, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम श्रीवास्तव व संस्थान की टीम का उपस्थित रही।

# देश के सर्वांगीण विकास में योगदान दे रहा संघ

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** कस्बा के जूनियर हाई स्कूल उसका बाजार के परिसर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम एवं पथ संचलन सम्पन्न हुआ। विभाग प्रचारक राजीव नयन ने बौद्धिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में संघ का पथ संचलन कार्यक्रम चल रहा है। इसीक्रम में उसका कस्बा में भी कार्यक्रम हो रहा है। लोगों में अपनी प्राचीन सभ्यता हिंदू नववर्ष को बढ़-चढ़कर मनाने की परम्परा जोर पकड़ रही है। उन्होंने कहा कि संघ ने देश की आजादी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। इसके साथ ही वर्तमान में संघ देश के सर्वांगीण विकास में अमूल्य योगदान दे रहा है।

उन्होंने संबोधन में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि संघ में जाति आधारित कोई व्यवस्था नही है, यहां केवल कर्म आधारित व्यवस्था है। हम सब हिंदू हैं। हमें जातियों में बंटना नहीं है। हम सब को मिलकर हिंदू को संगठित करना है। हमारा समाज पश्चिमी देशों की संस्कृति व सभ्यता की ओर आकर्षित हो रहा है और कुछ लोग अपना भी रहे है। यह देश के लिए शुभ संकेत नही है। सभी लोग अपने सनातन संस्कृति व सभ्यता को अपनाएं, तभी स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। इसके बाद पथ संचलन शुरू हुआ जोकि जूनियर हाईस्कूल के परिसर से शुरू हुआ। इसके बाद कस्बा के लोहिया नगर, सुबाष नगर, आद्या प्रसाद नगर आदि वार्डो से होते हुए पुनः उसी स्थान पर पहुंचकर समापन हुआ। इस दौरान मिथिलेश की दुकान, मनोज जायसवाल, हेमन्त कुमार जायसवाल के घरों से लोगों स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा भी की।

इस अवसर पर मनोज कुमार, बालमुकुंद, हेमंत कुमार जायसवाल, राज नरायन पाण्डेय, आशीष शुक्ला, सुरेंद्र पाण्डेय, राकेश आर्या, सोमनाथ मिश्र, रूपेश सिंह, पावन पांडेय, रामसुरेश चौहान, अभय श्रीवास्तव, रोहित बरनवाल, अष्ट भुजा दूबे, पवन उपाध्याय, हरिशंकर सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सूरज पाण्डेय, मनीष पाण्डेय, पवन उपाध्याय, राम सेवक गुप्ता, मनीष अग्रहरी, राहुल दूबे, विशाल अग्रहरि, सत्य प्रकाश वर्मा, शिव कुमार जायसवाल, राजू जायसवाल, ऋषि अग्रहरी, आशीष जायसवाल, व्यास दूबे आदि रहे।



कार्यक्रम के दौरान स्वयं सेवकों को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

आयोजन

- आरएसएस के बौद्धिक कार्यक्रम में किया गया जागरूक

### अलीगढ़वा में पथ संचलन कर हिन्दुत्व का दिलाया संकल्प

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण होने पर स्वयंसेवकों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में पथ संचलन निकाल सनातन धर्म व मातृभूमि की रक्षा के लिए सनातनियों को एक जुटता का संदेश दिया। पथ संचलन से पूर्व ध्वजवंदन किया, तत्पश्चात सरस्वती विद्या मंदिर से कस्बा अलीगढ़वा कोतवाली तक पथ संचलन हुआ। जिला प्रचारक विशाल ने स्वयं सेवकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सनातन धर्म व मातृभूमि की रक्षा के लिए सभी हिन्दुओं को भेदभाव मिटाकर एक रहने का संकल्प लेना चाहिए। आतंकवादियों व उनको संरक्षण देने वाले देशों में बैठे मौलाना व आतंकवादी भारत में इस्लाम धर्म को बढ़ावा देने के लिए गरीब तबके की हिंदुओं के बेटा बेटियों को धन का प्रलोभन देकर इस्लाम धर्म कबूल करा रहे हैं। ऐसे लोगों से हम सभी को सावधान रहना होगा। पथ संचलन के दौरान आनंद कुमार, खंड कार्यवाह प्रधानाचार्य परमेश्वर, जगमोहन साहनी, सबलू साहनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा जगदीश साहनी, महेश कसौधन, संजय, राजकमल जायसवाल, सोनू गुप्ता शामिल रहे।

# धूमधाम से मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा रविवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महन्थ शिवप्रसाद त्यागी एवं दिव्यांशु जी महाराज ने द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारभ किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सिंहेश्वरी मंदिर के संचालक एवं विहिप के धर्माचार्य सम्पर्क प्रमुख दिव्यांशु जी महाराज ने अपने सम्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी नारद जैसे सन्त के प्रभाव में आये और उनका जीवन संत के रूप में हो गया। वे महाकवि भी थे, जिन्होंने रामायण की रचना भी की। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओ ने महर्षि वाल्मीकि के प्रति पुष्पांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उनके साहित्य, नैतिकता, धर्म और समाज सुधार की भूमिका पर चर्चा हुई। विहिप के पदाधिकारियों ने महर्षि वाल्मीकि को भारतीय संस्कृति के आदर्श कवि, ऋषि और समाज सुधारक के रूप में याद किया, जिन्होंने सत्य, धर्म, मर्यादा और समानता के संदेश समाज में स्थापित किये। इस प्रकार, विश्व हिन्दू परिषद ने महर्षि बाल्मीकि जयन्ती को धर्म, समाज और संस्कृति के आधार पर गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के रूप में मनाया गया, जिसमें उनके जीवन और कार्यों को याद किया गया तथा उनके आदर्शों को अपनाने का सन्देश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय एवं संचालन जिला सहमंत्री जय प्रकाश ने किया। वहीं संत गिरी जी महाराज, जिला उपाध्यक्ष सुनील त्रिपाठी, जिला संस्कार प्रमुख रजनीश उपाध्याय, धर्म प्रसार प्रमुख आशीष सिंह, प्रचार प्रसार प्रमुख संदीप मद्धेशिया, पण्डित शारदा, नगर अध्यक्ष रजत त्रिपाठी, नगर मंत्री विपुल, सुभाष गुप्ता, विक्की, अंश उपाध्याय, नितिन, शुभम मौर्य, ओम त्रिपाठी, रोहित मिश्रा आदि रहे।



महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित करते अतिथि व अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम

- महर्षि वाल्मीकि के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

# 'धूम मचाले' पर झूमे आईआईटियंस

- बॉलिवुड सिंगर सुनिधि चौहान के गीतों ने भरा जोश

IIT Kanpur's ANTARAGNI 60th ED 9th–12th Oct'25 Kanreki's Oraculum मीडिया पार्टनर अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के युवा सांस्कृतिक महोत्सव अंतराग्नि में रविवार को बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान ने सुर-संगीत का जलवा बिखेरा। बॉलीवुड के अपने फेमस गानों के जरिये युवाओं को झुमाया। देर रात तक चले इस इवेंट में युवा झूमते रहे। अंतराग्नि में सुबह से शुरू हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में देशभर से आई टीमों ने प्रदर्शन किया। अंतिम दिन हुए फाइनल राउंड में युवाओं ने प्रतियोगिता अपने नाम कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। अमृत विचार इस उत्सव का मीडिया पार्टनर है।

मंच पर सुनिधि चौहान के आते ही आईआईटियंस ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्होंने एक के बाद एक हिट गीतों को सुना बॉलीवुड सिंगर ने युवाओं के बीच अपनी छाप बनाई। युवाओं ने पसंद के गीतों की फरमाइश भी की। उनके लोकप्रिय गीत 'शीला की जवानी' जैसे ही मंच से गाया तो उत्साह के साथ श्रोताओं ने दर्शक दीर्घा से ही गुनगुनाना शुरू कर दिया। इसी तरह 'देसी गर्ल', 'कमली-कमली' जैसे गीतों के जरिये माहौल भव्य हो गया। इसके बाद सुपरहिट गीत 'धूम मचाले', व 'क्रेजी किया रे,' पर युवा उत्साह में झूम उठे। इसके बाद 'बीड़ी जलइले पिया' और 'डांस पे चांस' जैसे गीतों पर युवा जमकर झूमें।



अंतराग्नि में जलवा बिखेरतीं बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान। अमृत विचार

## डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा) तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा) परीक्षा-2025 प्रथम पाली की में परीक्षा केंद्र जय किसान इंटर कालेज, सनई, बुद्ध विद्या पीठ डिग्री कालेज नौगढ़ का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा निरीक्षण किया गया।

परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर द्वारा सीसीटीवी कक्ष एवं कंट्रोल रूम को देखा गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार उपस्थित थे।

### ब्रह्मा कुमारी संस्था ने विधायक मोहन को किया सम्मानित



कार्यक्रम में विधायक मोहन बर्मा व विधायक विनय प्रकाश।

**संवाददाता कुशीनगर, अमृत विचार।** शांतिवन में आयोजित "ग्लोबल सम्मिट 2025 के चार दिवसीय सत्र के दूसरे दिन ब्रह्मा कुमारींज संस्था ने हाटा विधायक मोहन वर्मा को सम्मानित किया। विधायक मोहन वर्मा ने कहा यहां आकर मन प्रसन्नचित है। सकारात्मक विचार सुनकर अपने जीवन में उसको लागू करना ही ब्रह्मा बाबा के सपने को साकार करना है। विधायक ने संस्था को धन्यवाद दिया और ब्रह्मा बाबा के विचारों से सबको जोड़ने के लिए कहा है। हाटा विधायक के साथ विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़, संतोष श्रीवास्तव, जय प्रकाश जायसवाल ऊर्फ बब्लू बक्सा, देवेन्द्र मिश्रा, मुंशी सिंह, निलेश मिश्र, सुरेंद्र गोंड मौजूद रहे।

# एमजीयूजी के रासेयो स्वयंसेवकों ने दो गांवों में लगाए शिविर

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के स्वयंसेवकों ने रविवार को दो गांवों में विशेष शिविर लगाकर ग्रामीणों को स्वच्छता और मिशन शक्ति के प्रति जागरूक किया।

एमजीयूजी के कृषि संकाय की पारिजात रासेयो इकाई ने ग्रामसभा मानीराम-सिकटौर में शिविर के दौरान स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। साथ लोगों को मिशन शक्ति 5.0 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। डॉ. आयुष ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेवा भावना से नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं।

इसी क्रम में एमजीयूजी के नर्सिंग एंड पैरामेडिकल संकाय में संचालित रासेयो की अनुसुईया इकाई द्वारा ग्राम दुर्गापुर में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इसमें स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को महिला सुरक्षा, स्वावलंबन तथा अधिकारों के प्रति सचेत किया। साथ ही महिला सहायता एवं आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 181, 102, 108 और 1076 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सर्वेश यादव ने स्वयंसेवकों के प्रयास की सराहना की। आयोजन कार्यक्रम अधिकारी एवं विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी सुमन यादव की देखरेख में हुआ।

आयोजन — पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित गोष्ठी को जिलाध्यक्ष ने संबोधित किया

# सप्तक्रांति के जनक थे डॉ. राम मनोहर लोहिया

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया सप्त क्रांति के जनक थे। सप्तक्रांति समाज में मौजूद सात प्रमुख असमानताओं और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की एक व्यापक योजना थी। जिसका उद्देश्य जातिविहीन, वर्गविहीन और लिंग समाज की स्थापना करना था। यह बातें समाजवादी के पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहीं।

जिलाध्यक्ष रविवार को संगठन के जिला कार्यालय पर डॉ. राम मनोहर लोहिया के पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। सातक्रांतियों में नर-नारी समानता, रंग भेद के विरुद्ध संघर्ष, जाति प्रथा का विनाश, औपनिवेशिक गुलामी के विरुद्ध स्वतंत्रता व विश्व लोक राज की स्थापना, आर्थिक समानता की खाई को मिटाना प्रमुख थे। लोहिया ने कहा था कि समाजवादी विचार धारा गंगा के पानी की तरह है। जहां पर सभी धर्मों के लोग बिना भेदभाव के स्नान करते है। पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह ने लोहिया के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पीडीए का गठन किया है। जिससे समाज का अंतिम व्यक्त भी सत्ता के भागीदारी के साथ ही सरकारी नौकरियों पर काबिज हो सकें। इससे विपक्षी घबरा गये है। लोहिया के सपने को साकार करने के लिए पीडीए को एकजुट होना होगा। जिससे 2027 में सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनें। गोष्ठी को पूर्व विधायक विजय पासवान, कमरुज्मा खान, राम मिलन भारती, मो. जमील सिद्दीकी, राम सेवक लोधी, हारुन, अनिल यादव, रिंधू पासवान, शकील अहमद, चंद्रहास यादव, जुनेद, प्रदीप पथरकट, कृष्णनाथ यादव, राकेश यादव आदि ने भी संबोधित किया।




डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता। अमृत विचार

## त्योहार के चलते पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**सिद्धार्थनगर।** जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्योहार दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में सघन चेकिंग व पैदल गश्त किया गया। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार दीपावली, गोवर्धन पूजा व जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व उसके आस-पास के क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग व पैदल गश्त किया गया। आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# महिला मुक्केबाज का सेना में चयन के बाद नगर आगमन पर हुआ स्वागत

संवाददाता कुशीनगर

**अमृत विचार।** आर के बॉक्सिंग क्लब हाटा कुशीनगर की सीनियर महिला मुक्केबाज आईस प्रजापति पुत्री संतोष प्रजापति निवासी वार्ड नंबर 25 इंदिरा नगर हाटा की बेटी आईस जो मुक्केबाजी में खेल कोटे से सेना सुरक्षा बल में चयनित होने के बाद ट्रेनिंग से लौटी तो नगर पालिका हाटा में नगर पालिका अध्यक्ष रामानंद सिंह ने पुल माला व अंगवस्त्र से स्वागत किया। उन्होंने कहा की आईस प्रजापति ने समाज में नारी शक्ति को बढ़ावा देने का काम किया है। हाटा के पूर्व विधायक पवन केडिया ने अंगवस्त्र और फूल माला से स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा की अन्य बेटियों के लिए आईस प्रेरणा के रूप में उभर कर सामने है।

शहीद चौक पर हाटा के सभासद रणजीत सिंह, संतोष मिश्रा, सुशील दत्त त्रिपाठी, पंकज शर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश तिवारी, प्रतिक बर्नवाल, रजनीश बर्नवाल सहित खिलाड़ी, अभिभावक संदीप बर्नवाल, रत्नेश गुप्ता और सीनियर खिलाडी पंकज गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे। वहीं बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार गुप्ता ने सभी को धन्यवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



स्वागत करते पूर्व विधायक पवन केडिया, नपा अध्यक्ष रामानंद सिंह सहित अन्य।

# बजट फ्रेंडली ईवी स्कूटर

*पेट्रोल के बढ़ते दामों और पर्यावरण संकट को देखते हुए बीते कुछ सालों से भारतीय ऑटो मार्केट में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऑटो कंपनियां भी अब स्टाइल से लेकर परफॉर्मेंस और पर्सनालिटी के बेहतरीन कॉम्बिनेशन वाले नए-नए मॉडल्स पेश कर रही हैं, जिससे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स पर स्विच करने वालों को अब बजट, स्पीड या फिर फीचर्स को लेकर समझौता नहीं करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर आप भी इलेक्ट्रिक स्कूटर्स खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आज हम आपको 2025 के पांच ऐसे स्कूटर्स के फीचर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके और आपके पॉकेट के लिए बेस्ट रहेंगे।*



## एथर 450 एस

एथर 450 एस एक स्मार्ट, फीचर–लोडेड और प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटरों में से एक है। इस स्कूटर में कंपनी ने 2 .9 केडब्ल्युएच का बैटरी पैक दिया है, जो एक एफिशिएंट मोटर के साथ आता है। इस मॉडल की मोटर 5 .4 केडब्ल्यु बैटरी की पावर और 22 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह करीब 115 किमी की क्लेम्ड रेंज और 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड देता है। इसकी कीमत कि बात करें तो, इस मॉडल की कीमत वेरिएंट और जगह के हिसाब से अलग–अलग है। इस मॉडल की एक्स–शोरूम कीमत 1,20,841 से 1.44 लाख रुपये है। इसमें 7–इंच का कलर एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। स्कूटर का डीपव्यू डिस्प्ले रीयल टाइम नेविगेशन, राइड मोड और कनेक्टेड फीचर्स ऑफर करता है।

## टीवीएस ऑरबिटर

टीवीएस ऑरबिटर एक किफायती और फीचर से लैस इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो एक बार चार्ज करने पर लगभग 115-158 किमी की रेंज कवर करता है। साथ ही 3.1 केडव्ल्युएच बैटरी और मिड-माउंटेड मोटर द्वारा ऑपरेटेड 68 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देता। फीचर्स की बात करें



तो एक मल्टी-कलर इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ आता है। यह ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, हिल-होल्ड असिस्ट, क्रूज कंट्रोल, यूएसबी चार्जिंग, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, थेफ्ट अलर्ट और ओटीए अपडेट सहित कई फीचर्स हैं। इसके अलावा यह 34 लीटर अंडरसीट स्टोरेज कैपेसिटी भी ऑफर करता है, जो दो हाफ फेस हेलमेट और डुअल राइड मोड को स्टोर करने में सक्षम है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 99,000 रुपये है। जगह के अनुसार कीमत में बदलाव हो सकता है।



## हीरो विडा वी 2 प्रो

हीरो विडा वी 2 प्रो 3.94 केडव्ल्युएच बैटरी और 6 केडव्ल्यु मोटर से लैस है, जो 25 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। हीरो का यह स्कूटर सिंगल चार्ज में 165 किमी रेंज ऑफर करता है, जिसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है। इसमें रिमूवेबल बैटरी है, जिसे आप घर या ऑफिस कहीं भी आसानी से चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें 4 राइड मोड, रिजेनरेटिव ब्रेकिंग और एक बड़ा टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स हैं। इसे आप 1.20 लाख की शुरुआती कीमत पर खरीद सकते हैं। हालांकि जगह के अनुसार कीमत बदल सकती है।



## बजाज चेतक 3501

बजाज चेतक 3501 की 3.5 केडव्ल्युएच बैटरी 153 किमी तक चलती है। स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटे है। इसमें 35 एल अंडर सीट कैपेसिटी, एंटी थेफ्ट अलर्ट, ओवरस्पीड अलर्ट, आईपी 67-रेटेड बैटरी पैक और स्मार्टफोन कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं। इस स्कूटर की शुरुआती कीमत 1.22 लाख रुपये है। जगह के अनुसार गाड़ी की कीमत में बदलाव हो सकता है।





# डैशकैम : सड़क सुरक्षा का स्मार्ट तरीका

*भारत में सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या के साथ ही सड़क हादसों के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे माहौल में कार मालिकों के लिए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यही वजह है कि अब लोग अपनी गाड़ियों में डैशकैम लगवाने की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह छोटा सा कैमरा अब सिर्फ एक्सेसरी नहीं, बल्कि एक जरूरी सुरक्षा उपकरण बन चुका है। डैशकैम न सिर्फ आपकी ड्राइविंग को सुरक्षित बनाता है, बल्कि किसी भी विवाद में आपका मौन गवाह साबित होता है। यह एक बार का निवेश है, जो लंबी अवधि में आपकी सुरक्षा और मानसिक सुकून दोनों सुनिश्चित करता है।*

### क्या है डैशकैम

डैशकैम एक छोटा डिजिटल कैमरा होता है, जिसे आमतौर पर कार के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगाया जाता है। यह ड्राइविंग के दौरान लगातार वीडियो रिकॉर्ड करता है। किसी एक्सीडेंट, ट्रैफिक विवाद या सड़क पर हुई दुर्घटना की स्थिति में फुटेज महत्वपूर्ण सबूत के तौर पर काम आते हैं। कई देशों में डैशकैम फुटेज को कानूनी साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाता है और अब भारत में भी इसके उपयोग को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

### क्यों जरूरी है कार में डैशकैम

डैशकैम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सड़क हादसे में अक्सर यह तय करना मुश्किल होता है कि गलती किसकी थी। ड्राइवर की या सामने वाले की। ऐसे में डैशकैम की वीडियो रिकॉर्डिंग विवाद को सुलझाने में निर्णायक साबित होती है। साथ ही यह इंश्योरेंस क्लेम प्रक्रिया को भी आसान बनाता है। कई बार कार पार्किंग में खरोंच लग जाए या कोई वाहन टकरा जाए, तो डैशकैम फुटेज से जिम्मेदारी तय करने में मदद मिलती है।

**टिप्स**

## डैशकैम खरीदने से पहले जानें ये जरूरी बातें

### हाई वीडियो क्वालिटी

कैमरे की रिजॉल्यूशन कम से कम फुल एचडी (1080 एमपी) या उससे बेहतर होनी चाहिए ताकि नंबर प्लेट और सड़क की डिटेल्स साफ दिखें।

### स्टोरेज कैपेसिटी

बड़ी मेमोरी सपोर्ट वाला डैशकैम चुनें, जिससे पुरानी रिकॉर्डिंग को बार-बार डिलीट न करनी पड़े। कई मॉडल्स में लूप रिकॉर्डिंग फीचर होता है, जो पुराना डेटा खुद ही ओवरराइट कर देता है।

### बैटरी और पावर सपोर्ट

सुनिश्चित करें कि कैमरे में अच्छा बैटरी बैकअप हो या वह कार के पावर सॉकेट से सीधे जुड़ सके।

### जीपीएस और कनेक्टिविटी फीचर्स

जीपीएस वाला डैशकैम लोकेशन और स्पीड डेटा के साथ वीडियो सेव करता है। वहीं, वाई-फाई या ब्लूटूथ सपोर्ट से फुटेज मोबाइल में आसानी से ट्रांसफर किया जा सकता है।

### नाइट विजन और वाइड एंगल लेंस

कम रोशनी में भी साफ रिकॉर्डिंग के लिए नाइट विजन और वाइड एंगल व्यू (120-170 डिग्री) वाले कैमरे ज्यादा कारगर रहते हैं।

### डबल चैनल रिकॉर्डिंग

अगर बजट अनुमति देता है, तो फ्रंट और रियर दोनों व्यू रिकॉर्ड करने वाला डैशकैम खरीदें। इससे पीछे से होने वाली टक्करें भी रिकॉर्ड हो जाती हैं।





# कार नहीं दे रही मनचाहा माइलेज अपनाएं ये उपाय

आज के समय में कार सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। भारत में लाखों लोग हर दिन कार से सफर करते हैं, लेकिन अक्सर उनकी शिकायत होती है कि गाड़ी का माइलेज उम्मीद से कम मिलता है। अक्सर सर्विस सेंटर जाकर भी कई बार कोई खास सुधार नहीं दिखता। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना कोई अतिरिक्त खर्च किए कार का एवरेज कैसे बढ़ाया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं कुछ आसान और असरदार टिप्स, जिसको अपनाकर आप अपनी कार का माइलेज बढ़ा सकते हैं।

### नियमित सर्विस

आप अगर अपनी कार से अच्छा माइलेज चाहते हैं, तो उसकी सर्विसिंग में लापरवाही न करें। समय पर सर्विस न कराने से इंजन ऑयल खराब हो जाता है और ऑयल फिल्टर चोक होने लगता है। इससे इंजन पर दबाव बढ़ता है और फ्यूल खपत भी ज्यादा होती है। समय पर सर्विस कराने से इंजन की परफॉर्मेंस बनी रहती है और माइलेज बेहतर होता है।



### टायर प्रेशर पर ध्यान दें

कार के टायरों में सही मात्रा में हवा होना माइलेज के लिए बेहद जरूरी है। अगर टायरों में हवा कम है, तो इंजन पर ज्यादा लोड पड़ता है और गाड़ी को चलाने में अधिक फ्यूल लगता है। इसलिए हफ्ते में एक बार टायर प्रेशर जरूर चेक करें और कंपनी द्वारा बताई गई सीमा के अनुसार हवा भरवाएं।

### कंट्रोल स्पीड में चलाएं कार

गाड़ी को बहुत तेज चलाना ईंधन की खपत को बढ़ा देता है। बेहतर होगा कि कार को हमेशा नियंत्रित और नर्माल स्पीड में चलाएं। आमतौर पर 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार सबसे संतुलित मानी जाती है। इस स्पीड पर इंजन कम पावर लेता है और कार अच्छा एवरेज देती है।

### बदलें छोटी-छोटी आदतें

ड्राइविंग के दौरान अचानक ब्रेक लगाना, ज्यादा एक्सीलेरेटर देना या क्लच को लगातार दबाए रखना। ये सब गलत आदतें हैं, जो माइलेज कम करती हैं। इसके अलावा, अगर कार लंबे समय तक खड़ी है, तो इंजन बंद कर दें। इससे फ्यूल बचेगा और एवरेज में सुधार होगा।



## 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगा पर्यटन क्षेत्र

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एमपी ट्रैवल मार्ट को संबोधित कर रहे थे।

अमृत विचार
अयोध्या, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



### बिजीनेस ब्रीफ

## फ्लिपकार्ट को फेमा केस बंद करने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। ईडी ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने बताया कि ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है।

## भारत से 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात

**नई दिल्ली।** भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।



चीनी व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। 2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। एआईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।

## फिलिप्स भारत में लाएगी वैश्विक उत्पाद

**मुंबई।** वैश्विक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी कंपनी फिलिप्स भारत में अपने पुरुष सौंदर्य और मातृ एवं शिशु देखभाल उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत करना जारी रखेगी। इसके अलावा वह घरेलू बाजार में अपने वैश्विक उत्पादों की पेशकश को भी आगे बढ़ाएगी। फिलिप्स इंडिया ने यह भी कहा कि बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ओर रुझान तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी प्रीमियम खंड में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देख रही है। फिलिप्स पर्सनल हेल्थ के प्रमुख स्मित शुक्ला ने कहा कि हम पुरुषों की देखभाल और मां-बच्चे की देखभाल से जुड़े उत्पादों को नवाचार और सुधारों के साथ लगातार बेहतर बनाते रहेंगे।

# स्वदेशी एआई को वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई

### इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ योजना पर चल रही बातचीत

कैंडोलिम (गोवा), एजेंसी



चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शीर्ष निकाय, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), भारत के स्वदेशी कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के साथ बातचीत कर रहा है। मंत्रालय देश का अपना बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) विकसित करने के लिए काम कर रहा है। आईसीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संस्थान भारत में विकसित किए जाने वाले एलएलएम (बड़े भाषा मॉडल) को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। आईसीएआई के चार लाख से अधिक सदस्य हैं।

अधिकारी ने बताया कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। आईसीएआई का प्रस्ताव है कि भारत में विकसित किए जा रहे एलएलएम को वित्तीय और आर्थिक डेटा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि संस्थान के पास कंपनियों के बही-खाते, ऑडिट रिपोर्ट जैसी प्रमाणित जानकारी है, जो एआई मॉडल के लिए उपयोगी हो सकती है। आईसीएआई का कहना है कि वे प्रामाणिक और सटीक वित्तीय डेटा देने में सक्षम हैं।

### घरेलू एमडीपी के वित्तपोषण पर बन रही रिपोर्ट

देश में बड़ी स्वदेशी बहु-विषयक साझेदार फर्म (एमडीपी) की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईसीएआई एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसी फर्मों को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगी। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि देश में ऐसी बहु-विषयक साझेदार फर्म तैयार की जाएं जो ऑडिटिंग और परामर्श सेवाओं को एक साथ प्रदान कर सकें और वैश्विक स्तर पर सक्रिय हों। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने रविवार को कहा कि सरकार के स्तर पर चर्चा हो रही है और संबंधित मुद्दों की समीक्षा की जा रही है। वैश्विक परामर्श और लेखा परीक्षा उद्योग का मूल्य लगभग 240 अरब अमेरिकी डॉलर है और इसमें विदेशी कंपनियों का दबदबा है। सरकार स्वदेशी पेशेवर सेवा क्षेत्र की बड़ी कंपनियां बनाने के प्रयास कर रही है, और विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भारतीय कंपनियों के लिए विस्तार के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।



## दूरसंचार नेटवर्क विस्तार में स्थानीय प्राधिकरण बाधक

**नई दिल्ली।** दूरसंचार बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए जरूरी मंजूरियां देने में स्थानीय प्राधिकरणों की देरी, मनमाने शुल्क और असंगत प्रक्रियाओं के कारण डिजिटल नेटवर्क के विस्तार में बाधा आ रही है।

दूरसंचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने भारत मोबाइल कांग्रेस 2025 में राज्य के आईटी मंत्रियों के साथ एक बैठक में राज्य सरकारों से एकल खिड़की प्रणाली को चालू करने, समयबद्ध ढंग से मंजूरी देने, तर्कसंगत लागत आधारित शुल्क सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निकायों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य की आईटी नीतियों को नए विकास के साथ जोड़ने के लिए भी कहा। पेम्मासानी ने कहा कि राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 2030 तक देश के सभी गांवों में 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड देने हैं।

# महिला-पुरुष अंतर पाटने पर काम कर रहा एसबीआई

- महिला कर्मियों की संख्या 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की है। बैंक का लक्ष्य पांच साल के भीतर अपने महिला कार्यबल को बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक करने का है। एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा कि अगर हम अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की बात करें, तो महिलाएं लगभग 33 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल मिलाकर, वे कुल कार्यबल का 27 प्रतिशत हैं। इसलिए, हम इस प्रतिशत को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे ताकि विविधता और बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि बैंक इस अंतर को पाटने और अपने कार्यबल में 30 प्रतिशत महिलाओं के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठा रहा है। एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2.4 लाख से अधिक है, जो देश के किसी भी संगठन और बैंकिंग उद्योग में सबसे अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां महिलाएं सभी स्तरों पर आगे बढ़ सकें और लक्षित कार्यक्रमों के माध्यम से एसबीआई नेतृत्व, कार्य-जीवन संतुलन और कार्यस्थल पर सम्मान को बढ़ावा देता है।

पोलुदासु ने कहा कि बैंक कामकाजी माताओं के लिए क्रेश भत्ता प्रदान करता है। इसके अलावा मातृत्व अवकाश या विस्तारित बीमारी अवकाश से लौटने वाली महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए परिवार संपर्क चलाता है।

# निवेश को बढ़ावा देगा भारत-ब्रिटेन समझौता

- विशेषज्ञ बोले-निर्यात के साथ कारोबार में भी होगी वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता देश के निर्यात को बढ़ावा देने और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए थे और इसके अगले साल लागू होने की संभावना है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि सीईटीए पर हस्ताक्षर से निर्यात को बढ़ावा मिलने, निवेश आकर्षित करने और कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलने से भारत को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि समझौते का एक प्रमुख आकर्षण सेवा क्षेत्र भी है, जहां यह ब्रिटेन के बाजार में भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक अवसर खोलेगा। इसके अतिरिक्त, डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता कुशल पेशेवरों की सुगम आवाजाही को सुगम बनाएगा, प्रतिभाओं की पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देगा और शिक्षा, नवोन्मेषण और अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि यह समझौता 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा।

रल्हन ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रमुख क्षेत्रों, खासकर एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोलता है। यह न केवल शुल्क कम करता है, बल्कि सेवाओं और निवेश के लिए नियामकीय बाधाओं को भी कम करता है।

## टाटा मोटर्स और मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी

- हुंदै और टोयटा किर्लोस्कर की घटी

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंदै मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

टाटा की बाजार हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल टाटा ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 वाहन बेचे, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत रही थी।

# एनएसई पर रोज 17 करोड़ साइबर हमले

- योद्धाओं की टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

मुंबई, एजेंसी

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है। एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं।

### ट्रेडिंग सदस्यों की नियमित होती है ऑडिट



अधिकारी ने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है। एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं।

## आतिथ्य, यात्रा सेवाओं की मांग में जबर्दस्त उछाल

**नई दिल्ली।** दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।



# संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे

- महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश गवई बोले

रत्नागिरि, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने रविवार को कहा कि संविधान ने यह सुनिश्चित किया है कि देश मजबूत और एकजुट रहे, जबकि पड़ोसी देश अशांति और उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं।

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के मंडणगड तालुका में एक न्यायालय भवन का उद्घाटन करने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह भवन ऐसे क्षेत्र में बना है, जिसमें संविधान के मुख्य निर्माता और महान समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर का पैतृक गांव अंबावडे भी शामिल है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि युद्ध और शांति, दोनों ही स्थितियों में देश एकजुट रहा है और विकास के पथ पर अग्रसर रहा है। हमने आंतरिक आपातकाल भी देखा है, लेकिन हम मजबूत और एकजुट रहे हैं।

यह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान के कारण है, जो हमें उन पड़ोसी देशों से अलग करता है, जहां अशांति का माहौल है। श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल में नेपाल में अशांति के कारण सरकारों में बदलाव हुआ है, साथ ही दंगों और आगजनी के कारण नागरिकों को बड़े पैमाने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद की जाती है, फिर भी न्यायपालिका को सभी तक न्याय सुनिश्चित करने के लिए धन के संदर्भ में कार्यपालिका से सहयोग प्राप्त करना होता है। हाल में नासिक, नागपुर, कोल्हापुर और दरियापुर में न्यायालय भवनों का उद्घाटन हुआ है।



### न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि पिछले 22 वर्षों में एक न्यायाधीश के रूप में, मैंने न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई है और यह सुनिश्चित किया है कि कई न्यायिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी हों। मुझे सबसे अधिक संतोष कोल्हापुर सर्किट बेंच (मुंबई उच्च न्यायालय की) और यह मंडणगड न्यायालय भवन को देखकर हुआ है, जो दो वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। इसे एक सपने के साकार होने जैसा बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने मंडणगड न्यायालय भवन परियोजना में तेजी लाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को धन्यवाद दिया।

## तस्कर से 2.82 करोड़ के सोने के बिस्कुट बरामद

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक तस्कर को पकड़ा और उसके कब्जे से 20 किलोग्राम सोने के बिस्कुट जब्त किए। अर्धसैनिक बल द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 32वीं बटालियन को विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली कि सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक भारतीय नागरिक बांग्लादेश से लाए गए अवैध सोने की तस्करी होरंदीपुर इलाके से करने योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात जवानों को सतर्क कर दिया गया। इसमें बताया गया कि शनिवार सुबह करीब छह बजे बीएसएफ जवानों ने बांस के घने जंगल के पीछे एक व्यक्ति को घूमते देखा।

# लड़कियां रात में बाहर न घूमें : ममता

- मुख्यमंत्री ने कहा-निजी कॉलेज लें छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना पर रविवार को दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए।



खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। कहा कि निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की कथित घटना को स्तब्धकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित उत्तर बंगाल में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने के लिए रवाना होने से पहले ममता ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार का ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है। ममता ने कहा कि पीड़िता जिस संस्थान की छात्रा है, वह (संस्थान) भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलेजों को अपने परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं, खासतौर पर राज्य के बाहर की छात्राओं को छात्रावास के नियमों का पालन करना चाहिए।

### गैंगरेप मामले में तीन गिरफ्तार, एक हिरासत में

पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से सामूहिक बलात्कार में संलिप्तता के आरोप में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस घटना में संदिग्ध भूमिका के कारण एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान अभी उजागर नहीं की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बेहद संवेदनशील मामला है और हम आगे की जानकारी बाद में देंगे। तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को पुलिस ने परानागंज काली बाड़ी श्मशान घाट से सटे जंगल में अपराध स्थल की घेराबंदी कर दी।

# आरएटी की फिर जांच करेगी एयर इंडिया

- डीजीसीए ने दिए निर्देश, बोइंग से भी मांगी रिपोर्ट

मुंबई, एजेंसी



विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया से कहा है कि उन सभी विमानों में आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) की दोबारा जांच की जाए, जिनके पावर कंडीशनिंग मॉड्यूल (पीसीएम) को एयरलाइन ने हाल में बदला है। सुरक्षा नियामक ने साथ ही अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग से बिना कमांड वाले आरएटी की तैनाती के संबंध में लागू किए जाने वाले निवारक उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है कि हाल में एयर इंडिया 787 विमानों से जुड़ी दो घटनाओं में आरएटी प्रणाली सक्रिय हो गई थी। आमतौर पर विमान के दोनों इंजन, इलेक्ट्रॉनिक तंत्र और हाईड्रोलिक प्रणाली खराब होने पर आरएटी सक्रिय होता है। पायलटों के समूह फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने नागर विमानन मंत्री को एक पत्र लिखकर सरकार से एयर इंडिया के पूरे बी787 विमान बेड़े को उड़ान भरने से रोकने और एयरलाइन का विशेष ऑडिट करने का आग्रह किया है।डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया को उन सभी विमानों के आरएटी की फिर से जांच करने की सलाह दी गई है, जिनके पीसीएम मॉड्यूल को हाल ही में बदला गया था। पीसीएम एक महत्वपूर्ण विद्युत घटक है, जो विमान की बिजली उत्पादन प्रणाली से विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों और उपकरणों में विद्युत शक्ति को भेजता और नियंत्रित करता है। बोइंग को पीसीएम मॉड्यूल में बदलाव के बाद दुनिया भर के विमान संचालकों से प्राप्त सेवा संबंधी किसी भी कठिनाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है।

## सबरीमला में सोना गायब होने में बोर्ड पर सवाल

**कोच्चि।** सबरीमला मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) से गायब हुए सोने को लेकर टीडीबी की सतर्कता रिपोर्ट ने 2019 के बोर्ड को सवालों के घेरे में ला दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों की सोना चढ़ी तांबे की चादरों को तत्कालीन बोर्ड के सदस्यों की जानकारी के बिना अतिरिक्त सोना चढ़ाए जाने के लिए चेन्नई ले जाना असंभव था। रिपोर्ट के आधार पर केरल उच्च न्यायालय ने विस्तृत जांच के लिए एक एसआईटी के गठन का निर्देश दिया था।

# 33 लाख छात्रों को पढ़ा रहे एकल-शिक्षक स्कूल

- देश में ऐसे एक लाख विद्यालय, यूपी में सर्वाधिक छात्र नामांकित

नई दिल्ली, एजेंसी

देश भर में 33 लाख से ज्यादा छात्र एकल-शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूलों में नामांकित हैं। आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि इनमें से उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक छात्रों का नामांकन है।

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में, देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे थे जिनका संचालन एकल शिक्षक द्वारा किया जाता था, ऐसे स्कूलों में 33,76,769 छात्र नामांकित थे। यानी, औसतन प्रत्येक स्कूल में करीब 34 छात्र थे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर 30:1 और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) पर 35:1 का छात्र-शिक्षक अनुपात अनिवार्य करता है।

देश में सबसे अधिक 'एकल-शिक्षक' वाले स्कूल आंध्र प्रदेश में हैं, इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, एकल शिक्षक वाले स्कूलों में छात्रों के नामांकन के मामले में उत्तर प्रदेश इस सूची में शीर्ष पर है। उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश का स्थान है। एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 2022-23 के 1,18,190 से घटकर 2023-24 में 1,10,971 हो गई, जो लगभग छह प्रतिशत की गिरावट है।

### शिक्षकों की तैनाती का किया जा रहा प्रयास



एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार स्कूलों के विलय और स्कूलों के एकीकरण, जिसे अक्सर स्कूलों का युक्तिकरण कहा जाता है, के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम संभव उपयोग सुनिश्चित करने पर काम कर रही है। अधिकारी ने कहा कि एकल शिक्षक वाले स्कूल शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करते हैं और इसलिए शिक्षकों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शून्य छात्र नामांकन वाले स्कूलों से एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों को फिर से तैनात करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### सेशेल्स: पैट्रिक हर्मिनी होंगे नए राष्ट्रपति



**विक्टोरिया।** सेशेल्स में विपक्ष के नेता पैट्रिक हर्मिनी ने शनिवार को दूसरे चरण के मतदान में मौजूदा नेता वेवल रामकलावन को हराकर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। रविवार तड़के जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार, हर्मिनी को 52 .7 प्रतिशत वोट मिले, जबकि रामकलावन को 47 .3 प्रतिशत वोट मिले। हर्मिनी 'यूनाइटेड सेशेल्स पार्टी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने 2020 में सत्ता गंवाने से पहले चार दशकों तक देश का नेतृत्व किया था। रामकलावन ने लिनयोन डेमोक्रेटिक सेसेलवा पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रपति पद के लिए दो सप्ताह पूर्व हुए मतदान में कोई स्पष्ट विजेता नहीं मिलने के बाद दूसरे चरण का मुकाबला हुआ था जिसमें मुख्य दावेदार रामकलावन और हर्मिनी थे।

### सूडान : ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा की मौत

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स की ओर से ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से ज्यादा नागरिक मारे गए। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से ज्यादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुज़ुर्गों सहित 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए।

### चीनी दल ने फिलीपींस के जहाज को टक्कर मारी

**मनीला।** चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपींस सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि इस घटना में फिलीपींस के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपींस के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया।

# नेपाल: सोने की तस्करी में पकड़े गए प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष महरा

**कांठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को सोने की तस्करी में कथित संलिप्तता को लेकर रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेपाल पुलिस के अनुसार, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के 67 वर्षीय उपाध्यक्ष को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ललितपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महरा को 8.55 करोड़ नेपाली रुपये मूल्य का सोना बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसे तीन साल पहले त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रखा गया था। तब दुबई से आ रहे एक



- महरा पर 8.5 करोड़ के सोने की तस्करी में लिप्त होने का है आरोप

चीनी नागरिक को काठमांडू हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अंदर छिपाकर सोने की तस्करी करने पर गिरफ्तार किया गया था। महरा को उस वक्त बाजार में सोना बेचने में आपराधिक गिरोहों और हवाई अड्डा के कुछ अधिकारियों की मदद में लिप्त पाया गया था। प्रतिनिधि सभा भारतीय लोकसभा की तरह नेपाल में संसद का निचला सदन होती है।

# महाशक्तियों के बीच गहराता शीतयुद्ध

# चीन और अमेरिका




विश्व की दो सबसे बड़ी महाशक्ति चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के मुख्य कारण तकनीकी और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के साथ चीन की सैन्य शक्ति में वृद्धि है। चीन का दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण है। माना जा रहा है कि चीन ने तकनीकी वर्चस्व पर अमेरिका के नियंत्रण को रोकने के लिए ही दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है, क्योंकि इन खनिजों का उपयोग उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसी वजह से व्यापार युद्ध में एक-दूसरे पर पहले से हावी होने की कोशिश कर रहे इन दोनों देशों के बीच एकाएक टकराव और बढ़ गया है। दुनिया में दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है और उसने इसके निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है। अमेरिका ने जवाब में चीन पर 100% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है जिसका चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। इस नए टकराव ने वैश्विक अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है।

### दुर्लभ खनिजों पर सख्ती क्यों

- चीन ने इन खनिजों के निर्यात पर सख्ती इसलिए बढ़ाई है ताकि वह अपनी भूराजनीतिक शक्ति बढ़ा सके और अमेरिका जैसे देशों पर दबाव डाल सके।
- यह जवाबी कार्रवाई भी है। अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए तो चीन ने महत्वपूर्ण खनिजों का निर्यात नियंत्रित करके दबाव बनाया।
- चीन का तर्क है कि ये खनिज सैन्य और नागरिक उपयोग दोनों तरह के उत्पादों में इस्तेमाल होते हैं। अमेरिका इनका सैन्य इस्तेमाल ज्यादा कर रहा है।
- चीन खनन से होने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने का हवाला भी दे रहा है। हालांकि इसे उसका बहाना माना जा रहा है।

**चीन पर असर :** भारी टैरिफ के कारण विदेशी कंपनियां चीन में निवेश करने से हिचकिचाएंगी।

### उत्पादन की स्थिति

- दुर्लभ खनिजों के उत्पादन पर हावी चीन वैश्विक उत्पादन के 61% का खनन करता है और विश्व के 92% से अधिक प्रसंस्करण को नियंत्रित करता है।
- हालांकि कुछ अन्य देशों में भी दुर्लभ खनिजों के भंडार हैं। अमेरिका के माउंटेन पास में एक खदान है, लेकिन यह वैश्विक मांग को पूरा नहीं कर सकती।
- दुर्लभ खनिजों पर चीन की एकाधिकार जैसी स्थिति ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बहुत कमजोर बना दिया है, इस कारण दुनिया चीन पर निर्भर हो गई है।

### तनाव के मुख्य कारण

- तकनीकी प्रतिस्पर्धा सबसे प्रमुख, दोनों देश सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य हाईटेक क्षेत्रों में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।
- आर्थिक प्रतिस्पर्धा के चलते अमेरिका चीन के बड़े व्यापार घाटे से चिंतित है और टैरिफ लगाकर चीन के निर्यात को काबू करने का प्रयास कर रहा है।
- अमेरिका की सुरक्षा चिंताएं भी एक कारण है। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को लेकर अमेरिका की चिंता बढ़ रही है।

### टकराव का दुनिया पर असर

- दुनिया की अर्थव्यवस्था इन दोनों देशों पर बहुत निर्भर है। इस टकराव से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बड़े व्यवधान आ सकते हैं, जिससे कई उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा।
- व्यापार युद्ध से वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता खत्म हो सकती है।
- निवेश में बदलाव की भी संभावना बढ़ेगी। कंपनियां स्वाभाविक रूप से निर्भरता कम करने के लिए चीन से बाहर वैकल्पिक उत्पादन स्थलों की तलाश करेंगी।

### भारत के लिए संकेत

- भारत के लिए यह एक अवसर हो सकता है क्योंकि अमेरिका समेत कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति शृंखला तलाश रहे हैं।
- भारत-अमेरिका हिंद महासागर में चीन की बढ़ती शक्ति का मुकाबला करना चाहते हैं। भारत को अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने का मौका मिलेगा।

# गाजा युद्ध: मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण

## ट्रंप और अब्देल फतेह करेंगे अध्यक्षता, यूएन महासचिव गुटेरेस भी लेंगे हिस्सा

**काहिरा, एजेंसी**

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए मिस्र में सोमवार को आयोजित हो रहे शांति सम्मेलन में भारत सहित करीब 20 देशों और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। गाजा पट्टी में शांति लाने के मकसद से मिस्र के मशहूर पर्यटक स्थल शर्म-अल-शेख में सोमवार को होने जा रहे इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को भी न्योता भेजा गया है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के मुताबिक इस बेहद महत्वपूर्ण सम्मेलन में आमंत्रित किए गए देशों में भारत का नाम भी शामिल है। उसने सीसी के कार्यालय के हवाले से बताया कि यह शिखर सम्मेलन क्षेत्र में शांति के लिए ट्रंप के नजरिए और वैश्विक संघर्षों को खत्म करने की उनकी लगातार की जा रही कोशिशों के अनुरूप है। इसका मकसद गाजा में चल रही जंग को खत्म करना, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग एवं सुरक्षा का एक नया अध्याय शुरू करना है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने बताया कि शिखर सम्मेलन में गाजा में युद्ध समाप्त करने संबंधी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन को 'शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन-गाजा में युद्ध की समाप्ति के लिए समझौता' नाम दिया गया है। गुटेरेस के कार्यालय ने उनके इसमें भाग लेने की पुष्टि की है।



युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद गाजा में घरों को लौटते फिलिस्तीनी।

### वार्ता के बाद हस्ताक्षर समारोह

ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस शिखर सम्मेलन में गाजा शांति योजना पर एक 'हस्ताक्षर समारोह' भी शामिल होगा, जो दो साल के संघर्ष और रक्तपात के बाद इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ होगा। यह शिखर सम्मेलन हाल के दिनों में शर्म अल-शेख में गहन परोक्ष वार्ता के बाद इजराइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति के बाद हो रहा है। बीते दो साल से चल रही इस जंग में 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

### कई यूरोपीय नेता होंगे शामिल, शहबाज भी पहुंचेंगे

इस सम्मेलन में अरब, मुस्लिम, एशियाई और यूरोपीय देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उनके अलावा कई यूरोपीय नेताओं ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मिस्र आने की पुष्टि कर दी है। इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी उपस्थित रह सकते हैं। इनके अलावा ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। इन सभी को शिखर सम्मेलन का निमंत्रण भेजा गया है।

### क्या होगा आगे... कैदियों को रिहा करेगा हमास निरस्त्रीकरण और शासन पर जारी रहेगी वार्ता

इजराइली रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप की योजना के मुताबिक समझौते की शर्तों के तहत इजराइली सेना ने गाजा के अंदर एक हद तक अपनी वापसी पूरी कर ली है। अगले तीन दिनों में हमास को अभी भी बंद सभी 48 कैदियों को रिहा करना होगा, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने का अनुमान है। उम्मीद है कि इजराइल और हमास ट्रंप की योजना के अगले चरणों पर चर्चा जारी रखेंगे, जिसमें हमास निरस्त्रीकरण, युद्धोत्तर प्रशासन और नए संघर्ष को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी जैसे विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बीच युद्धविराम जारी रहेगा।

## सबसे बड़ी नौका दौड़



इटली की ट्राइस्टे की खाड़ी में रविवार को हजारों लोगों ने पारंपरिक बारकोलाना रेगाटा में भाग लिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी नौका दौड़ है जो हर साल अक्टूबर में होती है। इसे एक बड़े समुद्री उत्सव की तरह संगीत और मनोरंजन के साथ मनाया जाता है।

### मिस्र में हुई कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के लाल सागर स्थित शर्म अल शेख में रिसॉर्ट जाते समय शनिवार को एक कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि शर्म अल-शेख से लगभग 50 किमी दूर एक वाहन के पलट जाने से दो अन्य राजनयिक घायल हो गए। कतर की प्रोटोकॉल टीम के ये राजनयिक हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम होने का जश्न मनाने शहर जा रहे थे। कतर ने मिस्र और अमेरिका के साथ मिलकर मध्यस्थता की थी। तुर्किये भी शर्म अल-शेख में हुई वार्ता में शामिल हुआ था। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद बंधकों और सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया।

# चीन की अमेरिका को चेतावनी, 100% टैरिफ का कड़ा जवाब देंगे

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने दुर्लभ खनिज और ऐसी दूसरी वस्तुओं के निर्यात पर अंकुश से जुड़े फैसले का बचाव करते हुए इसे वैश्विक शांति की रक्षा के लिए एक वैध कदम बताया है, साथ ही अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी निर्यात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी पर कायम रहते हैं तो वह इसका ठोस जवाब देगा।

चीन ने बृहस्पतिवार को दुर्लभ खनिज, लिथियम बैटरी और दुर्लभ खनिज आधारित सामग्री के खनन व प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नयी पाबंदियों की घोषणा की थी। तत्काल प्रभावी हुईं इन पाबंदियों के दायरे में उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विदेशी हस्तांतरण भी आता है। बीजिंग ने कहा कि यह निर्णय इस चिंता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कुछ विदेशी कंपनियां सैन्य उद्देश्यों के लिए चीन से प्राप्त सामग्रियों का उपयोग कर रही हैं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसके बाद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध फिर से शुरू हो गया।



- कहा- टैरिफ की धमकी देकर चीन के साथ नहीं बैठ सकता तालमेल

### गलत रास्ता छोड़े और वार्ता से दूर करे मतभेद

चीन ने कहा, हम व्यापार युद्ध से नहीं डरते। अमेरिका अपनी गलत प्रथाओं को तुरंत सुधारे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच फोन कॉल के दौरान बनी महत्वपूर्ण सहमति का पालन करे और वार्ता और पारस्परिक सम्मान एवं समान परामर्श के माध्यम से व्यापार मतभेदों को हल करे। बयान में कहा गया, अगर अमेरिका गलत रास्ते पर जाने पर अड़ा रहता है तो चीन निश्चित रूप से अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगा।

ट्रंप की धमकी से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में अमेरिका पर राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ाचढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया। कहा, जानबूझकर भारी टैरिफ लगाने की धमकी देना चीन के साथ तालमेल बिठाने का सही तरीका नहीं है।

# ट्रंप का आदेश, जितना भी पैसा है उससे पहले सैनिकों को दें वेतन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी वित्त पोषण रुकने के कारण हुए 'शटडाउन' के बावजूद अमेरिकी सैनिकों को बुधवार को वेतन देने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करे।

ट्रंप ने कहा कि यह एक अल्पकालिक उपाय है जो उन लाखों संघीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह इसलिए कदम उठा रहे हैं क्योंकि हमारे बहादुर



सैनिकों को निर्धारित 15 अक्टूबर को उनका वेतन नहीं मिल पाएगा। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को 15 अक्टूबर को सैनिकों को वेतन दिलाने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दे रहे हैं।

# यूक्रेन की पावर ग्रिड पर रूस ने फिर किया हमला

## सर्दी से पहले यूक्रेन का ऊर्जा ढांचा ठप करने के अभियान के तहत बनाया निशाना

**कीव, एजेंसी**

रूस ने रविवार रात यूक्रेन की पावर ग्रिड पर हमला किया ताकि सर्दियों से पहले यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ठप कर दिया जाए। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब मॉस्को अमेरिका की ओर से यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दिए जाने की संभावना पर गहरी चिंता जता चुका है।

कीव के क्षेत्रीय गवर्नर मायकोला कलाश्निक ने कहा कि क्षेत्र में एक सबस्टेशन पर रूसी हमलों में यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो कर्मचारी घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि डोनेट्स्क, ओडेसा और चेर्निहीव क्षेत्रों में भी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल उपलब्ध कराने के बारे में एक तरह से निर्णय ले लिया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। यूक्रेन का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा करने वाला है।

इस बीच, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने एक टिप्पणी में कहा, टॉमहॉक का विषय बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, यह वाकई एक बहुत नाटकीय क्षण है क्योंकि हर तरफ से तनाव बढ़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी एवं बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भी रविवार को कहा कि उन्हें संदेह है कि अमेरिका यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें देगा। मुझे लगता है कि हमें शांत रहने की ज़रूरत है।

### जेलेंस्की ने की रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग



यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, रूस हमारे शहरों और समुदायों के खिलाफ अपना हवाई आतंक जारी रखे हुए है, हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर रहा है। कहा, रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन के खिलाफ 3,100 से अधिक ड्रोन, 92 मिसाइलें और लगभग 1,360 ग्लाइड बम दागे हैं। ज़ेलेंस्की ने रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने का भी आह्वान किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, रूसी तेल के खरीदार जो इस युद्ध को वित्तपोषित करते हैं, उनके के खिलाफ प्रतिबंध, टैरिफ और संयुक्त कार्रवाई, सभी मुद्दों पर बातचीत जारी रहनी चाहिए।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 12 .24 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- आर्द्रा 12 .26 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज नए मित्र बन सकते हैं। अपनी भावी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ्यूज हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा विशेष रूप से सुखद रहेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाए रखें। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे।

**वृष** — आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को अत्यधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिए दिन उत्तम है। किसी महत्वपूर्ण बात को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज व्यवसाय को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा।

**कर्क** — आज आपके ऊपर अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी। व्यवसाय में अपने खर्चों पर नियंत्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की संभावना है।

**सिंह** — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित रहेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा।

**कन्या** — आज गुप्त शत्रुओं की वजह से कुछ समस्या हो सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें। कारोबार में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रबंधन से जुड़े लोगों का काम बढ़ने वाला है।

**तुला** — आज महिलाओं का स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। संतान का व्यवहार आपके प्रति काफी अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद लेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव होने की संभावना है। आपको कुछ कार्य ऐसे करने पड़ सकते हैं, जिनकी आपको अपेक्षा भी नहीं थी।

**धनु** — आज शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे।

**मकर** — आज लोन से जुड़े हुए अटके काम शुरू हो सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। विपरीत परिस्थितियों में फंसे लोगों की सहायता कर सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कुंभ** — आज विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें। किसी को उधार धन न दें। बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिंता हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** — आज आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आएगी। नौकरी में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की दिशा में आपकी रुचि बढ़ सकती है।

## सुडोकू -128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | 1 | 5 | | | 6 |
| | | 2 | | 3 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | 3 | 2 | |
| | 9 | | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | 1 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 2 | | 1 | 6 | | | | |
| 4 | 7 | | | | | | | 3 |

### सुडोकू - 127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 7 | 4 | 6 |
| 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 |



‘ एसीए वीडीसीए स्टेडियम में मेरे नाम पर एक स्टैंड होना गर्व की बात है। मैं आंध्र प्रदेश सरकार और आंध्र प्रदेश क्रिकेट संघ को धन्यवाद देती हूं। विशाखापत्तनम का मेरे दिल में विशेष स्थान है, जहां मैने खेल को सीखने, अपने कौशल को निखारने के लिए घंटो मेहनत की है।
-पूर्व कप्तान मिताली राज




अमृत विचार
www.amritvichar.com


**हाईलाइट**

### हमें मैच को पांचवें दिन तक खींचना होगा: पियरे

**नई दिल्ली** : दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के शुरुआती तीन दिन तक पिच ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। ऐसे में वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर खारी पियरे को उम्मीद है कि उनकी टीम के पास मैच को पांचवें दिन तक ले जाने का मौका है। पियरे ने कहा मुझे लगता है कि पिच अभी भी अच्छी है, कभी-कभी गेंद स्पिन हो रही है। पियरे ने भारतीय स्पिनरों को विकेट लेने में हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा अगर पिच ऐसे ही बनी रही, तो हमारे बल्लेबाजों को टिकने और रन बनाने का भरपूर मौका मिलेगा। हम पांचवें दिन तक मैच खींच सकते हैं।अभी यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच है, लेकिन जैसे ही हम चौथे दिन के अंतिम सत्र या पांचवें दिन पहुंचेंगे, मुझे लगता है कि पिच काफी टूटेगी, गेंद नीची रहेगी और थोड़ा ज्यादा स्पिन भी करेगी।

### पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई : डोएशे

**नई दिल्ली** : भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि पिच के धीमा होने से बल्लेबाजी आसान हो गई है, जिससे भारतीय स्पिनरों को चौथे दिन काफी मेहनत करनी पड़ेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज को फालोऑन खेलने पर मजबूर किया, पर जॉन कैंपबेल और शाई होप ने भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करते हुए दूसरी पारी को मजबूती दी। हमें लगा था कि पिच धीरे-धीरे और खराब होती जाएगी और दिन के अंत तक बल्लेबाजों के लिए मुश्किल बढ़ जायेगी पर ऐसा लग रहा है कि यह और भी धीमी हो गई है। गेंदबाजों के लिए अब गति हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# फॉलोऑन के बाद कैंपबेल और होप ने वेस्टइंडीज को संभाला

## पारी की हार से बचने के लिए अभी 97 रन और बनाने होंगे, आज परिणाम आने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही।

वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है जो वेस्टइंडीज के नाम रहा।

कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा। इससे पहले शुरुआती दो सत्र में कुलदीप ने अपनी कलात्मकता का नजारा पेश करते हुए पांच विकेट झटककर वेस्टइंडीज की पहली पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत पहली पारी में चार विकेट पर 140 रन से की लेकिन आधे घंटे के खेल के बाद कुलदीप ने शानदार गेंद पर शाई होप (36) को बोल्ड कर भारत के दबदबे को मजबूत किया। वेस्टइंडीज की पहली पारी 81.5 ओवर में 248 रन पर सिमटी।

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया।

एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। दूसरे सत्र की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह ने खारी पियरे को बोल्ड कर मैच में पहली सफलता हासिल की। इसके बाद कुलदीप ने जेडेन सील्स को पगबाधा कर टेस्ट करियर के 15वें टेस्ट में पांचवीं बार पांच विकेट पूरे किये। दिन के शुरुआती सत्र में कुलदीप ने अपनी फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज के मध्यक्रम को झकझोर दिया।



वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल और शाई होप ने तीसरे दिन हार टाल दी। एजेंसी

**वेस्टइंडीज**

**173/2 (दूसरी पारी) (49 ओवर)**

- जॉन कैंपबेल खेल रहे हैं 87
- तेगनारायण का गिल बो सिराज 10
- एलिस अथानजे बो सुंदर 07
- शाई होप खेल रहे हैं 66

**गेंदबाजी** : सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

### जेडेन सील्स पर जुर्माना लगा

**नई दिल्ली** : वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ यहां खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया जिससे गेंद उनके पैड पर लगी।

# कुलदीप ने पांच विकेट लेते ही रचा इतिहास दिग्गजों की बराबरी की



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालाँकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेतावनी दे दी: उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते।

**15** टेस्ट मैचों में पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं

**19** वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से लिए 33 विकेट

### सभी फॉर्मेट में है शानदार रिकॉर्ड

सभी फॉर्मेट में, कुलदीप तूफान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं; 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट; और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है-यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्ट इंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाज़ा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियाँ बजीं, टीम ने तालियाँ बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो : मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूँ। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा जो सिर्फ़ मैच नहीं जिताते, बल्कि करियर भी तय करते हैं।



स्मृति मंधाना।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को तीन विकेट से हराया

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

ऐनाबेल सदरलैंड (पांच विकेट) और सोफी मोलिन्यू (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एलिसा हीली (142) की शतकीय और एलिसा पैरी (नाबाद 47) की पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला एकदिवसीय विश्वकप के मुकाबले में छह गेंदे शेष रहते भारतीय टीम को तीन विकेट से हरा दिया।

331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए अलिसा हीली और फीबी लिचफिल्ड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर में श्री चारणी ने चिलफिल्ड (40) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने बेनी मूथ (चार) और उसके बाद श्री चारणी ऐनाबेल सदरलैंड (शून्य) को आउट कर मैच पर बनाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान एक छोर थामे अलिसा हीली रन बनाती रही। 39वें ओवर में श्री चारणी ने अलिसा हीली को आउट किया। हीली ने 107 गेंदों में 21 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 147 रनों की पारी खेली। एश्ली गार्डनर (45) को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। तालिया मैक्ग्रा (12) को दीप्ति शर्मा तथा सोफी मोलिन्यू (18) को अमनजोत कौर ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका देकर मैच को रोमांचक बना दिया। इसके बाद चोटिल होकर रिटायर्ड हुई एलिस पेरी मैच को बचाने मैदान में उतरी। 49वें ओवर की आखिरी गेंद पर एलिस पेरी ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिला दी। पेरी ने 52 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 47) रन बनाये। किम गार्थ 14 रन बनाकर नाबाद रही। भारत के लिए श्री चारणी ने तीन विकेट लिये। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 155 रनों की शतकीय साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 25वें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। स्मृति मंधाना ने 66 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद 31वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने प्रतिका रावल 75 को अपना शिकार बना लिया।

रावल ने अपनी पारी में 10चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (22), हरलीन देओल (38), जेमिमाह रोड्रिग्स (33), रिचा घोष (32) और अमनजोत कौर 16 रन बनाकर आउट हुई। सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को 48.5 ओवर में 330 के स्कोर पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर ऐनाबेल सदरलैंड ने पांच विकेट लिये। सोफी मोलिन्यू को तीन विकेट मिले। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली व एलिसा पैरी ने शानदार पारी खेली। एजेंसी

**अंक तालिका**

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 1.353 |
| इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.864 |
| भारत | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.682 |
| द.अफ्रीका | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.888 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.245 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.357 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | -1.526 |
| पाकिस्तान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.887 |

**भारत**

**330/10 (48.5 ओवर)**

- प्रतिका का पैरी बो सदरलैंड 75
- मंधाना का लिचफील्ड बो मोलिनू 80
- हरलीन का सदरलैंड बो मोलिनू 38
- हरमनप्रीत का मोलिनू बो शूट 22
- जेमिमा का मूनी बो सदरलैंड 33
- रिचा घोष का सब बो सदरलैंड 32
- अमनजोत का मोलिनू बो गार्डनर 16
- दीप्ति शर्मा का मूनी बो मोलिनू 01
- स्नेह राणा नाबाद 08
- क्रांति गौड़ का सब बो सदरलैंड 01
- श्री चरणी बो सदरलैंड 00

**गेंदबाजी** : किम गार्थ 5-0-35-0, मेगान शूट 6.1-0-37-1, एशले गार्डनर 7-0-40-1, सोफी मोलिनू 10-1-75-3, अनाबेल सदरलैंड 9.5-0-40-5, तहलिया मैकग्रा 4.5-0-43-0, अलाना किंग 6-0-49-0

### दक्षिण अफ्रीकी टीम जीत की लय जारी रखने उतरेगी

**विशाखापत्तनम** : दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है।

कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी द.अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है। इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

**समय अपह्रान 3:00 बजे से**

### अरशद नदीम के कोच पर लगा आजीवन प्रतिबंध

**लाहौर** : पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच सलमान इकबाल पर रविवार को देश के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वह इस संघ के अध्यक्ष हैं।

आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं और किसी भी स्तर पर कोई पद पर काबिज नहीं हो सकते हैं। पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (पीएएएफ) ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया है जो अगस्त में हुए थे। सितंबर में एक जांच समिति का गठन किया गया था, जिसकी सिफारिश पर कार्रवाई की गई।

# भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**जोहोर (मलेशिया), एजेंसी**

**सुल्तान जोहोर कप**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था।

भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब ड्रैगफ्लिकर और कप्तान रोहित ने गेंद सुनील को पास की और सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक बेहतरीन वैरिएशन से गोल कर दिया। भारत को दूसरे क्वार्टर में एक मौका तब मिला जब सर्कल में अरिजीत ने तेजी से घूमकर गोल पर एक सफल शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया। न्यूजीलैंड ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में नेल्सन की बदौलत 41वें मिनट में खाता खोला। आर कुमुर ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को अंतिम क्वार्टर में 4-1 की बढ़त दिला दी।

### एआईएफएफ ने दो विवादास्पद अनुच्छेदों को नहीं अपनाया

**नई दिल्ली** : अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को अपनी विशेष आम सभा (एसजीएम) की बैठक में उच्चतम न्यायालय द्वारा मंजूर किए संविधान को अपनाया, लेकिन दो विवादास्पद अनुच्छेदों को छोड़ दिया है जो शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 19 सितंबर को न्यायाधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार किए गए एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दे दी थी और महासंघ को इसे चार हफ्तों के भीतर अपनाने का निर्देश दिया था। लेकिन संविधान के मसौदे के दो अनुच्छेद शीर्ष अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गए थे और एआईएफएफ ने इन दो नियमों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

**दिल्ली हॉफ मैराथन** | दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला

# कीनिया के मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने रविवार को वेदांत दिल्ली हॉफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रहे।

मटाटा ने रविवार को 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के दूत और नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कार्ल लुईस ने समापन रेखा पर विजेताओं का स्वागत किया। हॉफ मैराथन, ओपन 10के चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सीनियर सिटीजन रन और ग्रेट दिल्ली रन सहित विभिन्न श्रेणियों में 40,000 से अधिक धावकों ने दिल्ली की सड़कों पर दौड़ लगाई । मटाटा ने दौड़ की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए इथोपिया के टेशागर और हमवतन किपकोगी को आसानी से पछाड़ा।



दिल्ली हॉफ मैराथन में पुरुषों की एलीट ओवरऑल श्रेणी की दौड़ में शीर्ष तीन स्थान हासिल करने वाले धावक केन्याई एलेक्स मटाटा (बीच में), इथियोपिया के बोयेलिन टेशगर (दाएं) और उनके पूर्व हमवतन जेम्स की पकोगी। एजेंसी

### भारतीयों में अभिषेक और सीमा विजयी

**नई दिल्ली** : अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही बाजी मारी।